डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
गुरुवार
10.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 02
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
जीवन में कभी आपको किसी चीज से डर लगे, तो आप को उसे अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए, बल्कि उस पर हमला करके उसे समाप्त कर देना चाहिए।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-26 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50




## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना की रखी आधारशिला, बोले

# पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बनेगी योजनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को दुमका के मसलिया एवं रानीश्वर प्रखण्ड के आंशिक भू -भाग में भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने मसलिया - रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का भूमि पूजन करने के साथ इसके मॉडल का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्होने कहा कि मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना सिंचाई के लिहाज से बेहद खास है। यह झारखंड की पहली ऐसी सिंचाई योजना है, जिसमे ना कोई विस्थापन होगा और ना ही कोई डूब क्षेत्र होगा। भूमिगत पाइपलाइन के जरिए 22383 हेक्टेयर खेत में पटवन का पानी पहुंचेगा और फसलें लालहाएंगी।

**पर्यटन को बढ़ावा देने की योजना बनेगी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि मसलिया- रानीश्वर सिंचाई कमांड एरिया को टूरिस्ट हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के मौके मिलेंगे। वहीं, इस इलाके को पर्यटन के लिहाज से अलग पहचान भी मिलेगी।



**मसानजोर डैम से झारखंड को अपेक्षित फायदा नहीं मिला :** मुख्यमंत्री ने कहा कि मसानजोर डैम से दुमका को अपेक्षित फायदा नहीं मिल सका ।इस डैम के निर्माण के दौरान यहां के कई गांव डूब क्षेत्र में आ गए। लोगों को यहां से विस्थापित होना पड़ा, लेकिन उसके एवज में सिंचाई एवं अन्य कार्यों के लिए इस इलाके को जो फायदा मिलना चाहिए था, वह आज तक नहीं मिला। इसका फायदा पड़ोसी राज्य उठा रहे हैं । इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### 1313.25 करोड़ खर्च होंगे, तीन वर्ष में होगा पूरा

- मसलिया-रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के तहत भूमिगत पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना पर 1313.25 करोड़ रुपए खर्च होंगे जबकि निर्माण कार्य तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है।
- दुमका जिले के मसलिया प्रखंड के 204 और रानीश्वर प्रखंड के 72 समेत कुल 276 गांव इस योजना से लाभान्वित होंगे।
- इस परियोजना के चालू होने से 22,383 हेक्टेयर कृषि भूमि में पटवन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसमें मसलिया प्रखंड की 17066 हेक्टेयर और रानीश्वर प्रखंड की 5217 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि शामिल है।
- धान के अतिरिक्त दलहन और तिलहन के साथ रागी, ज्वार -मक्का जैसे फसलों की खेती के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।
- सिद्धेश्वरी नदी पर मुरगुनी गांव के पास एक बराज भी बनेगा। ताकि, पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई योग्य भूमि में पटवन के लिए हमेशा पानी उपलब्ध रहे।
- अगर कभी भारी वर्षा हो और खेतों को उतनी पानी की जरूरत नहीं है तो उस पानी को अगल-बगल के जलाशयों में डाइवर्ट कर भरा जाएगा, ताकि उसका अन्य कार्यों में इस्तेमाल हो सके।

## सीएम ने कहाः भावी पीढ़ी को मजबूत करना लक्ष्य

# पाकुड़ की जनता को जूट उत्पादन परियोजना की मिलेगी सौगात

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकुड़।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पिछली बार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य फोकस बुजुर्गों, दिव्यांगों, विधवा एवं एकल महिलाओं को पेंशन से जोड़ना था। वहीं इस बार 'आपकी योजना-आपकी सरकार- आपके द्वार' कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को मजबूत करना है। इसी के तहत सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से 9 लाख बच्चियों को आच्छादित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ऐसी योजनाएं बना रही हैं जिससे राज्य के होनहार बच्चे उच्चतर शिक्षा एवं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क कर सकें। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सारथी, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जैसी योजनाओं से भी उन्हें लाभान्वित कराने की योजना बनाई जा रही है। वैसे बच्चे जो बड़े कॉलेजों में दाखिला प्राप्त कर लेते हैं, उन्हें 15 लाख तक की सहायता राशि सरकार उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने बुधवार को कृषि उत्पादन बाजार समिति मैदान, पाकुड़ में आयोजित 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं।

**श्रम विभाग के पोर्टल पर कराएं निबंधन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी योजनाएं ग्रामीण व्यवस्था को सुदृढ़ और जन कल्याण हेतु बनाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने सभी मजदूरों, किसानों को श्रम विभाग के पोर्टल पर नामांकन कराने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पोर्टल पर नियोजित मजदूरों के स्वास्थ्य, पेंशन, उनके बच्चों की छात्रवृत्ति, घटना में मृत्यु पर मुआवजा आदि कई लाभ देने का काम किया जा रहा है।

**आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 8 लाख आवेदन आवास के लिए हुए थे प्राप्त :** मुख्यमंत्री ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने ली भारत के 50वें मुख्य न्यायधीश पद की शपथ

**नयी दिल्ली।** न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ ने बुधवार को भारत के 50 वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वरिष्ठतम न्यायाधीश को राष्ट्रपति भवन में मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति मुर्मू ने 17 अक्टूबर को उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायधीश न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया था। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ (धनंजय यशवंत चंद्रचूड.) का जन्म 11 नवंबर 1959 को हुआ था। वह 10 नवंबर 2024 को शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पद लिए निर्धारित 65 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होंगे। भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश यू. यू. ललित ने 11 अक्टूबर को न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को अपना उत्तराधिकारी बनाने की सिफारिश केंद्र सरकार से की थी। शीर्ष अदालत की परंपरा के अनुसार सामान्य परिस्थितियों में वरिष्ठतम न्यायाधीश को मुख्य न्यायाधीश बनाने की परंपरा रही है।

## नगर निकाय चुनाव को लेकर तैयारी अंतिम चरण पर

# 227 बूथ व 16 सहायक बूथों का गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में नगर निकाय चुनाव जो लेकर तैयारी अंतिम चरण में है।मेदिनीनगर नगर निगम के अलावा हुसैनाबाद, छत्तरपुर, हरिहरगंज नगर पंचायत व विश्रामपुर नगर परिषद् के चुनाव को लेकर 227 बूथ व 16 सहायक बूथों का गठन किया गया है।जबकि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में चुनाव कराने के लिए 129 बूथ बनाये गये हैं।विश्रामपुर नगर परिषद् क्षेत्र में 38, छत्तरपुर नगर पंचायत क्षेत्र में 24 हुसैनाबाद नगर पंचायत के लिए 29 और हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में 23 बूथों का गठन किया गया है। विश्रामपुर नगर क्षेत्र में 28 मुख्य बूथ और 10 बूथ बनाये गये हैं। हरिहरगंज नगर पंचायत के लिए 17 बूथ व छह सहायक बूथ का गठन किया गया है।मेदिनीनगर नगर निगम का कार्यकाल अप्रैल 2023 में पूरा हो रहा है। चुनाव को लेकर तैयारी चरण विश्रामपुर नगर परिषद का कार्यकाल 2020 में ही पूरा हो चुका है, जबकि छत्तरपुर नगर पंचायत व हुसैनाबाद नगर पंचायत का कार्यकाल भी अप्रैल 2023 में पूरा हो रहा है। हरिहरगंज नगर पंचायत पहली बार हरिहरगंज में नगर पंचायत गठन के बाद चुनाव नहीं कराया गया है। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत 35 वार्ड हैं, जबकि विश्रामपुर नगर परिषद में 20 वार्ड हैं। हरिहरगंज नगर पंचायत में 16-16 वार्ड 2022 को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के अनुसार जिन व्यक्तियों का मतदाता सूची में नाम होगा, वही वोट डाल पायेंगे।उसी आधार पर मतदाता सूची तैयार की जा रही है।28 अक्तूबर 10 अक्तूबर को नगर निगम व नगर को बूथ का प्रकाशन किया जा चुका है। परिषद के चुनाव को लेकर प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

### चुनाव प्रचार जोरों पर

नगर निकाय चुनाव को लेकर मेदिनीनगर नगर में प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार जोरों पर है। मेयर पद के कई प्रत्याशियों के द्वारा घर-घर जाकर चुनाव प्रचार किया जा रहा है ।अभी तक मेयर प्रत्याशियों में अरुणा शंकर, पूनम सिंह ,मनोज सिंह ,युगल किशोर जैसे प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार प्रतिदिन जोरों पर चल रहा है। वही वार्डो में वार्ड आयुक्त को लेकर भी सभी वार्डों में प्रत्याशियों का जोर शोर से प्रचार किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दूसरी बार ईडी ने भेजा समन, 17 नवंबर को बुलाया

**रांची।** राज्य में एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन से जुड़े मनी लाउंड्रिंग के केस में ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दूसरी बार समन भेजा है। ईडी ने 17 नवंबर की सुबह 11.30 बजे मुख्यमंत्री को ईडी के रांची जोनल आफिस में हाजिर होने को कहा है। मुख्यमंत्री को यह नोटिस पीएमएलए के धारा 50 के तहत किया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक नवंबर को ईडी ने नोटिस भेजा था। नोटिस भेजकर पहली बार उन्हें तीन नवंबर को हाजिर होने को कहा गया था। हालांकि तब छतीसगढ़ में आदिवासी नृत्य महोत्सव में शरीक होने व झारखंड स्थापना दिवस की तैयारी व कार्यक्रम को लेकर तीन हफ्ते का वक्त ईडी से सीएम ने मांगा था।

## कैश कांड के आरोपित अधिवक्ता राजीव कुमार को मिली जमानत

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने कैश कांड के आरोपित अधिवक्ता राजीव कुमार को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। न्यायाधीश एसके द्विवेदी की एकल पीठ ने अधिवक्ता राजीव कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए आज उन्हें एक-एक लाख के दो निजी मुचलके पर जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता राजीव कुमार को बंगाल पुलिस ने पिछले 31 जुलाई को 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में अधिवक्ता राजीव कुमार पर वहां हेयर स्ट्रीट थाने में व्यवसायी अमित अग्रवाल ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। श्री अग्रवाल ने दावा किया था कि उनके विरुद्ध झारखंड उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका मैनेज करने के नाम पर अधिवक्ता ने 10 करोड़ रुपये की मांग की थी। एक करोड़ रुपये पर बात पक्की हुई थी, जिसकी पहली किश्त के रूप में 50 लाख रुपये लेने के लिए वे कोलकाता गए थे, जहां श्री अग्रवाल ने बंगाल पुलिस की मदद से उन्हें गिरफ्तार करवाया था।

## पलामू उपायुक्त ने आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

# गणित शिक्षिका निलंबित कारण बना अनुपस्थित रहना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को चैनपुर के कस्तूरबा गांधी बालिकाआवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वार्डन से यहां रह रहे बच्चियों की जानकारी एवं गार्ड की प्रतिनियुक्त से भी अवगत हुए।

**गणित शिक्षिका को निलंबित करने का दिया निर्देश :** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ए दोड्डे ने छठवीं व नवीं कक्षा के बच्चियों संग संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बच्चियों से देश के प्रधानमंत्री का नाम,राष्ट्रपति का नाम, गणित व भूगोल से संबंधित कई सवाल किये। उन्होंने बच्चियों से खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। इसी क्रम में नौवीं कक्षा की बच्चियों ने उपायुक्त को बताया कि दीपावली के पूर्व से ही गणित की शिक्षिका अनुपस्थित है । जिसके कारण गणित विषय की पढ़ाई बाधित हो रही है। इस पर उपायुक्त ने वार्डन से उक्त विषय पर संवाद करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी को उक्त शिक्षिका को निलंबित करने को निर्देशित किया।

**उपायुक्त ने बच्चियों संग किया संवाद :** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पहुंचे उपायुक्त कभी शिक्षक तो कभी विद्यार्थी की भूमिका में नजर आये। उन्होंने क्लास की बेंच पर बैठकर बच्चियों संग क्लास किया । वहीं बच्चों को साइंस,सोशल साइंस भी पढ़ाया। उन्होंने वार्डन को बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने हेतु निर्देशित किया। मौके पर उपायुक्त के अलावा जिला शिक्षा पदाधिकारी,वॉर्डन, शिक्षिका समेत अन्य उपस्थित रहे।

# पुलिस पर पथराव व जमादार पर जानलेवा हमला मामले में 47 गिरफ्तार

## उपद्रवियों को छोड़ा नहीं जाएगा : एसपी

- दो नाबालिग को भेजा गया बाल सुधार गृह
- 100 नामजद व ढ़ाई सौ अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के सिनपुर गांव में जमादार (एएसआई) शशिकांत ठाकुर जानलेवा हमला करने और बचाव के लिए पहुंची पुलिस टीम पर पथराव करने के मामले में पुलिस ने करीब एक सौ नामजद और ढाई सौ अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। करीब 47 नामजद उपद्रवियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं दो नाबालिग को बाल सुधार गृह भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार एफआईआर में पुलिस बल पर हमला, पुलिस कर्मी का अपहरण, सरकारी काम में रूकावट सहित विभिन्न धाराएं लगायी गयी हैं। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने बुधवार को सदर अस्पताल पहुंचकर घायल पुलिस कर्मियों के स्वास्थ संबंधी जानकारी ली और एसडीपीओ अविनाश कुमार व सीएस डॉ. एसपी सिंह को बेहतर इलाज को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही गंभीर रुप से घायल एएसआई शशिकांत ठाकुर को हजारीबाग रेफर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# देश मनमोहन सिंह का ऋणी : गडकरी

## उनके शुरू किये गये आर्थिक सुधारों से भारत को एक नई दिशा मिली

**-आरएनएम**



**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 'टीओओएल पुरस्कार 2022' समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 1991 में तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह द्वारा शुरू किए गए आर्थिक सुधारों ने भारत को एक नई दिशा दिखाने का काम किया। इसके लिए 'देश मनमोहन सिंह का ऋणी' है। गडकरी ने पोर्टल 'टैक्स इंडिया ऑनलाइन' की तरफ से आयोजित इस कार्यक्रम में कहा, "उदार अर्थव्यवस्था के कारण देश को नई दिशा मिली।" गडकरी ने मनमोहन की नीतियों से नब्बे के दशक में महाराष्ट्र की सड़कों के लिए पैसे जुटाने में मिली मदद के बारे में बताते हुए कहा कि मनमोहन सिंह की तरफ से शुरू किए गए आर्थिक सुधारों की वजह से वह महाराष्ट्र का मंत्री रहने के दौरान इन सड़क परियोजनाओं के लिए धन जुटा पाए थे। गडकरी ने कहा कि भारत को एक उदार आर्थिक नीति की जरूरत है जिसमें गरीबों को भी लाभ पहुंचाने की मंशा हो। उन्होंने कहा कि उदार आर्थिक नीति किसानों एवं गरीबों के लिए है। उन्होंने उदार आर्थिक नीति के माध्यम से देश का विकास करने में चीन को एक अच्छा उदाहरण बताया। गडकरी ने भारत के परिप्रेक्ष्य में कहा कि आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए देश को अधिक पूंजीगत निवेश की जरूरत होगी। 'उन्होंने अपने मंत्रालय की तरफ से देशभर में किए जा रहे 26 एक्सप्रेसवे के निर्माण के संदर्भ में कहा कि इसमें उन्हें पैसे की कमी का सामना नहीं करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) राजमार्गों के निर्माण के लिए आम आदमी से भी पैसे जुटा रहा है। गडकरी के मुताबिक, 2024 के अंत तक एनएचएआई का टोल से मिलने वाला राजस्व बढ़कर 1.40 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा ,जो फिलहाल 40,000 करोड़ रुपये वार्षिक के लगभग है।इस तरह इससे विकास की बड़ी संभावना भी है।

# झारखंड की शान 'महेन्द्र सिंह धोनी' ने दिया 17 करोड़ का एडवांस टैक्स

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और झारखंड के रहने वाले महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर टॉप करदाता बन गए हैं। वे हमेशा एक अच्छे करदाता की भी भूमिका निभाते रहे हैं। इस बार भी धोनी ने पहले ही 17 करोड़ का एडवांस टैक्स चुकता कर देश-दुनिया में चर्चा का विषय बन गये हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद भी क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी कारोबार की दुनिया में कामयाबी की नई सीढ़ियां चढ़ रहे हैं। वे एक बार फिर झारखंड के सबसे बड़े टैक्सपेयर बन गए हैं। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष में 17 करोड़ का एडवांस टैक्स जमा किया है। पिछले साल धोनी ने किया था 13 करोड़ रुपये का एडवांस टैक्स जमा किया था। पिछले साल की तुलना में इस बार चार करोड़ ज्यादा एडवांस टैक्स जमा किया है। इस वजह से अनुमान लगाया जा रहा है कि धोनी की आय में पिछली साल की तुलना में 30 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। महेंद्री सिंह धोनी ने इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने से पहले झारखंड के लिए भी क्रिकेट खेला था। वे 2015 और 2017 में वापस टीम में आए और विजय हजारे ट्रॉफी में टीम की कप्तानी भी की थी। धोनी ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# विधवा महिला के साथ युवक ने किया दुष्कर्म, मामला दर्ज

## आरोपी फेसबुक से मोबाइल नंबर निकाल कर बनायी थी नजदीकी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दो बच्चों की मां विधवा महिला (38) वर्ष के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित महिला ने देवरी ओपी में लिखित आवेदन देकर एक युवक पर दुष्कर्म करने से संबंधित प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में विधवा ने बताया है की मेरे पति की मृत्यु कुछ वर्ष पूर्व एक दुर्घटना में हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद जनवितरण प्रणाली की दुकान चला कर अपने दो बच्चे की परवरिश करती हूं। इसी दौरान गढ़वा जिला के मझिआंव थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी दीपक दुबे मेरे फेसबुक से मेरा मोबाइल नंबर 81027 92967 निकालकर अपने मोबाइल नंबर-8709791145 से फोन कर मुझसे संपर्क बनाने लगा। मैं विगत 19 अक्टूबर को जपला ग्रामीण बैंक से आनाज के परमिट बनाने के लिए एक लाख रुपए निकालने आयी थी। रुपये निकालने के बाद जब मैं घर वापस गई, तो इसी बीच वह मेरे घर पर आ गया और मुझसे रुपये की मांग करने लगा। उस वक़्त मेरे घर पर कोई सदस्य नहीं थे। उसने मेरे कमर में पिस्टल सटाकर पैसा छीन लिया और जबरन मेरे साथ दुष्कर्म किया और कहा कि तुम मुझसे शादी कर लो,नहीं तो तुम्हारी अश्लील वीडियो वायरल कर दूंगा। अगर बात नहीं मानी तो तुम्हारे बच्चों को मार डालेंगे। इस संबंध में देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने बताया कि पीड़िता के लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। और महिला को 164 के ब्यान और मेडिकल जांच के लिए बुधवार को मेदिनीनगर भेज दिया गया है।

# आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवादाता**

**सतबरवा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को पंचायत घुटूआ सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिप सदस्य सुधा कुमारी ,मुखिया मनिता देवी , झामुमो प्रखंड अध्यक्ष श्रवण प्रसाद व बीडीओ ने संयुक्त रूप से धोती ,साडी, कंबल का वितरण किया गया। जेएमएम सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार ने कहा कि आपकी समस्याओं के समाधान के लिए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरा सरकारी विधि व्यवस्था को आपके द्वार तक पहुंचा दिया है। समस्याओं को कार्यक्रम में आकर रजिस्टर्ड करवाएं ,निश्चित तौर पर आपकी समस्याओं का समाधान होगा। इस शिविर में पेंशन, आधार, राशन कार्ड, मनरेगा,शिक्षा, पशुपालन, जेएसएलपीएस, कृषि लोन, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग समेत कई विभाग के स्टॉल लगाये गये। जहां शिविर में आए सैकड़ों लोगों ने अपना आवेदन जमा करवाया। जिसमें पीडीएस का फॉर्म , गाय शेड, सावित्रीबाई फुले योजना , पेंशन , राशनकार्ड, आधार कार्ड बनाया गया और आवेदन जमा किये गये। इस शिविर में बीएओ श्याम नारायण, संजय यादव, मोहम्मद अदनान ,पंसस लक्ष्मी देवी, वार्ड सदस्य वीरेंद्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## न्यूज गैलरी

### शराब के सेवन से विकास होता है बाधित : अशोक

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के ग्राम डेवडर बिंदुआ में शराब बंदी को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। मिली जानकारी के अनुसार डेवडर बिंदुआ में शराब पी कर आए दिन घरेलू झगड़े होते रहते हैं। वहीं बाहरी लोग भी गाँव में शराब पी कर हर रोज नौटंकी करते है। जिससे परेशान ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह से किया। जिसको तत्काल संज्ञान में लेते हुए अशोक सिंह ने बुधवार को ग्रामीणों की बैठक करवाये। बैठक के संबोधन मे अशोक सिंह ने कहा कि शराब की वजह से विकास बाधित होता है। वहीं आने वाले समय में गांव का भविष्य अंधकार मय होता जायेगा। बैठक में निर्णय लिया गया की गांव में यदि कोई व्यक्ति दारू बनाते या पीते हुए पकड़े जायेंगे, तो उसपर करवाई किया जायेगा। बैठक के बाद अशोक सिंह समस्त ग्रामीणों के साथ ग्राम का भ्रमण करते हुए सभी को डोर टू डोर चेताया की। आज के बाद किसी के घर में शराब नहीं बनना चाहिए और ना ही कोई शराब पियेगा। शराब बनाते बेचते या पीते हुए पकड़े जाने पर करवाई किया जायेगा। मौके पर अरुण सिंह, अकलेश सिंह, सुदामा राम, दुर्गेश राम, असगर अली, बिठल राम, संतोष राम, बिनोद राम, बेसाहू राम, नंदू चंद्रवंशी, एस कुमार यादव, जितेंद्र यादव, के साथ सेकडों की संख्या में ग्रामीणों उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में मेडिकल संचालक घायल

**विश्रामपुर।** बी–मोड़ एनएच 75 पर बुधवार को हुए सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया है। घायल व्यक्ति की पहचान उदय सिंह के रूप में हुई है। जो पिपरा गांव के रहने वाले बताए जा रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,उदय सिंह,सत्यम मेडिकल हॉल विश्रामपुर के प्रोपराइटर हैं जो अपने मेडिकल से बाइक द्वारा अपने घर जाने के क्रम में बरवाडीह मुख्य पथ पर अनियंत्रित होकर गिर पड़े। जिसे स्थानीय लोगों ने आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर में लाकर भर्ती कराया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। मौके पर रणधीर,मनीष बघेल,समाजसेवी बबलू डिश,संतोष चंद्रवंशी,आदित्य पाल ड्रेसर,सुमन चंद्रवंशी, कुकू चौधरी,नदीम सरवर सहित कई लोग मौजूद थे।

### राजद युवा मोर्चा ने मनाया तेजस्वी यादव का जन्म दिन

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा ने बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं राजद नेता तेजस्वी यादव का जन्मदिन मनाया। बुधवार को हुसैनाबाद के पूर्व विधायक और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के आवास पर युवा नेता रवि कुमार यादव के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने केक काटा और एक दूसरे को मिठाई खिलाया। मौके पर रवि यादव ने कहा कि तेजस्वी यादव केवल बिहार के नही बल्कि देश के युवाओं के प्रेरणा हैं तथा राजद के गरीब दलित अकलियत समाज के लिए लड़ने वाले युवा नेता हैं । हमलोग उनके जन्मदिन पर ईश्वर से कामना करते है कि वे स्वस्थ और दीघार्यु बने । जिससे सामाजिक न्याय की झंडा कभी झुकने नही पाये। मौके पर छात्र राजद विधानसभा अध्यक्ष राणा प्रताप यादव ,प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, मुखिया पति विमलेश पासवान, रामलखन यादव, मनोज राम, गौतम यादव, दीपक, अजित ,सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जनसमस्याओं व घूसखोरी को लेकर विकास मंच ने दिया धरना, सौपा मांग पत्र

**छतरपुर।** विकास मंच के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन के नेतृत्व में एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन नगर के पूर्व और भावी प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने किया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में नगरवासी महिला पुरुष और युवा मौजूद रहें। धरना में जितेंद्र राम, कर्मदेव पासवान, कन्हाई गुप्ता, संतोष गुप्ता, प्रेम ठाकुर, हुसैनी प्रजापति, बिक्कू, नागेंद्र राम, अमित यादव, लालती रानी, रूपा देवी, फुदन देवी, कमला देवी, कलावती देवी, राजकुमारी देवी और अरुण ठाकुर सहित कई लोगों ने एकस्वर से नगर में व्याप्त भ्रष्टाचार का विरोध किया और नगर पंचायत को सुधर जाने की चेतावनी दी। मौके पर अरविंद गुप्ता ने कहा कि नगर की हालत अत्यंत दयनीय है। लोग बेहद परेशान हैं। चुने हुए लोगों ने नगर को भगवान भरोसे छोड़ दिया है । यही कारण है कि करोड़ो खर्च होने के बावजुद नगर का हाल बेहाल है। अरविंद ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो नगर कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा।। मौके पर मौजूद अभिभावकों को और महिलाओं को माल्यार्पण कर स्वागत भी किया गया। मौके पर लालती रानी, रूपा देवी, फुदन देवी, कमला देवी, राजकुमारी देवी, कलावती देवी, ललिता देवी, रीता देवी, पार्वती देवी, हरिश्चंद्र प्रजापति, रमेश प्रजापति, जयकुश प्रजापति, अंकित पांडे, रिशु कुमार, विशाल कुमार, अमित ठाकुर, अरबिंद विश्वकर्मा, मोनु गुप्ता, विकाश कुमार (बिकु), बाला रवानी, शशिकांत सुमन, अभिषेक (छोटू), पीयूष मिश्रा, गोलू कुमार सुनील यादव सहित सैकड़ों लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# रूदिडीह में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को पाटन के रुदिडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, अंचलाधिकारी लालबाबू प्रमुख शोभा देवी व मुखिया मधुबाला देवी, पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि नंद यादव के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। मौके पर बीडीओ ने उपस्थित ग्रामीणों के बीच शिविर में लगे स्टॉल के बारे में जानकारी दी व सरकार के जन उपयोगी योजनाओ के बारे में बताया। शिविर में आये आवेदन का निष्पादन किया गया। पेंशन ,पशुपालन, कल्याण विभाग में ,पीडीएस ,श्रम विभाग, आवास योजना मे आवेदन प्राप्त हुए। प्रमोद प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल आवाजों के द्वारा वृद्धा पेंशन की स्वीकृति पत्र, धोती साड़ी एवं कंबल का वितरण किया। वही सखी मंडल के दीदियों को 16 लाख का ऋण दिया गया । शिविर में जॉबकार्ड ऑनस्पॉट बनाया गया। मौके पर समाजसेवी शक्ति गुप्ता, पिंकी विश्वकर्मा, रोजगार सेवक मौजूद थे।

# बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन स्थित अनुमंडल कार्यालय के समीप 3.50 करोड़ रुपए की लागत से नगर विकास एवं आवास विभाग योजना से बनने वाले बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। बुधवार को यह शिलान्यास नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी , वार्ड-तीन के पार्षद राजेन्द्र पाल ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि उक्त बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन बनने से शहर वासियों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इसका निर्माण कार्य होने से सिटी के बेरोजगार नौजवानों को दुकान भी आवंटित किया जाएगा। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र को विकसित, स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में प्राथमिकता के साथ योजनाओं का चयन कर विकास कार्य किया जा रहा है, ताकि लोगों को रोजगार के साथ -साथ क्षेत्र का विकास हो सकें। वहीं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि हुसैनाबाद में पिछले पांच सालों में प्राथमिकता के आधार पर एक-एक विकास कार्य को किया गया है। इस बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य के होने से आम-आवाम को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही शहर विकास की ओर अग्रसर होगा। मौके पर वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल ने कहा कि शहर के समुचित विकास के लिए हम सभी नगर पंचायत प्रतिनिधि एकजुटता के साथ विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने कार्य किया है। मौके पर मुख्य रूप से राज अली, अखिलेश यादव, सूर्यनाथ पासवान,मो. सुहैल आलम, रणविजय सिंह,राजकुमार कश्यप,संतोष कुमार, छोटू सिंह, अनूप सिंह, मिंटू सिंह, राजेश कर्ण, राजेश मालाकार, अजगर खान, सिब्तेन समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# कंडा पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार संवादाता ।** प्रखंड के कंडा में बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा, अंचलाधिकारी राकेश श्रीवास्तव, मुखिया नरेंद्र कुमार सिंह, उप प्रमुख मीर खुर्शीद आलम, भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव, पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। आयोजित कार्यक्रम में सभी विभाग के स्टाल लगाए गए। जहां उनकी जरूरतों के अनुरूप ऑन स्पॉट कार्य किए गए। शिविर में मुख्य अतिथि सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा ने कहा कि मनरेगा, खाद्य आपूर्ति,विद्युत विभाग, कृषि विभाग ,पशुपालन ,मत्स्य विभाग ,आधार पंजीकरण, पेंशन, स्वास्थ, बाल विकास परियोजना, आवास, गाय शेड, बकरी शेड, सावित्रीबाई फुले द्वारा किशोरियों को समृद्धि योजना सहित अन्य 16 विभागों का स्टॉल लगाया गया है। जहां लाभुकों को ऑनस्पॉट लाभ दिया जा रहा है। लाभुक जरूरत के मुताबिक स्टॉल पर पंजीकरण कराकर लाभ ले सकते हैं। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया नरेंद्र कुमार सिंह व संचालन रोजगार सेवक विकास पांडेय ने किया। मौके पर मुखिया नरेन्द्र सिंह ने कहा कि पंचायत के लाभुकों को लाभ देने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन कर महत्वकांक्षी योजना का लाभ जरुरतमंद को दिया जा रहा है। सरकार के द्वारा आवंटित कंबल पर्याप्त नहीं ही। अवशेष लोगों को स्वयं खरीद कर कंबल दिया जायेगा। पंचायत के जरूरतमंद लोग कंबल से वंचित नहीं रहेंगे। कार्यक्रम में पंचायत सेवक शिव कुमार यादव, पटेल दुबे ,जगदीश सिंह , गिरजा शंकर राम, बीपीओ आशीष कुमार, वार्ड सदस्य किरण देवी, सुधीर कुमार पासवान , सुशील कुमार, शैलेश कुमार सहित प्रखंड कर्मी सहित कई लोग मौजूद थे।

# समाजसेवी ने नल जल योजना की पाइप व सड़क की मरम्मत करायी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** समाजसेवी सह हरिहरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी उम्मीदवार अतहर हुसैन ने निजी खर्च से अंसारी बिगहा में नल-जल योजना की खराब पड़े पाइप तथा सड़क की मरम्मत करायी। मालूम हो कि अंसारी बिगहा में जगह-जगह नल-जल योजना का पाइप खराब हो चुका था। जिससे लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा था। साथ ही नल का पानी रास्ता पर वह रहा था। जिससे सड़क भी टूट गयी थी। इसे देख ग्रामीणों ने समाजसेवी अतहर हुसैन को समस्या से अवगत कराया। जिससे तत्काल उन्होंने निजी खर्च से 250 फीट पाइप बदला साथ ही सड़क की मरम्मत करायी। उनके इस कार्य पर ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया है। आभार प्रकट करने वालों में हसमत आलम, मोहम्मद शाकिर, मोहम्मद निजामउद्दीन, मोहम्मद हसन, मोहम्मद एहतेशाम, मोहम्मद दानिश, रजा मोहम्मद, दिलकेस रजा, मोहम्मद इमामुद्दीन, मोहम्मद मुजबुल्लाह आदि का नाम शामिल है।


**कार्यालयः– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा**
**वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा**
E-mail ID: -scolohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के राज्यादेश संख्या–37, दिनांक 20.10.2022 द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में मृदा एवं जल संरक्षण योजनान्तर्गत बंजर भूमि/राईस फेलो विकास उपयोजना अन्तर्गत विशेष सिचाई सुविधा अन्तर्गत एक एकड़ से अधिक एवं पांच एकड से कम जल क्षेत्र वाले सरकारी/निजी तालाब, जिनका सार्वजनिक उपयोग किया जा रहा है, का मशीन द्वारा जीर्णोद्वार/गहरीकरण का कार्य कराया जाना है, लोहरदगा जिले में कुल निर्धारित लक्ष्य 70 एवं जलनिधि उपयोजना अन्तर्गत विभिन्न स्त्रोतों से सिचाई की समुचित व्यवस्था हेतु परकोलेशन टैंक का निर्माण एवं डीप बोरिंग का कार्य कराया जाना है, जिले में कुल निर्धारित लक्ष्य परकोलेशन टैंक–106 डीप बोरिंग 27 है, जिसका विवरणी निम्न है:–

| क0 | योजना का नाम | जिले का कुल निर्धारित लक्ष्य | अभियुक्त |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | सरकारी तालाब जीर्णोद्वार | 35 | |
| 2 | निजी तालाब जीर्णोद्वार | 35 | |
| 3 | परकोलेशन टैंक | 106 | |
| 4 | डीप बोरिंग | 27 | |

सरकारी/निजी तालाबों के चयन के लिए निम्नांकित मापदण्डों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायगा।

1. तालाब का रकबा न्यूनतम एक एकड़ से अधिक एवं पांच एकड़ से कम होना चाहिए।
2. ग्राम सभा के द्वारा योजना पारित होना चाहिए।
3. माननीय स्थानीय विधायक का अनुशंसा होना चाहिए। (परकोलेशन टैंक एवं डीप बोरिंग हेतु त्रिस्तरीय अनुशंसा मान्य होगी, मा० विधायक अनुशंसा को प्राथमिकता दी जाएगी।
4. योजना का खाता स० प्लॉट स० रकबा संबंधित भूमि प्रतिवेदन अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत होना चाहिए।
5. सरकारी/निजी तालाब जीर्णोद्वार हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा संबंधित तालाब में विगत पाँच वर्षों में किसी भी सरकारी विभाग द्वारा कार्य नहीं कराये जाने संबंधित प्रमाण पत्र/प्रतिवेदन निर्गत होना चाहिए।
6. गाँव के नक्शा में योजना स्थल का ट्रेस पेपर में चिन्हित नक्शा संलग्न करना होगा।
7. परकोलेशन टैंक/डीप बोरिंग हेतु कमांक पाँच को छोड़कर शेष कण्डिकाएँ यथावत रहेगी।

नोटः– योजना का क्रियान्वयन पानी पंचायत समिति द्वारा किया जाएगा। योजना के प्राक्कलन का 90 प्रतिशत सरकारी अनुदान एवं 10 प्रतिशत पानी पंचागत समिति द्वारा वहन किया जाएगा, अन्य भार्ते राज्यादेश संख्या–37, दिनांक 20.10.2022 मान्य होगा।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 281806 Lohardaga(22-23)#D


# भंडार पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार ।** झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के तीन वर्ष का कार्यकाल पुरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही अति महत्वकांक्षी योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन भंडार मध्य विद्यालय के प्रांगण में आयोजित की गई। जहां विश्रामपुर प्रखंड की समुचित जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान भी किया गया।। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए मुखिया आरती देवी के द्वारा हर संभव सार्थक प्रयास किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत हेंब्रम, मुखिया आरती देवी उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह 20 सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । आयोजित शिविर में झारखंड खाद्य सुरक्षा अधिनियम, समाजिक सुरक्षा, पेयजल, आजिविका, सेवा का गारंटी अधिनियम, वन अधिकार, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि, ई श्रम पोर्टल, छात्रवृति, भूमी सुधार, आवास, उर्जा, शहरी स्थानीय निकाय विभाग शामिल थे। मौके पर बीडीओ प्रशांत हेंब्रम ने कहा कि लोगों की सुविधा का ख्याल रखते हुए सभी विभाग का स्टॉल अलग-अलग लगाए गए हैं। जहां राज्य सरकार की ओर से चलाई जाने वाली सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उनकी जरूरतों के अनुरूप ऑन स्पॉट कार्य का निष्पादन भी की जा रही है। मुखिया आरती देवी ने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन में स्थानीय लोगों का भी भरपूर सहयोग मिला है। वैसे लोग जो किसी कारण आयोजित कार्यक्रम में शामिल ना हो सके, उनका कार्य भी संपादित होगा। पंचायत सचिवालय में आकर सभी अपनी जरूरतों को रखेंगे। शिविर में विभिन्न समस्याओं को समाधान किया गया। जिसमें गरीब, असहाय, विकलांग, विधवा व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल, का वितरण जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गयश। वही शिविर मैं मुखिया प्रतिनिधि शेष पासवान सभी वार्ड सदस्य उप मुखिया पंचायत समिति प्रेम लाल पासवान हजारों की संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज**

**अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 02 /2022–23 (2nd Call)**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–17.11.2022 को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक– 18.11.2022 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक– 18.11-2022 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :– (1) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची। (2) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। (3) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कुटमु मोड़ से हुसैनाबाद सिमाना भाया उँटारी पथ (19.62 कि0मी0) में फूल एवं हॉफ गैन्ट्री एवं रोड सैफ्टी कार्य | 50.00 | 1,00,000.00 | 5,000.00 | 02 माह |

नोटः– (1) अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना www.prdjharkhand.in एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 281763 Road (22-23)_D



**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग, मुख्य अभियंता का कार्यालय**
**102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 97/2022-23/RWD/CHATRA    दिनांक :- 09.11.2022

मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | |
| 1. | RWD/ CHATRA/05/ 2022-23 | पी0डब्लू0डी0 पथ से बैलगढ़ा मानत नदी तक पथ निर्माण कार्य (लं– 3.300 कि0मी0) | 2,98,07,500.00 | दो करोड़ अनठानवे लाख सात हजार पाँच सौ रू0 मात्र | 15 माह |
| 2. | RWD/ CHATRA/06/ 2022-23 | पी0डब्लू0डी0 पथ करमा मोड़ से फुलवरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण एवं मजबतीकरण कार्य (लं– 2.550 कि0मी0) | 1,45,05,400.00 | एक करोड़ पैंतालीस लाख पाँच हजार चार सौ रू0 मात्र | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– **21.11.2022**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– **02.12.2022** अपराह्न 5.00 बजे।
4. **(क)** मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, राँची अथवा **(ख)** जिला नियंत्रण कक्ष, **राँची** अथवा **(ग)** जिला नियंत्रण कक्ष, **चतरा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– **06.12.2022** पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– **07.12.2022** पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, 102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, राँची, झारखण्ड, पिन– 834001
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2207818
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, **चतरा** के पक्ष में एवं **चतरा** में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 281770 Rural Work Department(22-23)#D

## न्यूज गैलरी

### आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार शिविर में आए कुल 10607 आवेदन

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत ग्रामीण के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार  को जिले के 17 पंचायतों में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में कुल 10607 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 874 का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि समेत

**अन्य योजनाओं से किया गया लाभान्वित** : आपकी योजना ,आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में अलग-अलग प्रखंडों में अलग-अलग योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये गये। इस दौरान किसी लाभुक को कंबल वितरण,तो किसी वृद्ध का पेंशन स्वीकृति,किसी को जॉब कार्ड,बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत चेक प्रदान किया गया। इसी तरह अन्य लाभुकों को अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इन स्थानों पर गुरुवार को आयोजित होगा कार्यक्रम : आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 10 नवंबर को हुसैनाबाद के कुर्मीपुर,छत्तरपुर के मड़वा,चैनपुर के भड़गांवा,पाटन के कसवाखाड़ तथा पांकी के नुरू पंचायत में शिविर लगाया जायेगा। यह शिविर स्थानीय पंचायत भवन में लगाया जायेगा।

### सिलेंडर में गैस कम होने का लगाया आरोप

**मेदिनीनगर।** शहर के गैस एजेंसी के द्वारा टेंपो  से गैस घर घर पहुंचाया जा रहा है। लोग ऐसे गैस बेचने वाले से सावधान रहें, क्योंकि इनके सिलेंडर में गैस कम होता है। मुझे एक व्यक्ति ने बुधवार को बताया कि मैने भारत गैस सिलेंडर का टंकी टेंपो से सप्लाई करने वाले से खरीदा था। जब मैने टंकी का वजन कराया तो उसमें एक से डेढ़ केजी गैस कम निकला । गैस रिफिल में जो पैकिंग लगाया गया था, वह भी फॉल्स पैकिंग था। ऐसे ही हाथ से निकालने पर वह पैकिंग निकल गया। आजकल घर-घर गैस सिलेंडर पहुंचाने वाले टेंपो चालक पैसे बचाने के चक्कर में टंकी में कम गैस भर कर लोगों को दे रहे हैं। ठगे गए व्यक्ति ने बताया कि एक तो ऐसे ही गैस का दाम बढ़ा हुआ है । जिसके कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस बीच यदि लोगों को गैस कम मिलेगा तो और भी स्थिति नाजुक हो सकती है। उस व्यक्ति ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि यदि आप घर में गैस सिलेंडर की टंकी ले रहे हैं तो उसे अवश्य जांच लें और टंकी का सील पैक देखकर ही खरीदें।

### नीट की तैयारी कर रहे 22 छात्रों के बीच किया गया टैबलेट का वितरण

**मेदिनीनगर।** जिले की उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज ने नीट की तैयारी कर रहे जिले के 22 मेधावी विद्यार्थियों के बीच टैबलेट वितरण किया। विद्यार्थियों को ये टैबलेट्स बायजूस,नीति आयोग व जिला प्रशासन की संयुक्त पहल से दिया गया। मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि नीति आयोग के कोलैबोरेशन के साथ बायजूस की ये अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि देश के आकांक्षी जिलों में छात्रों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिये नीति आयोग ने बायजूस के साथ भागीदारी की है। इनका चयन जिला स्तरीय परीक्षा के माध्यम से किया गया है। उन्होंने कहा कि जो बच्चे गरीब वर्ग से आते हैं वैसे बच्चों को ये पहल से सहूलियत होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की । उन्होंने कहा कि आज का पढ़ाई आपको भविष्य में हर कदम पर काम आयेगा। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी,एपीओ अशोक रजक,विद्यार्थियों के गार्जियन,स्कूलों के प्रिंसिपल व बायजूस की प्रोजेक्ट मैनेजर पूर्णिमा पांडे उपस्थित रही।

### प्रो. मैनेजर पांडे को प्रगतिशील लेखक संघ ने दी श्रद्धांजलि

**मेदिनीनगर।** आलोचना एक ऐसी विद्या है जो सृजनकताओं को हतोत्साहित भी करता है और उत्साह वर्धन भी करता है। मैनेजर पांडे की आलोचना लेखकों और कवियों को और भी लिखने के लिए प्रेरित करता रहा और उनकी सृजनात्मकता को एक दिशा प्रदान की। मैनेजर पांडे एक ऐसे आलोचक थे । जिन्होंने भक्ति काल और रीतिकाल के साहित्य में भी चेतना के तत्व ढूंढ निकाले। उन्होंने जिन साहित्य की रचना की है । उनमें प्रमुख शब्द और कर्म, साहित्य और इतिहास दृष्टि, मैं भी अपने मुंह में जबान रखता हूं। उक्त बातें प्रोफेसर मैनेजर पांडेय के निधन पर इप्टा, प्रगतिशील लेखक संघ और जसम की पलामू इकाई द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान पंकज श्रीवास्तव, केडी सिंह, नंदलाल सिंह, शब्बीर अहमद, प्रसिद्ध राम, लल्लन प्रजापति, श्याम नारायण सिंह ने कहा और श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रेड़मा स्थित इप्टा कार्यालय में किया गया। सभा की अध्यक्षता प्रगतिशील लेखक संघ के अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव एवं संचालन इप्टा के रंगकर्मी प्रेम प्रकाश ने की। कार्यक्रम के अंत में इप्टा के जिला सचिव रविशंकर ने प्रोफेसर मैनेजर पांडे के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी साथियों को 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आग्रह किया। उपस्थित तमाम लोगों ने खड़े होकर प्रोफेसर मैनेजर पांडे के प्रति मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।

### स्व. अनिल चौरसिया फुटबॉल टूर्नामेंट 17 से प्रारंभ

**मेदिनीनगर।** स्थानीय ग्राम लोकेया के खेल मैदान में स्व. अनिल चौरसिया अतंर राज्यस्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट मैंच का आयोजन 17 नवम्बर से 23 नवम्बर तक किया जा रहा है। जिसमें भंडरिया,धनबाद,रांची, गुमला, बोकारो, सोनभद्र रोहतास, रामानुजगंज एवं पलामू की फुटबॉल टीम भाग ले रही है। जिसका  उद्घाटन 17 नवम्बर को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के द्वारा क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में 02 बजे दिन में किया जायेगा। यह जानकारी विधायक आलोक चौरसिया ने प्रेसवार्ता  कर दी है।

### झालसा गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य कर रहा है: संतोष

**मेदिनीनगर।** झालसा गरीबों के चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य कर रहा है। योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक मिल रहा है। उक्त बातें पैनल अधिवक्ता संतोष कुमार पाण्डेय ने कही। वे बुधवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में लीगल सर्विसेज डे के अवसर पर आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नालसा के दिशा निर्देश व झालसा के तत्वावधान में हक हमारा भी तो है @75 के तहत अभियान की शुरूआत की गई हैं। जिसके तहत कारा में बंद बन्दियों का प्रपत्र भरा जा रहा है। मौके पर अधिवक्ता सचिन्द्र कुमार पांडेय ने कहा कि न्याय पाने में गरीबी अब बाधक नही बनेगा। गरीब लाचार लोगों के लिए डालसा है। उन्होंने कहा कि पैनल अधिवक्ता गरीब वंचित लोग के लिए काम कर रहे हैं।

# महागंगा आरती सह देव दीपावली का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर महागंगा आरती समिति ने कोयल नदी के तट पर महा गंगा आरती का आयोजन किया। जिसमें पलामू के कोने-कोने से आए हुए भक्तों ने भाग लिया एवं साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में आयोजन समिति ने 21000 दिपों से शहर के तमाम धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के माध्यम से दीये सजवा रखे थे एवं नदी के किनारे अलग-अलग नामों से तोरण द्वार भी बनाए गए थे। लाइटिंग एवं साज-सज्जा की पूरी व्यवस्था के साथ चाक-चौबंद तरीके से आयोजन किया गया । मानो वाराणसी स्वयं उठकर स्थानीय कोयल नदी के पावन तट पर पहुंच गया था। स्थानीय नगर पुरोहितो ने भी इस आयोजन में पूरा साथ दिया । वही सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से आयोजन समिति ने कार्यक्रम का आयोजन भी किया। जिसमें वाराणसी से आए हुए कलाकारों ने राधे कृष्ण एवं अन्य भक्ति गीतों पर अलग-अलग तरीके से झांकियां प्रस्तुत की। उक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में शहर के जाने-माने गायक पंकज निराला के साथ राजा सिन्हा भूपेश कुमार आदि ने सहयोग किया। महागंगा आरती के अवसर पर वाराणसी से पुजारियों की टीम आई थी। जिसका संचालन पुजारी रवि दीक्षित कर रहे थे। कार्यक्रम के आयोजक राष्ट्रवादी अविनाश कुमार राजा ने बताया कि उम्मीद से बढ़कर कार्यक्रम की शोभा में तमाम शहर वासियों ने सहयोग किया एवं प्रत्येक वर्ष यह उम्मीद बनी रहेगी। कार्यक्रम के संचालन मंडल में विशाल कुमार शुभम गुप्ता एवं विक्रांत सिंघानिया ने अलग अलग तरीके से मोर्चा संभाल रखा था। उधर नई संस्कृति सोसायटी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा दीप प्रज्वलन की सुचारु व्यवस्था बनी रहे इसका ध्यान रखा था। कार्यक्रम के अंत में प्रसिद्ध समाजसेवी रामनरेश स्वर्णकार ने भक्ति गीत गाकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम के सफल संचालन में राहुल कुमार ,आकाश कुमार ,सोनू कुमार आर्यन कुमार ,कृष्णा कुमार, बिट्टू वर्मा, आयुष कुमार मोहित कुमार ,विशाल कुमार ,आदर्श कुमार, अनिल बाबा रवि शुक्ला, नवीन कुमार, मनोहर कुमार लाली ,पंकज कुमार, डॉ आदित्य, अनीश कुमार, सुभाष कुमार, मोहित कुमार, राजेश कुमार ,गोरख पाण्डेय, पंकज जायसवाल,साकेत कुमार विवेक कुमार एवं शहर के विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सहयोग प्रदान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्पार्क डांस एकेडमी एवं रामगढ़ के कलाकारों ने भी अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में नई संस्कृति सोसायटी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर रहे सभी संगठनों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शालिनी श्रीवास्तव ने किया।

## एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर शहर के छह मुहान चौक के पास ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया । वही वाहन चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक प्रभारी के द्वारा सभी दो पहिया वाहन चालकों को पकड़ कर उनके कागजात की जांच की । जांच के उपरांत जिस वाहन का कागजात सही नहीं पाया गया उसे फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा दिया गया । वही वाहन चेकिंग के दौरान ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं। लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए बिना कागजात और हेलमेट के वाहन चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान जितने भी वाहन पकड़े गए हैं सभी को चालान के लिए डीटीओ  ऑफिस भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पहले दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता था कि अगले बार से लोग हेलमेट पहनकर बाइक चलायेंगे। परंतु लोग समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में ट्रिपल लोडिंग और बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जायेगा।

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर निकाला वॉकथॉन

## उपायुक्त ने हरि झंडी दिखाकर किया रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में बुधवार की सुबह को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन को रवाना किया। मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में आम आदमी की ताकत उसका मताधिकार ही होता है । जिसका उपयोग कर वह एक बेहतर सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने मौके पर मौजूद सभी सामाजिक संगठनों के लोगों से मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की।

**समाहरणालय परिसर से पुलिस लाइन स्टेडियम तक निकाला वॉकथॉन :** स्वीप एक्टिविटीज के तहत बुधवार को स्टेप फॉर पार्टिसिपेटिव इलेक्शन थीम पर निकाले गये इस वॉकथॉन में जिले के अपर समाहर्ता, आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग व समाज के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्ति शामिल हुए। समाहरणालय परिसर से निकाला वॉकथॉन पुलिस लाइन स्टेडियम में जाकर समाप्त हुआ।

## मवेशियों की तरह बच्चें को ठूस कर ले जा रहा स्कूल प्रबंधक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय डीएवी स्कूल चियांकी में पढ़ने वाले बच्चों को विगत चार माह से भेड़ बकरियों की तरह स्कूल बस में ठूस कर ले जाया जा रहा है। इस संबंध में अभिभावकों का कहना है कि विगत चार माह पूर्व ही स्कूल प्रबंधन के पास स्कूली बच्चों के लिए बस उपलब्ध कराने की मांग की गई थी। परंतु प्रबंधन ने अभी तक बस उपलब्ध नहीं कराया है। सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। चार माह गुजर गया परंतु प्रबंधन के द्वारा इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई। लिहाजा बच्चे भेड़ बकरियों की तरह बस में स्कूल जाने को विवश है। इस संबंध में अभिभावकों का कहना है कि परिवहन शुल्क के नाम पर विद्यालय प्रबंधन के द्वारा मोटी रकम ली जाती है। परंतु सुविधा नगण्य है । ग्रामीण अगर शिकायत करते हैं तो उनके बच्चे का नाम काटकर हटाने की धमकी भी प्रबंधन द्वारा दी जाती है। ऐसे में विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे के अभिभावक चुप रहना ही मुनासिब समझते हैं। बच्चों के मानवाधिकार का हनन हो रहा है। अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन से स्कूली बच्चों के लिए स्कूल बस उपलब्ध कराने की मांग की है। ताकि बच्चे सीट पर बैठकर विद्यालय आना-जाना सही सलामत कर सकें।

## भारतीय शिल्प व्यापार मेला का शुभारंभ दस को

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय बीसीसी मिशन कंपाउड  रेड़मा चौक स्थित मेदिनीनगर में भारतीय शिल्प मेला का शुभारंभ 10 नवम्बर 2022 को संध्या 05 बजे नगर निगम के उपमहापौर मंगल सिंह भाजपा युवा मोर्चा के मनोज सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा। इस आयोजन के विशिष्ट अतिथि सासंद प्रतिनिधि विजय ओझा होंगे। इस शिल्प मेला में हस्त शिल्प विभाग के लगभग 75 कुशल शिल्पकार बंधु भाग ले रहे है। ड्राई फ्लावर, ब्लॉक प्रिंट कुर्ती कलकत्ता का जुटवैग, भदोही का कालीन, फर्निचर खादी के वस्त्र, आर्युवेदिक दवाईया, चिकन वर्क, शांति निकेतन का काथा वर्क, भागलपुर का शिल्क ,बनारसी सूट,साड़ी शिल्प उत्पादों का प्रर्दशन व विक्री किया जायेगा। वहीं आयोजन समिति के अध्यक्ष फुलमनी टोप्पोने बताया कि इस तेरह दिवसीय आयोजन में बच्चों के मनोरंजन के लिए मिक्की माउस, इत्यादि झुलों का भी समागम मेला परिसर में किया गया है। यह मेला 10 नम्बर से 21 नवम्बर तक चलेगा।

जिला खनन पदाधिकारी की बड़ी कार्रवाई

## अवैध रूप से संचालित आठ क्रशर को किया सील

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार एक बार फिर अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती विभिन्न स्थलों पर संचालित क्रसर का पुलिस बल के साथ जांच की एवं अवैध रूप से संचालित किए जा रहे आठ क्रसर को सील कर दिया है। वही  क्रसर में रखे गए 5300 सीएफटी बोल्डर, 22 हजार 5 सौ सीएफटी स्टोन एवं 13 सौ डस्ट को भी जब्त कर अवैध क्रसर संचालन करने वाले संचालको के खिलाफ नाजजद अभियुक्त बनाते हुए आठ क्रसर  संचालक पर पांकी थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी है।

**ऐसे हुई कार्रवाई:** जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को सूचना मिली थी कि पांकी थाना अंतर्गत अवैध क्रसर का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुअनि गौतम कुमार एवं पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थालों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में आठ क्रसर की जांच में पाया कि लाइसेंस के बिना ही क्रसर संचालित की जा रही है एवं प्लांट में अवैध तरीके से बोल्डर,स्टोन भी भंडारित किया गया है। जिस पर उन्होंने अविलंब कार्रवाई की एवं सभी आठ क्रसर को सील कर दिया एवं क्रसर प्लांट में रखे गए 5300 सीएफटी बोल्डर, 22 हजार 5 सौ सीएफटी स्टोन एवं 13 सौ डस्ट को  जप्त कर लिया।

**आठ क्रसर संचालक पर दर्ज करवायी प्राथमिकी**:अवैध रूप से क्रसर प्लांट का संचालन करने वाले आठ क्रसर संचालको पर जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा पांकी थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी है।

## नगर निगम बना नरक निगम : शैलेंद्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार शैलू ने नगर निगम में हुवे कार्यो का पोल खोलते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्र में जो कार्य हुआ है, उससे जनता संतुष्ट नहीं है। नगर निगम में निगम  के कर्मियों द्वारा सिर्फ ठेकेदारी और दलाली की गई है। जो पुराने क्षेत्र के नगर निगम है, वहां आज भी गंदगी का अंबार और बरसात में नाली बजबजाने लगती है। नगर निगम क्षेत्र के कार्यों में ठेकेदारी के नाम पर प्राक्कलन घोटाला हुआ है। नाली निर्माण के नाम पर नाली का जीर्णोद्धार किया गया है। जिसमें हमीदगंज पानी प्लांट के बगल में पार्क जो जनउपयोगी नहीं है। चैनपुर में शौचालय उद्घाटन के पहले ही टूटने लगा है। चैनपुर के मुख्य मार्ग सड़क बनने के साथ ही टूट गया था, इसे दोबारा रिपेयर किया गया। चैनपुर से शाहपुर तक का सड़क जर्जर है एवं दिन भर धूल उड़ता रहता है। जिससे नगर निगम की स्थिति नरकीय बन गई है। अगर नगर निगम क्षेत्र में हुए कार्यों का उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो नगर निगम के विकास का पोल खुल जाएगी। आगे बताते चलें कि नगर निगम में जो नए एरिया जुड़े हैं । नगर निगम द्वारा उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। वहां सफाई सप्ताह में 1 दिन या एक महीना में होता है। कुछ मुहल्ले ऐसे हैं जहां 5 साल में एक बार भी नाली आज तक सफाई नहीं किया गया है। निगम में जो नए क्षेत्र जुड़े हैं,उनसे टैक्स तो लिया जा रहा है। लेकिन जो सुविधाएं मिलनी चाहिए वह आज तक नही मिला। आज भी लोग स्वच्छ सप्लाई पानी के लिए तरसते रहते हैं। जबकि टैक्स सभी से बराबर लिया जा रहा है। आवास के नाम पर लोगों से 25 से 30,000 हजार तक लिया गया है, जोकि भ्रष्टाचार को दर्शार्ता है। शैलेंद्र कुमार शैलू ने लोगों से अपील की है कि इस बार मेयर जाति पाती व धर्म से ऊपर उठकर चुने, ताकि सतत विकास हो सके। विकास के नाम पर ढोल ना पीटा जाए।

## आप पार्टी के जिला संयोजक को मातृ शोक

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के पलामू जिला संयोजक चंद्रबली चौबे की माता सुशीला कुवंर का निधन मंगलवार की देर रात हो गई । वह 87 वर्ष की थी और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी । उनके निधन से परिवारों में शोक व्याप्त है।

## नि:स्वार्थ मानवता की पुजारी ही भगवान का स्वरूप होते हैं: कौशल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल लातेहार जिले के गारू प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु  पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत फलदार पौधा लगाकर गुरु नानक देव जी की जयंती मनाते हुए सिख समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दी। पर्यावरणविद कौशल ने पर्यावरण धर्म की पाठ पढ़ाते हुए कहा कि जो देता है उसे ही देवता कहा जाता है। गुरुबानी की संगीत में उनकी गहरी पैठ थी। सिख के पहले गुरु नानक देव जी का जन्मोत्सव को प्रकाश पर्व या गुरु पर्व के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने  500 वर्ष पूर्व सिख धर्म की शुरूआत की थी । आज  दुनिया गुरु नानक देव जी की पूजा करती  है । क्योंकि उन्होंने समाज को ज्ञान दिया है।  उन्होंने कभी हिंदू और  मुसलमान में भेदभाव नहीं किया यही उनकी असली पहचान भी थी। पर्यावरण धर्मगुरु  कौशल ने कहा कि गुरु नानक देव ने सिख धर्म, भगवान बुद्ध देव ने बौद्ध धर्म, वहीं भगवान महावीर ने जैन धर्म, इसी तरह प्रभु यीशु ने ईसाई धर्म और पैगंबर हजरत मोहम्मद ने इस्लाम धर्म जनहित के लिए चलाया था। उसी तरह पर्यावरण धर्मगुरु  कौशल  किशोर जायसवाल ने धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख योनी जीवो की सुरक्षा के लिए वर्ष  1976 से पर्यावरण धर्म की शुरूआत किया हैं। जिसके तहत कोई भी शुभ काम पर पौधा लगाना जन, जल, जमीन, जंगल, जानवर, पक्षी और प्रकृति को बचाने का उद्देश्य शामिल है। कार्यक्रम का  समापन वृक्षों पर रक्षाबंधन कर उसे बचाने के संकल्प के साथ  किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ  वार्डेन रेश्मा लकड़ा, शिक्षिका,जिनदीरोस किंडों ,संगीता मंजुला टोप्पो , मेरीस्तेला कुजूर , सजीता तिग्गा , विनीता मींज, रोड्स क्वाड  आदि शामिल थी।

## सहायक अभियंता परीक्षा में 609 अभ्यर्थी हुए सफल




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड लोक सेवा आयोग ने संयुक्त सहायक अभियंता सिविल व मैकेनिकल प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम रिजल्ट जारी कर दिया। 637 पदों के विरुद्ध 609 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। 28 पद खाली रह गए हैं। असिस्टेंट इंजीनियर सिविल में 542 पदों में से 514 और मैकेनिकल में सभी 95 पदों के लिए अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। इन्हें 15 नवंबर को झारखंड के स्थापना दिवस समारोह में नियुक्ति पत्र दिया जा सकेगा। सिविल इंजीनियर के 542 पद के लिए 1056 और मैकेनिकल में 95 पद के लिए 225 अभ्यर्थियों का इंटरव्यू हुआ। इस नियुक्ति के लिए तीन अक्तूबर 2019 को विज्ञापन निकाला गया था। 19 जनवरी 2020 को पीटी हुई थी। वहीं 22-24 अक्तूबर 2021 को मुख्य परीक्षा हुई। 19 मई 2022 को मेंस का रिजल्ट जारी हुआ। जेपीएससी में पहले 30 मई से 12 जून 2022 तक इंटरव्यू चलना था। छह जून को हाईकोर्ट के रोक लगाने पर सात जून से इंटरव्यू रोक दिया गया। बाद में हाईकोर्ट ने अभ्यर्थियों के पक्ष में फैसला लिया और बचे अभ्यर्थियों का इंटरव्यू 10 से 17 अक्तूबर के बीच पूरा किया गया।

## न्यूज गैलरी

### मड़वनिया में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 277 आवेदन प्राप्त हुए



**रमना।** प्रखंड के मड़वनिया पंचायत अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग एक के प्रांगण मे बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न हुई। योजनाओ के लाभ के लिए अपराह्न दो बजे तक आठ सौ आवेदन विभिन्न योजनाओ व विभाग के स्टाल पर जमा कराया गया। जिसमे सर्वाधिक आवेदन मनरेगा योजना के संबंधित 277 आवेदन दिया गया। जबकि पीडीएस से जुड़ी 60,पेंशन के 30,पेयजल के 75,पशुपालन 4,जेएसएलपीएस के 35,स्वास्थ जांच 8,कोरोना वैक्सीन 10, कृषि के 7,ई-श्रम पोर्टल के 4, भूमि सुधार के 8, 15वां वित्त आयोग के 30,आवास के 190, उर्जा के एक, महिला बाल विकास विभाग मे 106 तथा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के 15 आवेदन समर्पित किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन जीप अध्यक्ष शांति देवी, प्रमुख करुणा सोनी,बीडीओ ललीत प्रसाद सिंह,सीओ सतीश कुमार सिन्हा, मुखिया स्वीटि वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर बीईईओ वीजय पांडेय,बीपीयो रोहित शुक्ल, प्रधान सहायक रामानुज शुक्ल,पंसे प्रवीण कुमार दुब, आलोक कुमार तिवारी,मुकेश कुमार,अजीत कुमार सोनी,रमेश कुमार, शशी कुमार, सुरेश यादव सहिता कई लोग मौजूद थे

### भवनाथपुर में छात्रों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**भवनाथपुर।** मतदाताओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। टेन प्लस टू उच्च विद्यालय छात्रो द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।लोगों को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली का आयोजन टेन प्लस टू विद्यालय से प्रखंड कार्यालय तक किया गई। रैली में बड़ी संख्या में छात्रों ने साइकिल चलाकर जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर टेन प्लस टू उच्च विद्यालय पहुंचकर बीडीओ ने छात्र छात्राओ को मतदान का महत्व बताया' कहा की जो भी युवा 18वर्ष के हो रहे है, वे सभी नवीन मतदाता सूची में अपने नाम जुड़वा सकते है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के बाद आने वाले समय में अपने मताधिकार का प्रयोग कर जागरूक मतदाता होने का फर्ज निभाए। मौके पर भवनाथपुर पंचायत की मुखिया बेबी देवी, पंचायत सचिव विष्णु प्रसाद, प्रधानाध्यापक रोहिणी पांडे, बीएलओ शैलेंद्र ठाकुर, ओम प्रकाश दुबे, मनोज कुमार, बटेश्वर दुबे, सुनील गुप्ता, रंजीत दुबे, परमल साह, मनोज चौबे, अनिल यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सामुदायिक शौचालय अधूरा, राशि की निकासी, बीडीओ को दिया आवेदन



**केतार।** ताली गांव के मंदिर कमिटी के अध्यक्ष शिव वरण साह सहित आधा दर्जन ग्रामीणों ने बुधवार को बीडीओ मुकेश मछुआ को लिखित आवेदन देकर संवेदक पर करवाई करने की मांग किया है। आवेदन में उल्लेख किया है की ताली गांव के ब्रह्म स्थान पर मंदिर के सामने पिछले तीन साल पहले सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था लेकिन सामुदायिक शौचालय अब तक अर्ध निर्मित है और उसका राशि का निकासी कर लिया गया है।और संवेदक द्वारा शौचालय को अर्धनिर्मित छोड़ देने से गांव के ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणो ने बीडीओ से इसका जांच कर दोषी संवेदक पर करवाई करने की मांग किया है।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों की उमड़ी भीड़



**मंझिआंव/गढ़वा।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं 09आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत कार्यालय पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सभी विभागों से संबंधित नगर पंचायत कार्यालय एवम प्रखंड कार्यालय के कर्मी नंबर वाइज सभी विभागों से संबंधित स्टॉल लगाकर बैठे हुए थे। जिसमें सभी विभागों से संबंधित नगर पंचायत वासियों ने कार्यक्रम में फरियाद लेकर पहुंचे, कार्यक्रम में पहुंचे लाभार्थियों ने लिखित आवेदन एवं फार्म के जरिए योजना से लाभान्वित हेतु अपना अपना काग- जात जमा कराया। सभी विभाग के स्टॉल पर बैठे कर्मियों ने लाभार्थी से आवेदन एवं फार्म प्राप्त करने उपरांत लाभार्थियों को रिसीविंग प्राप्त कराया। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बिजली, पानी, सड़क, नल,साफ-सफाई ,ऋण, स्वरोजगार,एवम सावित्रीबाई फुले सुकन्या समृद्धि योजना के तहत छात्राएं भी अधिक से अधिक संख्या में अपना अपना आवेदन जमा कराया। कार्यक्रम में स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, अनूप तिवारी, नजीर अमित कुमार पाठक, वीरेंद्र कुमार, विकास कुमार सिंह आदि कई नगर पंचायत एवं प्रखंड कर्मी अपने अपने विभागों से संबंधित स्टॉल पर उपस्थित थे।

### विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली, बोले पदाधिकारी

# लोकतंत्र में मतदाताओं की भागीदारी जरूरी



**श्री बंशीधर नगर।** प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई. मतदाता जागरूकता रैली को राज्य निर्वाचन आयोग के अवर सचिव सह नोडल पदाधिकारी देवदास दता,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण उरॉव,सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ श्रवण राम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली प्रखण्ड कार्यालय परिसर से निकलकर मुख्य पथ से होते हुये भवनाथपुर मोड़ तक गया तथा प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर पहुंचकर सम्पन्न हो गया। रैली में शामिल छात्र छात्राएं मतदाताओं के जागरूकता से सम्बंधित पोस्टर लिये हुये थे। रैली सम्पन्न होने के बाद प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। चुनाव पाठशाला को संबोधित करते हुये राज्य निर्वाचन आयोग के अवर सचिव सह नोडल पदाधिकारी देवदास दत्ता ने कहा कि चुनाव पाठशाला के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के साथ साथ मतदाता सूची में नाम जोड़वाने,मतदाता सूची से नाम हटाने व मतदाता सूची में नाम,पता,उम्र आदि गलत होने पर सुधार कराने की जानकारी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अब एक जनवरी,एक अप्रैल,एक जुलाई व एक अक्टूबर को अहर्ता तिथि मानते हुये मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिये प्रपत्र 6 भरकर आवेदन जमा करा सकते हैं। यह जानकारी सभी लोगों को होना चाहिये ताकि लोग अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करने के लिये आवेदन कर सकें। एक योग्य मतदाता बनकर देश व राज्य के लिये सही सरकार बनाने में अपनी भागीदारी निभा सकें। उन्होंने सभी बीएलओ को उक्त जानकारी लोगो तक पहुंचाने तथा मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के लिये प्रेरित करने को कहा.,मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण उरॉव,बीडीओ श्रवण राम,पंचायत राज के प्रखण्ड समन्वयक कौशल कुमार,कमल किशोर,वार्ड पार्षद नीरज कुमार,बीएलओ पर्यवेक्षक सुजीत कुमार यादव,बीएलओ दयाशंकर कुमार,राकेश रौशन,प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र छात्राएं,सभी बीएलओ व मतदाता उपस्थित थे।

### कॉमन रिव्यू टीम ने अस्पताल का किया निरीक्षण

**श्री बंशीधर नगर।** स्वास्थ्य विभाग की कॉमन रिव्यू टीम ने अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण बुधवार को किया। इस दौरान टीम ने प्रसव कक्ष, वार्ड, स्टोर रूम, ओपीडी रूम सहित अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर मौजूद अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी लिया। टीम के सदस्यों ने उपाधीक्षक को लोगो को बेहतर स्वास्थय सुविधा मुहैया कराने की बात कही। कहा कि सरकार लोगो के स्वास्थ्य सुविधा को लेकर गंभीर है। ऐसे में जरूरतमन्दों को इसका लाभ ईमानदारी से उपलब्ध कराना सभी स्वास्थ्यकर्मियों की जिम्मेवारी है। टीम में स्टेट डाटा मैनेजर सुबोध कुमार, डिस्ट्रिक्ट डाटा मैनेजर सुजीत कुमार मुंडा सहित अन्य लोग मौजूद थे। इस दौरान उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, डॉ नागेंद्र सिंह, राजेश कुमार, करुणा कुमारी, अनुरंजन पांडेय, ममता कुमारी आदि मौजूद थे।

## भंडरिया क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों का बीईईओ ने किया औचक निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**भंडारिया।** प्रखंड शिक्षा प्रसाद पदाधिकारी विद्यासागर मेहता ने बुधवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल में बन रही एमडीएम, पाठ योजना, एवं शिक्षकों की उपस्थित आदि का विशेष रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता ने कहा की राजकीय मध्य विद्यालय मदगड़ी के शिक्षकों को निर्देश दिया की किसी भी हालत में एमडीएम बंद ना हो । साथ ही पाठ योजना तैयार कर बच्चों का पाटन पाटन कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कोई भी शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित नहीं रहेंगे। राजकीय प्राथमिक विद्यालय जमौति का निरीक्षण किया । वहां शिक्षकों को पाठ योजना तैयार बच्चों के शिक्षण कार्य करने का निर्देश दिया है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खजूरी का भी निरीक्षण किया वहां एमडीएम में सुधार लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा की मीनू के अनुसार मध्यान भोजन बनाएं। और छात्रों की उपस्थित और बढ़ाने का निर्देश दिया है । उन्होंने कहा कि लगातार विद्यालय का निरीक्षण किया जाएगा। गड़बड़ी करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई किया जाएगा । विद्यालय में मध्यान भोजन शिक्षक और छात्रों को उपस्थिति संतोषजनक नहीं पाया गया तो, उन विद्यालय के शिक्षकों पर कार्रवाई जाएगी। शिक्षक पाठ योजना तैयार कर के ही विद्यालय में पठन पाठन करने जाएं। मौके पर सत्यनारायण यादव, विजय कृष्ण, सहित अन्य लोग शामिल थे।

# 48 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का प्रकाशन

### सभी बूथों पर चुनावी पाठशाला का आयोजन



बीडीओ गणेश महतो के द्वारा बताया गया की प्रारूप प्रकाशन के साथ ही सभी बूथों पर चुनाव पाठशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें संबंधित बूथों के बीएलओ के द्वारा मतदाताओं को चुनाव से संबंधित जानकारी दी गयी। जिसकी सारी तैयारी करते हुए मंगलवार को सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर को मतदाता सूची का प्रारूप एवं पोस्टर का वितरण किया गया था।सभी 48 मतदान केंद्रों पर बुधवार को बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया।साथ ही मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से साइकिल रैली एवं पदयात्रा भी निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। राजी मतदान केंद्र पर प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो, प्रमुख आभा रानी, बिससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक,मुखिया रिंकू देवी ने संयुक्त रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन किया।मतदाता सूची प्रकाशन में जीपीएस उमेश कुमार, निर्वाचन कार्यालय से अरविंद कुमार गुप्ता बीएलओ अंजनी द्विवेदी,,श्यामराज गुप्ता, कुंज बिहारी यादव, नारद राम, पंकज कुशवाहा, नागेन्द्र यादव,विशेश्वर प्रजापति, मंदीप साह,अवधेश यादव, प्रदीप द्विवेदी, अशोक सिंह, अनिता देवी कश्मीरा बानो, तिलेश्वरी देवी, पूनम देवी, दुर्गावती देवी, मुनि देवी, अजन्ता देवी, उर्मिला देवी, शांति देवी, मीना देवी सहित सभी बीएलओ उपस्थित थे।

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** बुधवार को खरौंधी प्रखंड क्षेत्र के सभी 48 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह-अंचल अधिकारी खरौंधी गणेश महतो के द्वारा बताया गया सभी मतदाता अपने मतदान केंद्रों पर जाकर प्रारूप सूची में अपना नाम देखें। यदि किसी का नाम गलत हो, किसी का नाम हटवाना हो या अपने रिश्तेदारों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाना हो तो मतदान केंद्र पर ही बीएलओ के माध्यम से या स्वयं ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं या किसी भी प्रकार की त्रुटि का सुधार कर सकते हैं।

## हिन्दू समाज की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा, कमिटी गठित



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अरसली(उतरी) के शिव मंदिर प्रांगण में हिन्दू समाज की बैठक आम नागरिकों सहित विभिन्न पूजा कमिटियों की उपस्थिति में बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी सोनाकिशोर यादव ने किया। उपस्थित समाजसेवियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के द्वारा पूर्व में कार्यरत कमिटी के कार्यों की समीक्षा की गई ,जिनका कार्यकाल संतोषजनक पाते हुए उक्त कमिटी के सभी कार्यकारिणी को कार्यकारी सदस्य के रूप में रखते हुए सर्वसम्मति से उदय गुप्ता को अध्यक्ष,उमेश विश्वकर्मा उपाध्यक्ष,मनोज बैठा सचिव,दयानंद प्रजापति को उपसचिव,शम्भूनाथ सोनी कोषाध्यक्ष,राकेश कुमार शर्मा उपकोषाध्यक्ष,श्यामसुंदर गुप्ता को संजोजक,आत्मानंद विश्वकर्मा को सह संयोजक बनाया गया मौके पर अध्यक्ष ने बताया की उपरोक्त निर्वाचित कमिटी का कार्यकाल हिन्दू कैलेंडर के अनुसार पूरे 1 वर्ष का होगा जो पंचायत में होने वाले विभिन्न पूजा,पाठ धार्मिक अनुष्ठान,मंदिर प्रबंधन एवं निर्माण,हिन्दू एकता एवं सामाजिक समरसता से संबंधित कार्यों को जिम्मेवारी और जवाबदेही के साथ निर्वहन करेंगे।

### सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची प्रकाशित



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखण्ड के सभी मतदान केंद्रों पर सम्बंधित बीएलओ द्वारा बुधवार को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। बीएलओ द्वारा सभी मतदाताओं से अपना अपना नाम मतदाता सूची में देखने तथा नये मतदाताओं का नाम जोड़वाने, मतदाता सूची में यदि नाम,उम्र,पता आदि गलत होने पर सुधार के लिये प्रपत्र 8 तथा मतदाता सूची से नाम हटवाने के लिये प्रपत्र 7 भरने सम्बंधित जानकारी दिया गया।

### डंडई गांव के तेली साहू समाज के अध्यक्ष का आकस्मिक निधन

**डंडई।** तेली साहू समाज के अध्यक्ष राजकुमार साहू का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया । बताया जाता है की हृदय गति रुक जाने से उनकी मौत हो गई है मृतक 48 वर्ष के थे। घटना की जानकारी पाकर बड़ी संख्या में गांव के ग्रामीण व कई जनप्रतिनिधि उनके घर पहुंच गए। वहीं पति की याद में रो रो कर बिलाप कर रही उनकी पत्नी को लोगों ने कई तरह के ढाढस बताया। साथ ही हर सुख दुख में उन्हें सहयोग करने की बात कही। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक दोपहर का बना बनाया भोजन करने के लिए खुद ही हांडी से निकाल रहे थे उसी दौरान उनकी हृदय गति रुक गई। आनन-फानन में उनके परिजनों के द्वारा इलाज के लिए गांव के ही निजी व सरकारी अस्पतालों पर ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों के द्वारा उन्हें मृत बता वापस घर भेज दिया।

## शिक्षकों की समस्याओं को लेकर डीसी से मिले पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी बुधवार को शिक्षकों की समस्याओं को लेकर डीसी रमेश घोलप के साथ मुलाकात की। इस दौरान पूर्व विधायक के साथ शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद था। पूर्व विधायक ने डीसी को शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिले के 20 शिक्षकों का प्रोन्नति से संबंधित सभी तरह की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। उक्त शिक्षकों का प्रोन्नति देने से संबंधित मामलें में क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक पलामू ने भी अपनी सहमति जता दी है। उसके बावजूद शिक्षकों का प्रोन्नति देने से संबंधित मामलें को जान-बूझकर लटका कर रखा गया है। डीसी ने पूर्व विधायक को 20 नवम्बर तक शिक्षकों के प्रोन्नति से संबंधित मामलें को निष्पादित करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जिले के 20 शिक्षक अपनी जायज मांग को लेकर दर-दर की ठोकर खा रहे है। अब इस सरकार के कार्यकलाप की जानकारी राज्य की एक-एक जनता तक पहुंच चुकी है। हर क्षेत्र में भष्ट्राचार चरम सीमा को पार कर चुका है। उन्होंने शिक्षकों की प्रोन्नति से संबंधित लंबित मामलें को त्वरित निष्पादन का भरोसा दिया है। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री संतोष दुबे, शिक्षक कृष्ण मुरारी पांडेय, अवध बिहारी मिश्रा, अजय प्रकाश द्विवेदी, परमेश्वर धर दुबे, अर्जुन पांडेय सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### विशुनपुरा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# ग्रामीणों को योजनाओं की दी गयी जानकारी



नवीन मेल संवाददाता

**विशुनपुरा/गढ़वा।** प्रखंड के सारांग पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अंचलाधिकारी निधि रजवार, प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकेट्टा, जिला परिषद सदस्य शंभूराम चंद्रवंशी, प्रभुख दीपा कुमारी, मुखिया ब्यूटी सिंह, प्रखंड बिस सूत्री अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप देव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, कृषि सहित कयी विभाग के अलग अलग स्टॉल लगाए गए थे।

वही अंचलाधिकारी निधि रजवार ने सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन साड़ी, किसान क्रिडेट कार्ड के बारे में लोगो को जानकारी दी।

वही बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करना तथा समस्याओं का समाधान करना है. उन्होंने कहा कि शिविर में सैकड़ो आवेदन प्राप्त किये गए है। जांचोपरांत उसका लाभ दिया जाएगा।

मौके पर समाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक निशांत कुमार, जेई सह बीपीओ मनोज कुमार, पंचायत सेवक रामप्रवेश सिंह, प्रखण्ड समन्यक नागेन्द्र मेहता, प्रखण्ड समन्यक पंचायती राज सुबोध कुमार, बीटीएम राकेश कुमार, प्रखंड नाजि मुकुल कुमार, महेंद्र गुप्ता, भीएलडब्ल्यू राकेश बैठा, मुखिया ललित नारायण सिंह, अशोक पासवान, बिनोद कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### राजी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित, सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए

# 600 आवेदनों की ऑन-द-स्पॉट मिली स्वीकृति



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड के राजी पंचायत के +2 उच्च विद्यालय राजी के मैदान में बुधवार को फेज 2 के तहत आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ गणेश महतो,डीआरडीए निदेशक दिनेश सुरीन,जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान,प्रमुख आभा रानी,बिससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक,उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य,मुखिया रिंकू देवी,उपमुखिया आलोक कुमार,बीडीसी शीलवती देवी, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन,कल्याण, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक,जेएसपीएल, कृषि,निर्वाचन,श्रम विभाग सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए।

डीआरडीए निदेशक दिनेश सुरीन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित कराना तथा समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन साड़ी, धोती- लुंगी योजना, किसान क्रिडेट कार्ड, कंबल वितरण कार्यक्रम के साथ-साथ शिविर में लगाए गए स्टॉल की जानकारी दी गई। बीडीओ ने सरकार द्वारा चलाए जा1रहे योजनाओं को गावँ के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने की बात कही। शिविर में लगाए गए स्टालों में आवेदन देने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गई।शिविर में 1130 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों की जांच कर लगभग 600 आवेदन की ऑन स्पॉट स्वीकृति दी गई। मौके पर मनोज कुमार,नाजिर शैलेश शर्मा प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार, अशर्फी राम,आत्मा से जगरनाथ कुमार, प्रधान सहायक सत्यनारायण बैठा, पंचायत सचिव उमेश कुमार, बिजली विभाग से इंदल राम, लेखपाल अशानंदन राम, रोजगार सेवक कौशल किशोर विश्वकर्मा, समाजसेवी संतोष सिंह, अरविंद कुमार गुप्ता,मनीष कुमार, आनंद गुप्ता, सचेत कुमार,सुनील सिंह, अदित्य कुमार, मयंक विश्वकर्मा, कौशलेश शुक्ला, अमरेश चौधरी, अमरेश मेहता, लल्लू मेहता,संकेत कुमार श्रीवास्तव अदित्य गुप्तासहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## नेटवर्क की समस्याओं से ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बना ई-पॉश मशीन

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** सरकार के द्वारा ई पॉश मशीन से मिलने वाला गरीबो के अनाज नेटवर्क की कमी के कारण जी का जंजाल साबित हो रहा है । ताजा मामला कोनमंडरा का पूजा महिला स्वयं सहायता समूह का है। जहाँ लाभुक को गांव से 12 किलोमीटर दूर भवनाथपुर पिलुआहि मोड़ के पास पूजा महिला स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष ललिता देवी के घर पर आकर अंगूठा लगाना पड़ रहा है। लाभुक लालो देवी, आशा देवी, लीलावती देवी, फूल झरिया देवी, सुवंती देवी, सुजिया देवी, शीलवन्ति देवी शीलवा देवी सहित दो दर्जन लोगों ने बताया कि गांव में ई पॉश मशीन का नेटवर्क नही रहने के कारण डीलर द्वारा हमलोग को 12 किलोमीटर दूर अपने घर पर ई पॉश मशीन में अंगूठा लगवा रहा है। जिस में गांव से भवनाथपुर आने जाने में प्रति व्यक्ति किराया में 40 रुपये खर्च हो रहा है और पूरे दिन समय भी बराबाद हो रहा है' जबकि गांव घर मे एक दिन मजदूरी करे तो 250-300 रुपये मिलता है जिसका भी नुकसान हो रहा है। बताते चले कि इसके 15 दिन पूर्व अरसली उतरी पंचायत में भी लाभुको को नेटवर्क के कारण गांव से 2-3 किलोमीटर दूर डीलर द्वारा टाऊनशिप में वितरण कराया गया था। उक्त समस्या प्रखण्ड के एका दुका गांव को छोड़ सभी पंचायत में बिगत1 वर्षो से नेटवर्क की समस्या बनी हुई है।

इस संबंध में पीडीएस टेक्निकल अख्तर अंसारी ने कहा कि सर्वर एवं नेटवर्क के कारण कभी कभी डीलर को परेशानी होती है ।

**क्या कहते एमओ:** इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ सह एम ओ जयपाल महतो ने बताया कि कई क्षेत्रों में नेटवर्क का प्रॉब्लम है। इसके संबंध में उच्च अधिकारी को पत्राचार किए हैं।

## न्यूज गैलरी

### शेरशाह 11 ने एलसी ए जूनियर को 7 विकेट से हराया

लातेहार । स्कूली क्रिकेट लीग का तीसरा मैच में शेरशाह 11 ताथा एलसी ए जूनियर के बीच खेला गया । जिसमे एलसी ए जूनियर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 76 रन पर ढेर हो गई । जिसमे अंकुश कुमार ने 19 ताथा प्रीत ने 11 रन का योगदान दिया । शेरशाह 11 की ओर से प्रियांशु चौबे ने 2 विकेट चटकाए । लक्ष्य कि पीछा करने उतरी शेरशाह 11 ने 11वे ओवर में ही 80 रन बनाकर मैच को जीत लिया । जिसमे आदर्श विशाल 35 ताथा प्रियांशु चौबे ने 27 रनका योगदान दिया । मैच के अंपायर श्रवण माहलि ताथा प्रतीक आनंद थे जबकि स्कोरिंग शाहील कुमार ने किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अधिकता नवीन कुमार गुप्ता के द्वारा शेरशाह 11 के आदर्श विशाल को दिया गया । वही दूसरा मैच रातु क्रिकेट क्लब ताथा एस वी एम बीच खेला गया । जहा रातु क्रिकेट क्लब ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाया । लक्ष्य की पीछा करने उतरी एस वी एम ने 148 रन बना कर मैच को जीत लिया । मैच के अंपायर श्रवण महली ताथा अंकित गौरव थे जबकि स्कोरिंग लवकुश कुमार ने किया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह , प्रतीक आनंद , संतोष पाण्डेय समेत सैकड़ों दर्शक ताथा खिलाड़ी उपस्थित थे ।

### सड़क पार कर रहे ट्रक ड्राइवर को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 99 रांची–चतरा मुख्य पथ पर शहर के गैरेज लेन के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार ने सड़क पार कर रहे ट्रक ड्राइवर को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल ट्रक ड्राइवर की इलाज के दौरान मौत हो गई वहीं बाइक चला रहा युवक एहसान आलम भी गंभीर रूप से घायल है। मृत ट्रक चालक की पहचान देवमोहन कोरवा पिता मंगलदेव कोरवा चूल्हामाटी घाघरा (गुमला) निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक चंदवा निवासी एक व्यक्ति का बॉक्साइट ट्रक चलाने का कार्य करता था मंगलवार शाम वह गैरेज लेन के समीप गाड़ी खड़ी कर किसी काम से सड़क पार कर रहा था तभी एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसे सामने से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर मारने के बाद बाइक सवार भी सड़क पर गिर कर चोटिल हो गया। दुर्घटना में बुरी तरह से घायल दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डॉ नीलिमा के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद ट्रक चालक की गंभीरता को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया ।रिम्स ले जाते वक़्त रास्ते में ही ट्रक चालक की मौत हो गई। सड़क बनते ही अबतक गई दो की जान विदित हो कि चंदवा मुख्य सड़क का काम चल रहा है सड़क की अभी नई नई पिचिंग हुई है नई सड़क पर चालक बेखौफ होकर तेज गति से वाहन चला रहे हैं जिसकी वजह से सड़क पर चल रहे राहगीरों के बीच हमेशा डर बना रहता है। बीते 28 अक्टूबर को भी लोहरदगा निवासी महिला हर्षित तिर्की की मौत थाना के समीप बाइक से गिरने की वजह से हो गई थी।

### 6 के विरुद्ध चोरी से बिजली जलाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**गिद्धौर(चतरा)।** विद्युत विभाग द्वारा बुधवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व विभाग के कनीय अभियंता तरुण कुमार ने किया। छापेमारी अभियान के दौरान छह लोग विद्युत चोरी करते पकड़े गए। जिनके विरुद्ध स्थानीय थाना में विद्युत चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जबकि संबंधितों पर 2,93,523 रुपया का जुमार्ना लगाया गया। दर्ज प्राथमिकी में गिद्धौर के कमलेश दांगी पर 54940 रुपया, सुरेंद्र दांगी पर 51860 रुपया, त्रिलोकी महतो पर 84175 रुपया,हेमराज महतो पर 49783 रुपया, राजेश साव पर 38425 रुपया व लादेन हसन पर 14340 रुपया जुमार्ना लगाया गया है। छापेमारी के क्रम में विद्युत तार की भी जब्ती की गई है। अभियान में सहायक विद्युत कर्मी महावीर दांगी, पंकज कुमार वर्मा, संतोष कुमार निराला, विकास कुमार आदि शामिल थे।

### प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र में 17 महिलाओं का किया गया बंध्याकरण

**प्रतापपुर (चतरा)।** बुधवार को प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत 17 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन डब्ल्यूएचओ टीम के चिकित्सक सर्जन डॉ. उमेश कुमार के द्वारा किया गया। ऑपरेशन में सहयोगी की भूमिका में स्थानीय स्वास्थ्य कर्मी नगीश्वर कुमार, संजय कुमार, रेनू देवी, जयंत कुमार शामिल थे। चिकित्सा पदाधिकारी संजीव कुमार ने व्यवस्थापक का कार्य किया। उन्होंने कहा कि यहां हरेक बुधवार को बंध्याकरण का ऑपरेशन किया जाता है। आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि छोटा परिवार सुखी परिवार के मंत्र को अपनाएं और मुफ्त में किए जाने वाले बंध्याकरण ऑपरेशन का लाभ उठाएं।

### हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा ने गिद्धौर में निकाली जनाक्रोश रैली




**गिद्धौर(चतरा)।** प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर बुधवार को राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ भाजपाईयों ने गिद्धौश्र प्रखंड मुख्यालय में आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन करते हुए विशाल जनाक्रोश रैली निकाली। रैली मुख्य चौक से प्रारंभ होकर प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंची। रैली का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, किसान मोर्चा के सुनील कुमार राणा, ओबीसी मोर्चा के विकास कुमार व युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव संयुक्त रुप से किया। इस दौरान भाजपाइयों ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा गिद्धौर प्रखंड को सुखाड़ क्षेत्र घोषित नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि इस वर्ष पूरे प्रखंड में दो प्रतिशत भी धान का फसल नहीं हुआ है। भाजपाइयों ने सरकार से जल्द गिद्धौर को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने के साथ–साथ सभी सुविधा देने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जिसे उखाड़ फेंकना अति आवश्यक है। सिर्फ कमीशन खोरी की मशीन बन कर सरकारी तंत्र काम कर रही है। रैली में मुख्यमंत्री व उनके सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की गई। मौके पर उपप्रमुख प्रीतम यादव, पूर्व मुखिया महेंद्र राम, विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, लखन दांगी, बसंत सिंह, सुरेश प्रसाद राणा, राकेश कुमार गुप्ता, संजय यादव, अमेरिका कुमार, शीला देवी समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# आपसी समन्वय से सभी तैयारियां पूर्ण करें

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** आगामी 15 नवंबर राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त श्री भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाये जाने के उपलक्ष्य में रूपरेखा तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हए उपायुक्त ने कहा कि राज्य स्थापन दिवस का आयोजन धूम-धाम से किया जाएगा। इसके लिए सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाहन करेंगे। इस दौरान बैठक में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा कर रणनीति तय किए गए।




राज्य स्थापना दिवस पर प्रभात फेरी प्रातः 6:30 बजे निकालने का निर्णय लिया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राएं भाग लेंगे। कारगिल पार्क में प्रातः 8:00 बजे मल्यार्पण किया जायेगा तथा प्रातः 8:30 बजे से सदभावना मार्च कारगिल पार्क से समाहरणालय तक आयोजित की जाएगी। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, नाटक एवं संगीत का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही स्कूली बच्चों के बीच पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बैठक के दौरान जिलास्तर पर विकास मेला आयोजन करने पर भी सहमति बनी। विकास मेला में सरकार की कल्याणकारी योजना की जानकारी आमजनों को देने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा। साथ ही लाभुको को परिसम्पति वितरित की जाएगी।

उपायुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 15 नवम्बर को शहर में बृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए। साथ ही उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्पूर्ण समाहरणालय में लाइटींग की व्यवस्था करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर राज्य स्थापना दिवस की समुचित तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, डीएफओ श्री रोशन कुमार, उप विकास आयुक्त सुरेंद्र कुमार वर्मा, जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती पूनम देवी, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिला के प्रबुद्ध नागरिक एवं मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जनसमस्याओं को जल्द से जल्द निष्पादन किया जायेगा: एसडीएम

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ ।** प्रखंड अंतर्गत सोहर पंचायत में बुधवार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए। जिसमें समस्याओं के निष्पादन के लिए आवेदकों की भीड़ उमड़ी. शिविर का उद्घाटन महुआडांड़ अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन, कार्यपालक दंडाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, बीडीओ अमरेंग डांग, मुखिया मंगदली टोप्पो और जेएमएम जिला उपाध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य मोहम्मद मुस्तकिम ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। शिविर में आये ग्रामीणों से झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री



रोजगार सृजन योजना, धोती, साड़ी लुंगी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड इत्यादि योजनाओं से जुड़े आवेदन लिये गये। मौके पर एसडीएम नीत निखिल सुरीन ने कहा कि जन समस्याओं के आवेदन पर जल्द से जल्द निष्पादन किया जाएगा। बीपीओ राजेश कुमार ने लोगों को मनरेगा योजना की जानकारी दिया। वही बीडीओ अमरेंग डांग ने ग्रामीणों से अपील की कि हर जरूरतमंद व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। शिविर में महिलाओं तथा पुरुषों ने वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, दाखिल खारिज आदि से संबंधित आवेदन दिए।

# केचकी स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं हुआ तो होगा चक्का जाम: कन्हाई

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** केचकी स्टेशन में रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, पलामू एक्सप्रेस सहित तमाम प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों ठहराव शुरू करने, रेलवे फुटओवर ब्रिज के निर्माण एवम ग्राम कचनपुर के खड़िया टोला में रेलवे अंडरपास या क्रॉसिंग के निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को केचकी स्टेशन में जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले धरना दिया गया। धरना में केचली, बेतला,मंगरा सहित प्रभावित क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




कन्हाई सिंह ने कहा कि कोरोना काल के समय से केचकी स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस का ठहराव बंद है। जिसके कारण क्षेत्र की जनता को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कन्हाई सिंह ने कहा कि रेलवे प्रशासन द्वारा केचकी स्टेशन में फुटओवर ब्रिज का निर्माण अभी तक नहीं कराया गया है जिसके कारण यात्रियों के जान माल को खतरा है। कचनपुर गांव के खड़िया टोला में रेलवे लाईन के दोनों ओर घनी आबादी है। लेकिन यहां पर अभी तक रेलवे अंडरपास या क्रॉसिंग का निर्माण नहीं कराया गया है। कार्यक्रम का संचालन कमलेश सिंह ने किया। कार्यक्रम अंत में के अंत में स्टेशन प्रबंधक को ट्रेन ठहराव व अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया। मौके पर केचकी पंचायत मुखिया बुद्धेश्वर सिंह,उप मुखिया हरेंद्र कुमार राम,ग्राम प्रधान कचनपुर अजय सिंह, केचकी पंचायत वार्ड सदस्य ममता देवी, लुरुक सिंह, ग्राम प्रधान केचकी विजय मल सिंह, उमेश सिंह आदि मौजूद थे।

# ए स्टेप फॉर पार्टिसिपेटिव इलेक्शन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से प्राप्त निर्देश के आलोक में मतदात सूची के प्रारूप प्रकाशन तिथि 09 नवंबर के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार जिला मुख्यालय स्थित जतराहीबाग चौक से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम तक ए स्टेप फॉर पार्टिसिपेटिव इलेक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम नए मतदाता को मतदाता सूची में शामिल करने हेतु जागरूकता के लिए की गई। वैसे मतदाता जिनकी आयु 18 वर्ष हो चुकी है वे 9 नवंबर 2022 से 8 दिसंबर 2022 तक अपने क्षेत्र के बीएलओ,



बीडीओ व एसडीओ से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम जुड़वा एवं मतदाता कार्ड में किसी भी प्रकार की त्रुटि है तो उसका करेक्शन करवा सकते हैं। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त के साथ एसी पवन कुमार मंडल, एसडीओ मुमताज अंसारी समेत जिले के वरीय पदाधिकारी, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार के साथ आम नागरिक एवं विद्यालयों बच्चे शामिल थे।

# अवैध नर्सिंग होम संचालकों पर होगी कार्रवाई: चिकित्सा प्रभारी

**टंडवा (चतरा)।** इन दिनों टंडवा प्रखंड क्षेत्र में कुकुरमुत्तों की तरह क्लिनिक खोलने की होड़ मची है। वहीं गुणवत्तापूर्ण जांच व इलाज करने के दावों की जांच–पड़ताल के लिए चिकित्सा विभाग जुट गया है। हालांकि, पिछले दिनों झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा ऑपरेशन करने वाली सूचना के कारण लोगों में संशय अब और भी गहरा गया है। ग्रामीणों की मानें तो संचालकों द्वारा जेनरिक दवाओं में अंकित मूल्य के आधार पर मरीजों को बगैर डिस्काउंट भारी लूट मचाई जा रही है। वहीं निरीक्षण की खानापूर्ति ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा की जाती है। दुसरी ओर स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर चिकित्सा प्रभारी डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि पिछले दो महीने पूर्व खुलने वाले कई नए क्लिनिकों के संचालकों से पत्र लिखकर वैध कागजातों की मांग की गई थी, जिसमें प्रखंड क्षेत्र में संचालित रानी अस्पताल, ओम साई तथा कल्याणी नर्सिंग होम द्वारा कुछ कागजात दिए गए हैं, जिसकी जांच की जा रही है। वहीं टंडवा में संचालित सूर्या क्लिनिक द्वारा कोई भी वांछित कागजात अबतक उपलब्ध नहीं कराया गया है। आगे बताया कि थाना के बगल में भी चोरी–चुपके एक क्लिनिक संचालित की जा रही थी जो नोटिस मिलते हीं बोर्ड हटाकर एवं दफ्तर बंद कर संचालक फरार हो गया है।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से दोपहर में ही कर्मी स्टॉल छोड़कर हो गये गायब, मुखिया ने की डीसी से शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड(चतरा)।** बुधवार को जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मंझगावा पंचायत सचिवालय में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दोपहर में ही कर्मी स्टॉल छोड़ गायब हो गए। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन में प्रमुख मिकी देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष रामभरोस यादव, मुखिया मंजीत कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया था। वहीं बीडीओ समेत सभी प्रतिनिधियों ने स्टॉल का निरीक्षण किया। मुखिया ने अपने स्तर से पंचायत क्षेत्र के दूर दराज से आए लोगों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था करवाई। महिला समूहों के बीच एक करोड़ एक लाख रुपया का लोन वितरण किया गया। पूर्व विधायक योगेंद्र नाथ बैठा के हाथों जरुरतमंदों के बीच कम्बल वितरण किया गया। वहीं बीडीओ




साकेत कुमार सिन्हा, जीपीएस सतीश मिश्रा, जनसेवक चंदन कुमार, पंचायत क्षेत्र के विद्यालय में चुनाव आयोग की मतदाता सूची प्रकाशन करने पहुंचे। जिसे देख स्टॉल पर जुटे कर्मी एक-एक कर गायब होते गए। मुखिया रोकते रहे पर कर्मी बहाना बनाकर कार्यक्रम से निकलते बने, तो मुखिया ने स्टॉल की तश्वीर खीच कर उपायुक्त व उप विकास आयुक्त से ऑन लाइन शिकायत की। मुखिया ने कहा इस मामले की लिखित शिकायत उपायुक्त से तथा दिशा की बैठक में उठाएंगे। वहीं बीडीओ जैसे ही मतदाता सूची प्रकाशन करवाकर लौटे तो स्टॉल खाली देख भडक उठे। बीडीओ ने शिविर से गायब शिक्षा विभाग, बाल विकास समेत अन्य विभाग के पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण की मांग के साथ कार्रवाई करने की बात कही।

# डीएलएसए ने विधिक प्रदर्शनी का किया आयोजन

**चतरा।** नालसा के दिशा निर्देशन में व्यवहार न्यायालय परिसर में बुधवार को विधिक जागरुकता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा विधिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी की अध्यक्षता प्राधिकार के अध्यक्ष सह पीडीजे राकेश कुमार सिंह व संचालन सचिव प्रज्ञा वाजपेई के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नालसा व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई। साथ ही प्राधिकार के उपब्धियों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। वहीं सचिव श्रीमती बाजपेई ने बताया गया कि देशव्यापी अभियान के तहत विभिन्न प्रखंडों में बृहद पैमाने पर जागरूकता अभियान सह आउटरिच कार्यक्रम का आयोजन कर आम लोगों को विधिक जानकारी दी जा रही है। मौके पर न्यायीक अधिकारी के अलावे अन्य मौजूद थे।

## केड पंचायत में बीडीओ ने सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी

# विभिन्न योजनाओं से संबंधित 500 आवेदन प्राप्त हुए




नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के केड़ पंचायत सचिवालय में बुधवार को पंचायत स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजन किया गया .जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, 20सूत्री अध्यक्ष अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह पिंटू, मुखिया पूनम देवी, कैड मुखिया पंचायत समिति सदस्य समेत अन्य अतिथियों ने बारी बारी से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों के समस्याओं के निदान हेतु लगाए गए अलग-अलग स्टाल में सर्वजन पेंशन, सावत्री फूले बाई किशोरी समृद्धि योजना ,सोना सोबरन योजना धोती साड़ी वितरण,पीएम आवास वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड समेत अन्य स्टॉल में 500से अधिक आवेदन प्राप्त हुई। जिसमें 150 आवेदन का शिविर में ही निष्पादन किया गया। बाकी आवेदनों का संबंधित विभागों को निष्पादन हेतु प्रेषित किया गया जिसका जल्द ही निष्पादन करने की बात बीडीओ ने कही। शिविर में पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रमोद कुमार ,जे एस एल पी एस बीपीएम अभय कुमार,प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण, पूर्व मुखिया विनेश्वर उरांव,लालमन उरांव सभी विभागों के प्रतिनिधि समेत पंचायत के सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधि सदस्य समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### एसडीएम नित निखिल सूरीन ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की समीक्षा की

**बरवाडीह।** अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ नित निखिल सूरीन ने ऑनलाइन रूप से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की समीक्षा। इसमेंप्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय समेत प्रखंड के सभी पंचायत सेवक, प्रभारी पंचायत सेवक ,अंचल निरीक्षक, प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी समेत सभी कंप्यूटर ऑपरेटर भी इस कार्यक्रम से जुड़े थे। अनुमंडल पदाधिकारी ने महिला बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के द्वारा फॉर्म प्राप्ति की वर्तमान स्थिति पर गहरी नाराजगी जाहिर की और सीडीपीओ बरवाडी और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को स्पष्टीकरण निर्गत करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्हें यह भी निर्देश दिया गया कि निर्धारित संख्या में सभी छात्राओं को सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिलवाने में परस्पर तालमेल से काम करें। उन्होंने वीसी में सख्त निर्देश दिया कि यदि इस योजना से एक भी छात्रा वंचित रह गई तो जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने शत–प्रतिशत कंबल के लाभुकों के बीच कंबल का वितरण करा कर उसे ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज करने का निर्देश दिया। बिजली विभाग की कार्यशैली से भी अनुमंडल पदाधिकारी नाखुश दिखे और उन्हें प्राप्त आवेदनों पर संजीदगी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। आवास के इच्छुक लाभुकों की योग्यता की जांच कर उन्हें आवास लाभ दिलाने के संबंध में ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आवास दीपक कुमार को विशेष रूप से निर्देशित किया ताकि झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण योजना का लाभ सभी को वास्तविक रुप से मिल सके।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना,जिसका पी0आर0 नं0– PR 281303 (Builidng) 22-23*D है को ग्रुप सं0– 8, 9 एवं 10 पर अंकित कार्य को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 281818 Building(22-23).D

**कार्यालयः उपायुक्त-सह- जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**
**जिला खेल**

अति अल्पकालीन निविदा निरस्तीकरण सूचना

PR 281654 Art Culture Sports and Youth Affairs (22-23), D के द्वारा खुली चयन अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना का प्रकाशन किया गया था। उक्त अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

वरीय पदाधिकारी, जिला खेल शाखा–सह–
परियोजना निदेशक,आई.टी.डी.ए., लातेहार

PR 281822 Art Culture Sports and Youth Affairs (22-23)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यलिय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,चतरा**

शुद्धि–पत्र

ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा के द्वारा ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– RDD/SD/CHATRA/04/2021-22/RE-1/Gr_01 के ग्रुप संख्या–01 में वर्णित प्रखण्ड–प्रतापपुर, पंचायत–गजवा में पाती नदी पर पुल निर्माण कार्य जिसका PR 280488 (Rural Development) 22-23*D द्वारा प्रकाशित निविदा में भाग लेने हेतु कंडिका क्रमांक 02 में निविदा प्रकाशन की तिथि 22.10.2022 के स्थान पर 11.11.2022 एवं कंडिका क्रमांक 03 में निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 03.11.2022 के स्थान पर दिनांक–19.11.2022 एवं कंडिका क्रमांक 04 में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि 04.11.2022 के स्थान पर 21.11.2022 तथा निविदा खोलने की तिथि 05.11.2022 के स्थान पर 22.11.2022 पढ़ा जाय।

निविदा की शेष शर्ते पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा

PR 281789 Rural Development(22-23).D

## न्यूज गैलरी

### ठंड से बचने के लिए तैयार है जिले में गर्म कपड़ों का बाजार

**सिमडेगा।** जिले में तापमान में गिरावट आने से ठंड का एहसास होने लगा है। जिले में पारा गिरते ही ठंड का परवान चढ़ने लगा है। रात और सुबह में कनकनी के साथ हल्की धुंध से सर्दी का अहसास होने लगा है। ठंड से बचने के लिए जिलेवासी भी तैयार हो गए हैं। सड़कों पर लोग स्वेटर और शॉल पहने नजर आ रहे हैं। इधर नप कार्यालय के सामने पोताला मार्केट सहित और अन्य स्थानों पर गर्म कपड़े का बाजार भी सजने लगा है। दुकानदारों ने बताया कि दुकान में ग्राहकों क मनपंसद डिजाइन के ऊनी कपड़े और विविध आयटम उपलब्ध है। अभी यहां स्वेटर, जैकेट, कार्डिगन, शॉल, टोपी, स्वेटर शर्ट सहित कई गर्म कपड़े जिलेवासियों के अनुसार सीमित रेंज के उपलब्ध है। यहां गर्म कपड़ों के खरीदारों की भीड़ बढ़ने लगी है। लोग अपनी पसंद के अनुसार गर्म कपड़े की खरीदारी कर रहे हैं।

### कोचेडेगा में भारतीय एकता फाउंडेशन द्वारा खुला सिलाई सेंटर



**सिमडेगा।** सिमडेगा के कोचेडेगा में भारतीय एकता फाउंडेशन के पहल पर बुधवार को बाजार के समीप सिलाई सेंटर का शुरूआत हुई सिलाई सेंटर का विधिवत उद्घाटन पंचायत के मुखिया शिशिर टोप्पो के द्वारा रिबन काटकर किया गया मौके पर उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय एकता फाउंडेशन की मदद से यहां पर महिलाओं को 3 महीने की सिलाई की प्रशिक्षण दी जाएगी जिसमें महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए स्वरोजगार से जुड़ कर आत्मनिर्भर भारत बनाने में सहयोग करेंगे और बताया कि यहां पर विशेष प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दी जाएगी जहां पर प्रशिक्षण लेकर सभी लोग आगे बढ़ सकते हैं।

### वाहन के धक्के से घायल वृद्ध की हुई मौत

**सेन्हा/लोहरदगा ।** सेन्हा साहू मुहल्ला निवासी स्वर्गीय बुधु साहू का पुत्र चमर साहू उम्र 90 वर्ष का सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जिसे लेकर उनके परिजनों ने सेन्हा थाना में आवेदन देकर वाहन मालिक पर इलाज में लापरवाही बरतने के कारण हुई मौत संबंधी मामला दर्ज करने की अपील की है। मिली जानकारी के अनुसार गत 27 अक्टूबर को सेन्हा चौक में लगने वाली हाट पर चमर साहू सब्जी खरीदगी कर रहे थे उसी दरम्यान झारखंड मेडिकल मालिक कमलेश्वर सिंह का पुत्र हेमराज कुमार सिंह की चार पहिया वाहन से उसे धक्का लग गया और वाहन चालक ने उसे इलाज कराने की जगह गाड़ी लेकर फरार हो गया। जब हाट में उपस्थित लोगों ने देखा कि बृद्ध गिरकर तड़प रहा है तो उसे स्थानीय क्लिनिक झारखंड मेडिकल ले गए। क्लिनिक मालिक ने प्राथमिक उपचार कर घर ले जाने की सलाह दिया। ततपश्चात परिजनों अपने घर ले आये। उसी बीच वाहन मालिक ने परिजन से दवा का खर्च देने की बात कह गया और चमर साहू का इसी बीच 8 नवम्बर को मौत हो गया। इस सदर्भ में परिजन शांति देवी ने वाहन मालिक पर सही तरह से टिटमेंट नहीं करने का आरोप लगाते हुये सनहा दर्ज करने की मांग की और प्रसासन से कानूनी करवाई करने की बात कही है।

### जय श्री राम समिति के सदस्यता अभियान को लेकर पांच प्रभारी नियुक्त

**लोहरदगा।** जय श्री राम समिति की बैठक राणा चौक स्थित अग्रसेन भवन में समिति अध्यक्ष राजीव रंजन की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान को लेकर खास चर्चा हुई जिसमें सभी संरक्षक जिला प्रखंड एवं पंचायत के पदाधिकारियों ने अपना अपना विचार दिए ' सदस्यता अभियान 09-11-2022 से शुरू होकर 31-12-2022 दिसंबर तक की जाएगी ' सदस्यता की शुरूआत बैठक समाप्ति के पश्चात जिला अध्यक्ष राजीव रंजन,सुषमा सिंह,राजकिशोर महतो,राजेश महतो,उदय शेखर समेत कई लोगो ने सदस्यता अभियान की शुरूआत की। जिला अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा यह अभियान शहर से लेकर प्रखंड पंचायतों तक चलाई जा रही है जिन्हें भी समिति सदस्य की सदस्यता ग्रहण करनी है, वह समिति के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। सदस्यता अभियान के पांच प्रभारी बनाए गए। जिला संरक्षक अनूप गुप्ता,जिला कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह,जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव,जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू, महिला जिला महामंत्री बिंदिया देवी को बनाया गया।

---

सेन्हा में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन, डीसी ने कहा-

## शिविरों में प्राप्त आवेदन को तीस दिनों के अंदर निष्पादन करें



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा/सेन्हा।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सेन्हा प्रखण्ड के मुर्की पंचायत स्थित मैदान में किया गया। इस कार्यक्रम में बिरसा हरित ग्राम अंतर्गत कुल 30 योजनाओं का शुभारंभ उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा दिया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिला के प्रत्येक पंचायत में किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में युवाओं के स्वरोजगार हेतु मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना में ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिन्हें हरा राशन कार्ड की आवश्यकता हो या राशन कार्ड में नाम जोड़ना/हटाना हो तो उनके लिए हरा राशन कार्ड का स्टॉल लगाया गया है। जिन वृद्धजनों, विधवा/ परित्यक्ता/ निराश्रित/ दिव्यांग को पेंशन नहीं मिल रहा है और वे इसके योग्य हैं तो उनके लिए सर्वजन पेंशन का स्टॉल लगाया गया है। कक्षा 8 से ऊपर की बच्चियों को पढ़ाई-लिखाई के लिए राशि की आवश्यकता पूरा करने हेतु उनके लिए सरकार सावित्रबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना लायी है जिसका स्टॉल गया गया है। इसका अर्थ है कि इन शिविरों में सभी वर्ग के लिए प्रत्येक परिवार के लिये कुछ ना कुछ योजना है।कार्यक्रम में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक चोपड़ा, अंचल अधिकारी विजय कुमार, जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, विधायक प्रतिनिधि बिरेंद्र उरांव, 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम, उपाध्यक्ष रामकिशोर, प्रखण्ड प्रमुख फुलझरी उरांव, उप प्रमुख पॉल पन्ना, मुखिया कमला देवी समेत अन्य उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि इन शिविरों में जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उन आवेदनों को अधिकतम 30 दिनों के भीतर निष्पादन कर दिया जा रहा है। कई आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही कर लिया जा रहा है। आज के कार्यक्रम में उपायुक्त महोदय व जनप्रतिनिधियों द्वारा परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इनमें सावित्री बाई फुले योजना की 16 किशोरियों के बीच स्वीकृति पत्र, जेएसएलपीएस की पांच महिला स्वयं सहायता समूहों के बीच 2.5 लाख का ऋण, 10 महिलाओं के बीच फुलो झानो आशीर्वाद योजना अंतर्गत कुल 50 हजार रुपए का चेक, एक लाभुक को आयुष्मान भारत अंतर्गत गोल्डेन कार्ड वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत मे उपायुक्त द्वारा सभी स्टॉल का भ्रमण किया गया और आवश्यक निदेश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिए गए।

### 15 नवंबर को सभी पंचायतों में होंगे कार्यक्रम

उपायुक्त ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस के मौके पर लोहरदगा जिला के सभी पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित होगा। इस दौरान संबंधित पंचायत में शिविर लगाया जायेगा और अब तक जितने भी आवेदन शिविरों में प्राप्त हुए हैं उस आवेदन से संबंधित निष्पादन उपरांत स्वीकृति पत्र व परिसंपत्ति का वितरण किया जायेगा।

---

## ईसाई महासंघ का राष्ट्रीय संरक्षक बनाए जाने पर विधायक को दी बधाई



**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बड़ा को ईसाई महासंघ का राष्ट्रीय संरक्षक बनाए जाने पर संत फ्रांसिस आरसी उच्च विद्यालय के छात्रों एवं चर्च के पल्ली पुरोहित ने बधाई देते हुए स्वागत किया। वहीं विधायक ने सबके प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि समाज मे जो जिम्मेवारी उसे मिली है। उसका वे ईमानदारी के साथ बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे। विधायक ने कहा कि उनका प्रयास होगा समाज के लोगों को संगठित करते हुए समाज का चहुमुंखी विकास किया जा सके। उन्होंने छात्र-छात्राओं को जीवन मे सफलता के कई टिप्स भी दिए। साथ ही ईमानदारी और कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करने की अपील की। उन्होंने छात्रों को बुरी आदतों से दूर रहने की भी बात कही। इधर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि सह जिला प्रभारी तिलका रमन, पीसीसी सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि प्रदीप केशरी, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, देवाष्णन मांझी, रघुबीर प्रधान, वाल्टर टोप्पो, निमरोध एक्का, संदीप तिग्गा, उप प्रमुख सिलबेस्टर बघवार, प्रतिमा कुजुर, निला नाग, ज्योति, विकास केशरी, जॉनी, बन्नू आदि ने भी विधायक को बधाई दी।

---

## राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर कैदियों को दिया गया पहचान पत्र



**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के तत्वाधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर बुधवार को लोहरदगा मंडल कारा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा नालसा, नई दिल्ली के निर्देश पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजेन्द्र बहादुर पाल के द्वारा 10 कैदियों को कैदी के केस से संबंधित पहचान पत्र सौंपा गया ।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी कैदियों को उनके केस से संबंधित पहचान पत्र जारी किया जाएगा। डालसा सचिव राजेश कुमार ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि नालसा नई दिल्ली के निर्देश पर 'हक हमारा भी तो है' के तहत सभी 401 कैदियों को उनके केस से संबंधित पहचान पत्र दिया जायेगा ताकि वे अपने केस की प्रगति से वाकिफ रहें।

---

विधायक अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य के साथ पहुंचे रामरेखाधाम

## पवित्र गुफा में बिराजमान भगवान के विग्रहों का किया दर्शन, अमन व चैन की मांगी दुआएं



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ बुधवार को रामरेखाधाम पहुंचे। मौके पर विधायक श्री बाड़ा ने पवित्र गुफा में बिराजमान भगवान के विग्रहों का दर्शन पूजन कर जिले के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद धाम के महंत उमाकांत जी महाराज से भी आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर धाम के महंत सहित कमेटी के लोगों के साथ बैठकर धाम के विकास पर चर्चा की। विधायक भूषण बाड़ा ने रामरेखाधाम पहुंचे भक्तों का अभिनंदन करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम सभी के जीवन मे कृपा बरसाए। सभी के जीवन मे खुशहाली लाए। उन्होंने कहा कि श्रीरामरेखा धाम के विकास में कोई राजनीतिक या भेदभाव नहीं होना चाहिए। चाहे हम जनप्रतिनिधि हों, कमेटी के लोग हों, प्रशासन हो या आम जनता हो। हम सभी का उद्देश्य रामरेखाधाम का अधिक से अधिक विकास कराने का हो। क्योंकि धाम का जितना ज्यादा विकास होगा, उतना ही ज्यादा इसकी पहचान बढ़ेगी। और जब रामरेखाधाम का विकास होगा, इनकी पहचान बढ़ेगी सिमडेगा के लोगों को रोजगार मिलेगा। सिमडेगा का विकास होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी बहुत खुशनसीब हैं हमारी इस पवित्र धरती में साक्षात भगवान श्रीराम के चरण पड़े हैं। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर बाबा नगरी की तरह रामरेखाधाम की भी पूरे देश मे पहचान बनानी है। धाम का विकास कराना है। इसमे सबका ही योगदान अहम होगा। सिर्फ कमेटी के लोगों के चाहने से, सिर्फ एक विधायक के या सिर्फ कुछ श्रद्धालुओं के चाहने मात्र से यह सम्भव नहीं है। हम सबको राजनीतिक से ऊपर उठकर इसके लिए काम करने की जरूरत है। अब भी धाम को सुविधा जनक बनाने की जरूरत है।

---

## अच्छे लोकतंत्र के निर्माण में भागीदार बने : उपायुक्त



**लोहरदगा।** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2023 के मतदाता सूची प्रकाशन के मौके पर बुधवार को समाहरणालय परिसर से मैना बगीचा होते हुए पावरगंज चौक से न्यू अल्का सिनेमा हॉल से बरवाटोली चौक एवं मिशन चौक वाया महावीर चौक तथा गुदड़ी बाजार होते हुए बड़ा तालाब तक साईकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, कार्यपालक दण्डाधिकारी नारायण राम, कार्यपालक दण्डाधिकारी अमित बेसरा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी व बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। साइकिल रैली समापन स्थल पर उपायुक्त ने संबोधित करते हुए कहा कि आज सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। वैसे युवक-युवतियां जिनका जन्म माह अक्टूबर 2005 से पूर्व हुआ हो वे दिनांक 08.12.2022 तक अपना नाम अपने नजदीकी मतदान केंद्रों में जाकर बीएलओ के माध्यम से जुड़वा सकते हैं। उपायुक्त ने सभी योग्य युवक-युवतियों से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने और देश का जिम्मेवार नागरिक बनने की अपील की। अच्छे लोकतंत्र के निर्माण में भागीदार बने।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने साइकिल रैली की सफलता पर बधाई देते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने की अपील की।

### शिक्षक दंपति पुत्र ने सिविल इंजीनियरिंग सेवा में सफलता प्राप्त किया




**लोहरदगा।** सदर प्रखंड लोहरदगा के बंजार किस्को में पदस्थापित शिक्षक मोहम्मद मुस्ताक अहमद एवं किस्को प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय नारी नावाडीह में कार्यरत प्रभारी प्रधानाध्यापक अंजुम आरा के पुत्र आसिफ नैयर ने झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक अभियंता (राजपत्रित) नियुक्ति परीक्षा में उत्तीर्ण होकर जिले का नाम रोशन करने के साथ अपने परिवार का भी मान सम्मान बढ़ाने का काम किया है। नैयर के इस सफलता पर पूरा शिक्षक समाज आज गौरवान्वित महसूस कर रहा है । इनके चाचा इम्तियाज अहमद भी झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। इनके दादा भी शिक्षक पद को सुशोभित कर सेवानिवृत्त पेंशनधारी हैं। नैयर की सफलता पर जिला शिक्षा अधीक्षक सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी , जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार, शिक्षक नेता शैलेंद्र सुमन, मुमताज अहमद, मो अस्लम ,बिनय कुमार, बैद्यनाथ प्रजापति,जितेंद्र अग्रवाल, कादिर अंसारी , बिनोद कुमार सिंह (ऐने) अकबर अंसारी, राम जतन राम,अयूब अंसारी, नसीम अहमदसीआरपी अरुण साहू, जितेंद्र मित्तल के अलावा बुद्धिजीवी समाज,सामाजिक कार्यकताओं ने उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दिया।

---

## राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के तत्वाधान में राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर बुधवार को लोहरदगा सिविल कोर्ट के प्रांगण में तथा विभिन्न प्रखंडों में प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विधिक सेवा द्वारा किए जा रहे कार्यों से लोगों को अवगत कराना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डालसा के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राजेन्द्र बहादुर पाल ने बताया कि दिनांक 9 नवंबर 1995 को आज के ही दिन विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम 1987 प्रभाव में आया था, इसी उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के रूप मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा जिले में विधिक जागरूकता का कार्यक्रम चलाती रहती है। साथ ही नालसा नई दिल्ली एवं झालसा, रांची के निर्देश पर लोक अदालतों का आयोजन, मध्यस्थ के माध्यम से वादों का निपटारा, विभिन्न कानूनों पर शिक्षण - प्रशिक्षण का कार्यक्रम कराती है। साथ ही निर्धन लोगों को मुकदमा लड़ने के लिए निःशुल्क अधिवक्ता मुहैया कराती है। पीड़ित पक्ष को सरकार द्वारा मुआवजा दिलवाने का भी कार्य डालसा द्वारा किया जाता है। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि नालसा नई दिल्ली के निर्देश पर 31 अक्टूबर से 13 नवंबर तक कई कार्यक्रम लोहरदगा जेल एवं विभिन्न प्रखंडों में चलाए जा रहे हैं। आज राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर यह प्रदर्शनी लगाई गई है।

---

## बीडीओ ने विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की



**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो / लोहरदगा।** प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के अध्यक्षता में प्रखंड में संचालित विकास योजना का समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने पंचायत सचिव, जनसेवक, रोजगार सेवक एवं सभी पंचयत स्वंय सेवक सहित सभी विभाग के कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि 12 नवम्बर को कैरो पंचायत में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में वृद्धा, विधवा पेंशन योजना के लिये आवेदन, जाति, आय, आवासीय तथा म्यूटेशन का आवेदन अधिक से अधिक व्यक्तियों से प्राप्त करने के लिये कहा गया। कहा कि आयुष्मान कार्ड इन्ट्री,मनरेगा मजदूरों का ई श्रम कार्ड से जोड़ने और मनरेगा योजना के अन्तर्गत नई योजना जोड़ने तथा पंचायतवार सभी घरों को पशुधन योजना के लिये इन्ट्री करने का निर्देश दिया गया। वही जाड़े के मौसम में वृद्ध गरीब असहाय व्यक्तियों के बीच शत प्रतिशत कम्बल वितरण और सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्ध योजना के तहत किशोरियों को जोड़ने का भी निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ मृणाल प्रकाश, प्रधानमंत्री आवास प्रखण्ड समन्वयक दिनेश कुमार, आकाश कुंवर, गुहा उरांव, सुहेल अहमद, पंचम उरांव, राजमणी मिंज, हिफजूर रहमान, भुरगां उरांव, अजय कच्छप, मंसूर आलम, समीम अख्तर, अजय साहू,परवेज अख्तर, सिमोन बख्ला, कृष्णा साहू, अमन शिखर, अमित महतो, वलीउल्लाह, प्रियंका कुमारी, अंतरिक्ष आदि उपस्थित थे।

---

महावीर चौक दुर्गा पूजा समिति के बैनर तले भव्य भक्ति जागरण का हुआ आयोजन

## कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों पर लोगों को खूब झूमाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहर के महावीर चौक स्थित ईस्ट गोला रोड मे कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर देर रात्रि महावीर चौक दुर्गा पूजा समिति के बैनर तले भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें शामिल हुए हजारों भक्तों ने देर रात तक भक्ति गीतों का रसपान किया। वहीं बाहर से पहुंचे प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रोतागण झूमते रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति संरक्षक अनिल कुमार अग्रवाल, महावीर चौक दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सचिव राजेश कुमार उर्फ टिंकू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अवध किशोर अग्रवाल, संरक्षक जवाहर अग्रवाल, डॉ टी साहू, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, किस्को थाना प्रभारी सनी कुमार, प्रोफेसर परमानंद अग्रवाल, प्रांतीय संघ संचालक सच्चिदानंद लाल,वनवासी कल्याण केंद्र कार्यकारिणी सदस्य कृपा प्रसाद सिंह, कंवलजीत सिंह, सचिन कुमार, अरविंद अग्रवाल, समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया। आए हुए सभी अतिथियों को महावीर चौक दुर्गा पूजा समिति द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर अनिल कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम से मुहल्लेवासियों सहित लोगों में भक्ति भावना को भी प्रगाढ़ करने में कारगर साबित होगी। आगे आयोजन की डोर पहुंचे कलाकारों को थमा दी गई। जिसके साथ ही भजन संध्या की शुरूआत हुई। इसके अलावा अलग अलग जगहों से पहुंचे संगीतकारों में रांची से मिरा सोनी व स्वीटी राज, अरविंद पाठक समेत अन्य जिलों के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों पर लोगों को खूब झूमाया। देर रात तक प्रस्तुत भजनों ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वही मंच संचालन राजेश कुमार उर्फ टिंकू अग्रवाल ने किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सचिव राजेश कुमार उर्फ टिंकू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अवध किशोर अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष कुमार निराव, उपाध्यक्ष विकास कुमार अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल उर्फ बंटी, मुकुल कुमार अग्रवाल, महावीर चौक दुर्गा पूजा समिति मीडिया प्रभारी अमर गोस्वामी, अरविंद अग्रवाल सहित समस्त समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों का भरपुर सहयोग रहा।

> बाहर से पहुंचे प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रोतागण रात भर गीतों का लुत्फ उठाया। युवक वर्ग गीतों पर खूब नाचते रहे।

---

### शिक्षक संघ ने अपनी मांगों को लेकर विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सिमडेगा।** राज्य व्यापी आंदोलन के समर्थन में दूसरे चरण के तहत अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ सिमडेगा जिला इकाई ने जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा के नेतृत्व में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा एवम जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा को संयुक्त रूप से मुलाकात कर विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया । इस अवसर पर जिला महासचिव संजय कुमार ने विधायक को मांगो की विस्तृत जानकारी देते हुए सरकार से अभिनव मांगों को पूरा कराने की अपील की इस अवसर पर विधायक महोदय ने कहा कि आपकी मांगे जायज है ।आपकी मांगे पूरी होनी चाहिए उन्होंने आश्वासन दिया कि आपकी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री से व्यक्तिगत मुलाकात कर उन्हें विस्तृत जानकारी दी जाएगी और आपकी मांगों को पूरा कराने का भरपूर प्रयास किया जाएगा।

---

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर बोले कृषि सचिव

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का ग्रामीण उठाएं विशेष लाभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** स्टेडियम परिसर में कोलेबिरा प्रखंड प्रशासन के द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव सह सिमडेगा जिला प्रभारी अबू बकर सिद्दीकी विशिष्ट अतिथि के रूप में सिमडेगा उपायुक्त आर रोनिटा उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूह की दीदीयो के द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत स्वागत गान, पुष्प गुच्छ भेंट एवं माल्यार्पण कर किया गया. तत्पश्चात कोलेबिरा प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार के द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं अतिथियों का स्वागत भाषण देकर स्वागत किया गया तथा कोलेबिरा प्रखंड में अब तक किए गए आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के बारे में एवं उसकी सफलता के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी ने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजना का लाभ मिल सके जिसे देखते हुए राज्य सरकार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चला रखी है आप सभी उपस्थित लोग इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार के द्वारा विभिन्न विभागों में चलाए जा रहे लाभकारी योजना का जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और उन योजना का लाभ आप तुरंत इस कार्यक्रम के तहत प्राप्त कर सकते हैं.

# शिवराज सिंह मुंबई में शीर्षस्थ उद्योगपतियों से करेंगे मुलाकात

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश आमंत्रित करने के उद्देश्य से इंदौर में आगामी जनवरी माह में आयोजित होने वाले "इंवेस्टर्स समिट" की तैयारियों के बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को मुंबई की यात्रा के दौरान देश के शीर्षस्थ उद्योगपतियों और उनके प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार श्री चौहान 10 नवंबर को मुंबई में महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. अनीश शाह, हिन्दुस्तान यूनिलिवर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव मेहता तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज के निदेशक अनंत अंबानी व धनराज नाथवानी, सिएट टायर्स के प्रबंध निदेशक अनंत गोयनका, यू.एस. फार्मा के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक तपन संघवी, केमेरिक्स लाइफ साइंसेज के निदेशक ए.के. मिश्रा, एनक्यूब ऐथिकल फार्मा के प्रबंध निदेशक मेहुल शाह, ग्यूफिक बायोसाइंसेज के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक जयश चौकसी और पीरामल ग्रुप के उपाध्यक्ष डॉ. स्वाति पीरामल से भेंट करेंगे। इस अवसर पर राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का दल भी मौजूद रहेगा।

## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया, चतरा

### पी0एम0 नेशनल अप्रेन्टिस मेला (PMNAM) नवम्बर 2022 से संबंधित सूचना

निदेशालय रॉची के पत्रांक :– 1341 दिनाक– 21.10.2022 के आलोक में पी0एम0 नेशनल अप्रेन्टिस मेला (PMNAM 2022) का आयोजन MSDE, RSDE रॉची के संयुक्तत त्वाधन में एवं श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, व्दारा दिनांक–14.11.2022 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया, चतरा में किया जा रहा है।

इसमें ऐसे सभी प्रतिभागी भाग ले सकते हैं जो तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0 टी0 आई0 /डिप्लोमा/इंजिनियरिंग /Short terms skill etc) एवं गैर तकनीकी (छात्रों 5 वीं से स्नातक आदि ) योग्यता रखते हो या उद्योग प्रतिष्ठानों के व्दारा निर्धारित अर्हत्ता रखते हों।

अतः प्रशिक्षणर्थियों एवं सभी औद्योगिक इकाईयों से अनूरोध है कि वेब पोर्टल www.apprenticeshipindia.gov.in के apprentice mela page पर जाकर Trainees/Establishment पर अपना–अपना रजिष्ट्रेशन कर दिनांक–14.11.2022 को पूर्वाहन 9.00 बजे से **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया, चतरा** में आयोजित मे ले में भाग लेने का कष्ट करेंगे।

नोट–मेला स्थल पर पंजीकरण पूर्वाहन 9.00 बजे से प्रारंभ होगा, Covid - 19 के नियमों का पालन करना अतिआवश्यक है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिमरिया
चतरा।

PR 281758 Labour Employment and Traning(22-23)#D

## कार्यालय, जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

E-mail- zilaparishad.palamu@gmail.com

### सूचना

**Pr.no.-280121**

इस कार्यालय के अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना ज्ञापांक 787/जि0अ0, दिनांक 15.10.2022 के द्वारा 08 स्वास्थ्य उपकेन्द्रो के निर्माण हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गई थी। अपरिहार्य कारणो से उक्त निविदा को रद्द किया जाता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 281727 District(22-23)#D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT ROAD DIVISION, DALTONGANJ

**Very Short Notice Inviting Tender**
**(e-procurement Notice)**
**e-Tender Ref No:–RCD/DALTONGANJ/03/2022-23 (2nd Call)**
**Date:-09.11.2022**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for DPR Preparation of 2-Lane from Daltonganj ROB to North Koel Semra Mines including Land Acquisition, Forest Clearance and Utility Shifting etcat Daltonganj in the state of Jharkhand. |
| 2 | Tentative Length | 13.44 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 30 days |
| 4 | Cost of Tender documents | Demand Draft of any Scheduled Bank (non-refundable fee) of Rs 5,000/ (Five Thousand) only. EMD:- 2% earnest money of quoted amount netof GST in the form of 01 year Bank TDR/ FDR issued by any Nationalised/Scheduled Bank within the state of Jharkhand only/ Bank Guarantee from any Nationalised/ Scheduled Bank issued from anywhere in India for the period of 01 year pledged in favour of Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 11.11.2022, 10:30 AM |
| 7 | Last Date/Time of Online BidSubmission | 18.11.2022, 15:00PM |
| 8 | Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD | 22.11.2022, 15:00PM |
| 9 | Date and Time of Bid opening | 24.12.2022, 15:30 PM |
| 10 | Bid Validity | 120 days |
| 11 | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | (1) office of the Chairman, e-Procurement Cell, Room No. 330A, 3rd floor, Road Construction Department, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi. (2) Office of the Chief Engineer (Com.)-Cum- Nodal officer, e-Procurement Cell, Road Const. Dept. 1st Floor, Engineering Hostel, No.-2, Dhurwa, Ranchi. 834004. (3) Office of the Executive Engineer, R.,C.D, Road Division, Daltonganj |
| 12 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj Mob-8210361201 |

**Note-: Only e-Tender shall be accepted.**

**Executive Engineer,**
**Road Construction Department,**
**Road Division, Daltonganj**

PR.NO.281762 Road(22-23):D

## Government of Jharkhand Urban Development Department Medininagar Municipal Corporation

### e-Procurment Very Short Tender Notice

| S.I. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **Part – A** | | | | |
| 1 | UDHD/MMC /67/2022-23 | Construction of Development of Bus Stand (Govt.) Campus Under Medininar Municipal Corporation | 10181293 | 203700 | 10000 | 10 माह |
| 2 | UDHD/MMC /68/2022-23 | Construction of Development of Gandhi Maidan Under Medininar Municipal Corporation | 10873600 | 217500 | 10000 | 10 माह |
| 3 | UDHD/MMC /69/2022-23 | Construction of Development of Shivaji Maidan Under Medininar Municipal Corporation | 6118987 | 122400 | 10000 | 8 माह |
| 4 | UDHD/MMC /70/2022-23 | Construction of Strenghting of old black topped station road Road Under Medininagar Municipal Corporation | 5675768 | 113600 | 10000 | 6 माह |

**Part – B**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender On Website | 11/11/2022 AT 10:00 AM |
| 2 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 3 | Date Start Of Submission Of Bids | 11/11/2022 AT 10:00 AM |
| 4 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 17/11/2022 AT 02:00 PM |
| 5 | Date Of Bid Opening | 18/11/2022 AT 02:00 PM |
| 6 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 18/11/2022 12.00 PM to 01:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9431105183 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9304883244 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त,
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 281827 District(22-23)#D

झारखण्ड सरकार

## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल विभाग

### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

**शुद्धि पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित ई–प्राक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 11/2021-22 (अष्टम् आमंत्रण) जिसका PR – 281026 Lohardaga (22-23) : D है, में दोनों ग्रुपों हेतु निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है –

| Sl. | कार्य का नाम– Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Scheme on Solar Energy based Mini Water Supply Scheme in different blocks of Lohardaga District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 years Operation and maintenance works on "Turn-key basis" under D.W.& S. Division, Lohardaga for the year 2021-22 under JJM | |
|---|---|---|
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 10.11.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 19.11.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान | 21.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक<br>1. कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा का कार्यालय<br>2. अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला का कार्यालय |
| 6 | निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय | 22.11.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से। |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

विस्तृत जानकारी बेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 281826 Lohardaga(22-23)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

### द्वितीय शुद्धि पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **DWSD/Lohardaga/10/2022-23** (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR – 280090 (Lohardaga) 22-23(D) है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है –

| क्र0 | | संशोधित |
|---|---|---|
| 5 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 21 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc.) |
| 6 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 10.11.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक। |
| 7 | प्री बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 17.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची |
| 8 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 21.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक |
| 9 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान | 22.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक<br>1. कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय में।<br>2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।<br>3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची के कार्यालय में। |
| 10 | निविदा के तकनीकी बीडों को खोलने की संभावित तिथि एवं समय | 23.11.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से। |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR 281816 Lohardaga(22-23).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

### अतिअल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-08/2022-23(3rd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अमीन उरॉव के घर से कलेश्वर महतो के घर होते हुए लक्ष्मण टाना भगत के घर तक 1000 फीट पथ निर्माण, प्रखण्ड–सेन्हा, जिला–लोहरदगा। | **17,81,400.00** | **36000.00** | **5000.00** | 3 माह |

2 वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 09.11.2022
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 16.11.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक
4 ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय :- 17.11.2022 अपराह्न 02:30 बजे तक
5 निविदा खोलने का स्थान :- ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
6 तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 18.11.2022 अपराह्न 2:00 बजे
7 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
8 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :- 06526-223686, 9801557189 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

PR 281812 Lohardaga (22-23)_D

## कार्यालय उप विकास आयुक्त, पलामू (डी० आर० डी० ए०)

### प्रधानमत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर (जिला स्तरीय) एवं लेखापाल–सह– कम्प्यूटर ऑपरेटर (प्रखण्ड स्तरीय) पद पर चयन हेतु दक्षता परीक्षा के आयोजन से संबंधित सूचना

प्रधानमत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर (जिला स्तरीय) एवं लेखापाल–सह– कम्प्यूटर ऑपरेटर (प्रखण्ड स्तरीय) पद पर नियुक्ति हेतु दिनांक 17.09.2022 से 27.09.2022 तक विभागीय पोर्टल http://applyrdd.jharkhand.gov.in पर Online आवेदन प्राप्त किया गया। प्राप्त आवेदनों के स्क्रुटनी करने के उपरान्त palamu.nic.in पर सूची अपलोड करते हुए अभ्यर्थियों से दावा/आपत्ति दिनांक 22.10.2022 तक प्राप्त किया गया।

प्राप्त आवेदन के आलोक में अभ्यर्थियों से प्राप्तदावा/आपत्ति के निराकरण के पश्चात स्वीकृत एवं अस्वीकृत अभ्यर्थियों की सूची जिला के **Official Website-www.palamu.nic.in** पर अपलोड कर दी गयी है।

स्वीकृत अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा एवं कम्प्यूटर ज्ञान की परीक्षा निम्न विवरणी के अनुसार निर्धारित की गयी है :–

**दक्षता परीक्षा का कार्यक्रम–**

| पद का नाम | स्थान | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर (जिला स्तरीय) | डी0आर0डी0ए0, पलामू के सभागार | 13.11.2022 | पूर्वाहन11:00 बजे से पूर्वाह्न 1:30 तक |
| लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर (प्रखण्ड स्तरीय) | डी0आर0डी0ए0, पलामू के सभागार | 13.11.2022 | पूर्वाह्न 11:45 बजे से अपराह्न 12:15 तक |

**कम्प्यूटर ज्ञान की परीक्षा का कार्यक्रम–**

| पद का नाम | स्थान | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर (जिला स्तरीय) | NIC पलामू | 17.11.2022 | पूर्वाहन11:00बजे |
| लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर (प्रखण्ड स्तरीय) | NIC पलामू | | |

**परीक्षार्थी हेतु महत्वपूर्ण निर्देश :–**

- परीक्षा स्थल पर योग्य अभ्यर्थी परीक्षा के लिए निर्धारित समय से एक घंटे पूर्व उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।
- प्रवेशपत्र हेतु आवेदक द्वारा किये गये **Online** आवेदन की प्रिन्ट कॉपीमान्य होगी।
- परीक्षार्थी अपने साथ एक वैध पहचान–पत्र की मूलप्रति एवं एक छायाप्रति यथा–आधारकार्ड/पैनकार्ड/वोटर आई0डी0 कार्ड आदि।
- परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।
- परीक्षा केन्द्र पर किताब, कैलकुलेटर, पेजर, मोबाईल/किसी भी प्रकार का डिजिटल यंत्र का उपयोग प्रतिबंधित है।
- कदाचार करते पकड़े जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

उप विकास आयुक्त,
पलामू

PR 281729 District(22-23).D

## कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा

### अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 11/2022–23

विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा।
परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– 17.11.2022 तक कार्य अवधि में।
परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– नगर परिषद, कार्यालय, लोहरदगा।
निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 18.11.2022 के अपराह्न 3.00 बजे तक।
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 19.11.2022 के अपराह्न 3.30 बजे।

कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | वार्ड सं0–06 में विभिन्न स्थानो पर कम्पोस्ट पीट का निर्माण कार्य। | 7,83,938.00 | 15,700.00 | **5000** | 45 दिन |
| 2. | वार्ड सं0– 08 में सरिता देवी के घर से बसन्ती देवी के घर तक (अखौरी कॉलोनी) ग्रेड– 1 पथ का निर्माण कार्य। | 6,48,338.00 | 13,000.00 | **5000** | 45 दिन |
| 3. | वार्ड सं0– 15 में दुखन साव के घर से सुरेश महतो के घर होते हुए बालभद्र साहु के घर तक नाली का निर्माण कार्य। | 5,21,113.00 | 10,500.00 | **5000** | 45 दिन |

नोटः– नियम एवं शर्ते नगर परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा।

PR 281831 Lohardaga(22-23)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

### ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 14/2022–23 DMFT अंतर्गत स्वीकृत योजना (प्रथम आमंत्रण)

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 14.11.2022 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 25.11.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान :– 26.11.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक,
   1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में।
   2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 28.11..2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 9431516030
9. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of rural water supply Scheme with 1.0 HP DC Solar motor pump complete set for Tola - Kuru Block Muhlla, Shadik Raj, Village - Kundo, Panchayat - Tati, Block- Kuru has no electricity or less electricity on 1 Nos. 300mmx125mmx90.0 M GPT having potential to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 years for 24x7 supply under JJM in the state of Jharkhand, under D.W.&S. Div. Lohardaga for Year 2021-22. (DMFT) | 11,15,482.00 | 22,400.00 | 2,500.00 | 03 month |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्ते आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhand tenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का UCAN निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 281830 Lohardaga(22-23).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

### द्वितीय शुद्धि पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **DWSD/Lohardaga/09/2022-23** (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR – 280086 Lohardaga (22-23)_D है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है –

| क्र0 | | संशोधित |
|---|---|---|
| 5 | कार्य पूरा करने की अवधि | 21 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc.) |
| 6 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.11.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक। |
| 7 | प्री बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 17.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची |
| 8 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक |
| 9 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान | 23.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक<br>1. कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय में।<br>2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।<br>3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची के कार्यालय में। |
| 10 | निविदा के तकनीकी बीडों को खोलने की संभावित तिथि एवं समय | 25.11.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से। |

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR281815 (Lohardaga)22-23*D

सम्पादक की कलम से...

# आरोप-प्रत्यारोप का खेल

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी दोबारा समन भेज सकती है। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन के टाइम पीटिशन पर मंथन कर लिया है और अगले सप्ताह दूसरा समन जारी करने को तैयार है। जानकारी के अनुसार ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन के टाइम पीटिशन पर मंथन कर लिया है और अगले सप्ताह दूसरा समन जारी करने की तैयारी में है। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा मांगा गया 3 सप्ताह का समय उन्हें मिलना मुश्किल है। गौरतलब है कि ईडी ऐसे मामलों में तीन बार समन जारी करती है लेकिन यदि संबंधित व्यक्ति पूछताछ के लिए हाजिर नहीं होता तो एजेंसी कोर्ट से उचित विधि-सम्मत कार्रवाई के लिए विशेष निर्देश लेती है। बता दें कि ईडी ने मनी लाउंड्रिंग केस और अवैध खनन मामले में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बीते मंगलवार को देर रात समन जारी किया था। मुख्यमंत्री को 3 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था लेकिन सीएम नहीं आये। मुख्यमंत्री अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में व्यस्तता का हवाला देकर हाजिर नहीं हुए। जनता के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि मैं गुनहगार हूं तो समन क्यों। यदि हिम्मत है तो ईडी मुझे गिरफ्तार करे। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री ने ईडी को पत्र लिखकर तीन सप्ताह का समय मांगा। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से एक शेड्यूल भी सार्वजनिक किया गया जिसमें 15 नवंबर यानी झारखंड स्थापना दिवस तक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। बताया जा रहा है कि ईडी से मुख्यमंत्री को तीन सप्ताह का समय मिलना मुश्किल है। वैसे भी समन जारी किए हुए करीब 1 सप्ताह बीतने को है। ऐसे में ईडी ने साहिबगंज सहित अन्य जिलों में अवैध खनन और मनी लाउंड्रिंग केस में पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री को बुलाया है। दरअसल, 19 जुलाई को गिरफ्तार किये गये मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के घर पर 8 जुलाई को छापेमारी के दौरान ईडी को सीएम हेमंत सोरेन के बैंक खाते से जुड़ा चेकबुक मिला था। ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में जिक्र किया है कि 2 ब्लैंक चेक पर मुख्यमंत्री के हस्ताक्षर भी थे। हाल ही में ईडी ने खुलासा किया कि पंकज मिश्रा न्यायिक हिरासत में भी फोन के कई वरीय अधिकारियों के संपर्क में था। इस दौरान वो सीएम का नाम लेकर लोगों को धमकाता भी था। चार्जशीट में इस बात का भी जिक्र है कि ईडी द्वारा पूछताछ के क्रम में रवि केजरीवाल नाम के शख्स ने दावा किया था कि मुख्यमंत्री ने पंकज मिश्रा को निर्देश दिया था कि खनन से आये पैसों के प्रबंधन का जिम्मा प्रेम प्रकाश को सौंप दिया जाये। इन्हीं आधारों पर सीएम को तलब किया गया है। इसी बात को लेकर झारखंड में जारी है सियासी बयानबाजियां। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बीजेपी पर राज्य सरकार को अस्थिर करने की साजिश करने का आरोप लगाया है। केंद्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया है तो वहीं बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने राष्ट्रपति शासन की मांग की है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री को इस्तीफा देकर ईडी की जांच का सामना करना चाहिए। वहीं, कांग्रेस ने बीजेपी पर चोर दरवाजे से सत्ता का खेल खेलने का आरोप लगाया है।**

## आज का इतिहास

**2006 :** संयुक्त राष्ट्र संघ ने उत्तर कोरिया पर प्रतिबंध लगाया।
**1882 :** शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई।
**1884 :** प्रसिद्ध क्रांतिकारी और 'गदर पार्टी' के संस्थापक लाला हरदयाल का जन्म।
**1933 :** जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से अलग होने की घोषणा की।
**1943 :** जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।
**1946 :** हालैंड और इंडोनेशिया ने संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए।
**1990 :** सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोबाचौव को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया।
**1996 :** फिजी व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि की पुष्टि करने वाला प्रथम देश बना।
**1997 :** अरुंधति राय को उनके उपन्यास 'द गॉड आफ स्माल थिंग्स' के लिए ब्रिटेन के सबसे प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार के लिए चुना गया।
**1998 :** गरीबी उन्मूलन के लिए भारत की फातिमा बी को संयुक्त राष्ट्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
**1948 :** इजरायल और मिस्त्र के बीच युद्ध की शुरूआत हुई।
**1956 :** डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने अपने तीन लाख 85 हजार अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म अपनाया।
**1931 :** पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का तमिलनाडु के रामेश्वरम में जन्म।
**1932 :** टाटा कंपनी ने टाटा संस लिमिटेड नामक देश की पहली एयर लाइन की शुरूआत की।
**1949 :** त्रिपुरा राज्य को भारत में सम्मिलित किया गया।
**1961 :** लेखक सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला का निधन।
**1978 :** सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया।
**1988 :** उज्वला पाटिल समुद्र के रास्ते विश्व का चक्कर लगाने वाली पहली एशियाई महिला बनी।
**1990 :** बॉलीवुड अभिनेता ओम शिवपुरी का निधन।

# पाकिस्तान का राजनीतिक संकट

> इमरान खान देश में तुरंत आम चुनाव चाहते हैं और यह स्थिति उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को स्वीकार नहीं है। इमरान खान जिस सेना की शह पर 2018 में प्रधानमंत्री बने थे, वही सेना उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी बन गई है। क्रिकेट के मैदान में आक्रामक तेवर के लिए मशहूर रहे इमरान खान राजनीतिक मैदान को आक्रामकता से जीत लेना चाहते हैं, पर उनकी यह कोशिश कामयाब होती दिख नहीं रही है। इस साल रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले की शुरूआत में बतौर प्रधानमंत्री इमरान खान की रूस यात्रा और पुतिन से मुलाकात पाकिस्तान की सैन्य रणनीति के उलट मानी गई।

सत्ता हाथ से जाने के बाद इमरान खान पिछले कई महीनों से सत्तारूढ़ दल और सेना के खिलाफ हमलावर रहे हैं तथा रैलियों और जलसों में शहबाज शरीफ की सरकार को खरीद-फरोख्त की सरकार बताते रहे हैं। उन्हें अभूतपूर्व जनसमर्थन भी मिल रहा है, लेकिन सेना और आइएसआइ इमरान खान की बढ़ती लोकप्रियता से आशंकित हैं। पाकिस्तान एक राष्ट्र के तौर पर लोकतंत्र की मूल मान्यताओं से बहुत दूर नजर आता है। लोकतांत्रिक देशों में राजनीतिक यात्राओं को सत्ता प्राप्ति का साधन माना जाता है, लेकिन वहां ऐसा बिल्कुल नहीं है। पाकिस्तान में सत्ता के विरोध में जनता को लामबंद करने के लिए 'लांग मार्च' की परंपरा बहुत पुरानी है, हालांकि यह लोकतंत्र की मजबूती का कारण कभी नहीं बन पाई। वहां चुनी हुई लोकतांत्रिक सरकारों को बर्खास्त करने के लिए सेना ने विपक्षी दलों से मिल कर कई बार इन्हीं 'लांग मार्च' को मजबूत किया। देश में अशांति का माहौल बनाने में मदद की और फिर सुरक्षा के नाम पर प्रधानमंत्री को अपदस्थ करके सैन्य सरकार की स्थापना कर दी। एक बार फिर पाकिस्तान उसी रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। तहरीक-ए-इंसाफ के नेता इमरान खान के नेतृत्व में 'लांग मार्च' का कारवां पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में समाप्त होता, उसके ठीक पहले उन पर हमला हो गया। यह लोकतंत्र को खत्म करने की सुनियोजित कोशिश का हिस्सा दिखाई देता है। इमरान खान को 'लांग मार्च' में जिस प्रकार अभूतपूर्व समर्थन मिला है, वह न तो पाकिस्तान की सेना के लिए सुखद संकेत माना गया और न ही सत्तारूढ़ पार्टी के लिए। इमरान खान देश में तुरंत आम चुनाव चाहते हैं और यह स्थिति उनके राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को स्वीकार नहीं है। इमरान खान जिस सेना की शह पर 2018 में प्रधानमंत्री बने थे, वही सेना उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी बन गई है। क्रिकेट के मैदान में आक्रामक तेवर के लिए मशहूर रहे इमरान खान राजनीतिक मैदान को आक्रामकता से जीत लेना चाहते हैं, पर उनकी यह कोशिश कामयाब होती दिख नहीं रही है। इस साल रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले की शुरूआत में बतौर प्रधानमंत्री इमरान खान की रूस यात्रा और पुतिन से मुलाकात पाकिस्तान की सैन्य रणनीति के उलट मानी गई। अमेरिकी प्रभाव वाले इस देश में इमरान खान की रूस के करीबी दिखने की कोशिश को सेना ने चुनौती की तरह लिया और उसने विपक्षी दलों से हाथ मिलाकर उनको प्रधानमंत्री पद छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। पाकिस्तान में हर सरकार अमेरिका से बेहतर संबंध बनाये रखती है। पाकिस्तानी सेना के पास अधिकांश अत्याधुनिक हथियार अमेरिका के ही हैं। 1979 में अफगानिस्तान में तत्कालीन सोवियत संघ के सैन्य हस्तक्षेप के बीच पाकिस्तान और अमेरिका के सैन्य और कूटनीतिक संबंधों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई थी। बाद में इसके व्यापक वैश्विक प्रभाव पड़े। अफगानिस्तान में मुजाहिदीन की सेना, तालिबान का जन्म और सोवियत संघ का विभाजन इन्हीं स्थितियों का परिणाम माना जाता है। अमेरिका की शह पर पाकिस्तान ने आतंकी केंद्र बनाये और अफगानिस्तान से सोवियत संघ की सेना को बाहर निकालने के लिए जिहाद को राजनीतिक हथियार बनाया। इमरान खान का रूस को समर्थन, उनकी अपरिपक्वता और पाकिस्तानी सैन्य हितों के विपरीत माना गया। इसके बाद पाकिस्तान की राजनीति में भारी उथल-पुथल हुई और सत्ता उनके हाथ से जाती रही। देश के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो बने। सत्ता हाथ से जाने के बाद इमरान खान पिछले कई महीनों से सत्तारूढ़ दल और सेना के खिलाफ हमलावर रहे हैं तथा रैलियों और जलसों में शहबाज शरीफ की सरकार को खरीद-फरोख्त की सरकार बताते रहे हैं। उन्हें अभूतपूर्व जनसमर्थन भी मिल रहा है, लेकिन सेना और आइएसआइ इमरान खान की बढ़ती लोकप्रियता से आशंकित हैं। लगभग डेढ़ दशक पहले पाकिस्तान में बेनजीर भुट्टो ने भी कुछ ऐसा ही साहस दिखाने की कोशिश की थी, जिसका परिणाम उनकी हत्या के रूप में सामने आया। इस घटना के दस साल बाद यानी 2017 में पाकिस्तान की 'एंटी टेररिज्म कोर्ट' ने बेनजीर भुट्टो हत्याकांड में पूर्व राष्ट्रपति और तानाशाह परवेज मुशर्रफ की संलिप्तता पर मुहर लगाते हुए उन्हें भगोड़ा करार दिया और उनकी संपत्ति जब्त करने के आदेश दिए थे।

**■ ब्रह्मदीप अलूने**

# खट्टे-मीठे स्वाद के स्वागत का मौसम

पिछले हफ्ते हमारे यहां अयोध्या में एकादशी मनाई गई। पंचकोसी और चौदह कोसी परिक्रमा हुई, जिसमें लगभग पैंतीस-चालीस लाख लोगों ने हिस्सा लिया। अवध में एकादशी पूरी तरह से किसानों का त्योहार है। एकादशी से ही गन्ना कटना शुरू होता है, आंवले तोड़े जाते हैं। अक्टूबर-नवंबर हमारे यहां खट्टे-मीठे स्वाद के स्वागत का मौसम है। अब गांव-गांव से गुड़ पकने की खुशबू आने लगी है। कहीं सिंपल भेली बना रहे हैं तो कहीं गरी, सोंठ, छुहारे वाली मिक्स भेली। लहंटा अलग खींचा जा रहा है। खींच-खींचकर जब उसे भूरे से सफेद कर देंगे, तो कुछ लोग बांस के डंडे में लपेट कर अपनी साइकिल से गली-गली घूमेंगे और केवड़े से महकती चीनी की गुडियां, बुढ़ियां, फूल बनाकर बेचेंगे। फिर खांड भी बन रही है। ठंडे पानी में गुड़ नहीं घुलता, इसलिए खांड बनती है। भीषण गर्मी में जब कोई शहर से हमारे गांव आयेगा, तो तुरंत चापाकल से ठंडा पानी निकाला जायेगा, और खांड घोलकर गन्ने का रस हाजिर किया जायेगा। जाड़े आने वाले हैं तो बड़की मौसी मूंगफली वाली पट्टी बनाने के लिए बड़ा थाल लेकर कोल्हू पर पहुंची हैं। गुड़ की पट्टी लहंटा का ही सूखा स्वरूप है। उधर आंवले तोड़े जा रहे हैं। आंवले का अचार बनेगा, मगर अचार से ज्यादा तो आंवले का मुरब्बा बनेगा। आंवले की गुड़ मिली कैंडी बनेगी। इसमें थोड़ा जीरा, थोड़ी सोंठ और थोड़ी काली मिर्च पड़ेगी। बस हफ्ते भर में ही आपको प्रतापगढ़ के अधिकतर घरों के आंगन में आंवले सूखते मिलेंगे। मगर मुझे लगता है कि इस मौसम वाली एकादशी खट्टे से कहीं ज्यादा जीवन में मिठाई भरने के लिए मनाई जाती है। हम कितने भी हैरान-परेशान हों, नशे की तरह ही मीठा भी हमें तुरंत सुख देता है। इसी सुख के स्वागत के लिए फैजाबाद, सुल्तानपुर, गोंडा, बहराइच, बाराबंकी, रायबरेली, बस्ती आदि के किसान अयोध्या में जुटते हैं, भगवान राम की परिक्रमा करते हैं और कनक भवन में दर्शन कर अपने-अपने खेतों में हंसिया-गंड़ासा लेकर उतर पड़ते हैं। एकादशी की रात तो और भी ढ़ेरों चीजें होती हैं। कुछ बहुत पहले होती थीं, जो अब कभी-कभार ही देखने को मिलती हैं। कुछ अब भी होती हैं, जैसे गन्ने की गेंड़ तोड़कर सूप बजाते हुए दलिद्दर भगाना। मेरी अम्मा अब लगभग 94-95 की हो चुकी हैं और अभी भी उनको फाग, नकटा, नकटा राग, गारी, द्वारचार और विदाई वाले गीत याद हैं। मैंने उनसे पूछा कि अब उनको एकादशी में क्या देखने को नहीं मिलता? ऐसा लगा कि जैसे भरी बैठी हों। कहने लगीं, अब तो किसी में एकादशी की इज्जत ही नहीं है। बहुत से लोग तो एकादशी के पहले ही गन्ना काटने लगे हैं। अब न चौक पूरी जाती है, न उसमें पांच गन्ना देवता को चढ़ाया जाता है, न सात गन्ने भवानी को चढ़ाते हैं। पूरे परिवार को एक साथ बैठकर गन्ने का डिठवन करना होता था, यानी चूसना होता था, तो अब तो परिवार ही नहीं रहे।

**■ राहुल पाण्डेय**

## धर्म दर्शन

# श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

लक्ष्मीजी बोलीं- हे देवदेवेश! एक बार भगवान् विष्णुको एकान्तमें पद्मासन लगाकर ध्यानस्थ हो तपस्या करते हुए जब मैंने देखा तब मुझे महान् विस्मय हुआ और पुनः समाधिसे जगनेपर उन्हें अति प्रसन्न जानकर मैंने पतिदेवसे विनयपूर्वक पूछा- ॥ 39-40 ॥

हे देवदेव! हे जगन्नाथ हे प्रभो! जिस समय ब्रह्मा आदि सभी देवताओं तथा दैत्योंके द्वारा मथे ज रहे समुद्रसे मैं निकली, उस समय पतिकी इच्छासे मैंन सभीकी ओर देखा, सभी देवताओंकी अपेक्षा आप ही श्रेष्ठ हैं—ऐसा निश्चय करके मैंने आपका ही वरण किया था। अतः हे सर्वेश! आप किसका ध्यान कर रहे हैं? मुझे यह महान् सन्देह है। हे कैटभारे! आप मेरे प्रिय हैं। अतः अपने मनकी बात मुझे बतायें ॥ 41-43 ॥

विष्णु बोले- हे प्रिये ! मैं जिन सुरश्रेष्ठ, आशुतोष, महेश्वर तथा पार्वतीपति शंकरका ध्यान [अपने] हृदयमें कर रहा हूँ, उनके विषयमें बताऊँगा ; सुनो ॥ 44 ॥

असीम पराक्रमसम्पन्न देवाधिदेव भगवान् शंकर कभी मेरा ध्यान करते हैं और कभी मैं त्रिपुरासुरके संहारक देवेश शंकरका ध्यान करने लगता हूँ ॥ 45 ॥

शिवका प्रिय प्राण मैं हूँ तथा मेरे प्रिय प्राण वे हैं। इस प्रकार परस्पर अनुरक्त चित्तवाले हम दोनोंमें कोई अन्तर नहीं है ॥ 46 ॥

हे विशालनयने मेरे भगवान शंकरसे द्वेष करते हैं वे निश्चितरूपसे नरकमें पढ़ते हैं. मैं यह सत्य कह रहा हूँ ॥ 47 ॥

हे गिरिजावल्लभ एकान्तमें मेरे पूछने पर सर्वसमर्थ देवदेव भगवान् विष्णुने ऐसा बताया था। अतएव आपको विष्णुका परम प्रिय जानकर मैंने आपका ध्यान किया। हे महेशान! अब जैसे मुझे पतिस-ंनिध्य प्राप्त हो जाय, वैसा आप कीजिये ॥ 48-49 ॥

व्यासजी बोले- लक्ष्मीजीका यह वचन सुनकर वाणीविशारद भगवान शंकरने मधुर वचनोंसे उन्हें आश्वासन देकर कहा- हे पृथुश्रोणि धैर्य रखो। मैं तुम्हारी तपस्यासे प्रसन्न हूँ। पतिसे तुम्हारा मिलन अवश्य होगा इसमें सन्देह नहीं है ॥ 50-51 ॥

वे भगवान जगदीश्वर मुझसे प्रेरित होकर तुम्हारी कामना पूर्ण करनेके लिये अश्वका रूप धारण करके यहाँ पर आयेंगे ॥ 52 ॥

मैं उन मधुसूदनको इस प्रकार प्रेरित करूँगा, जिससे वे मदातुर होकर अश्वरूपमें तुम्हारे पास आयेंगे ॥ 53 ॥

- क्रमशः

# 2017 से कितनी अलग है चुनाव की तस्वीर

चुनाव आयोग ने गुजरात विधानसभा चुनाव की घोषणा ऐसे समय की, जब मोरबी पुल त्रासदी के कारण पूरा माहौल दुख से भरा हुआ है। कांग्रेस और आप दोनों इसे बड़ा मुद्दा बनाने की रणनीति अपना रहे हैं। लेकिन चुनाव कभी एक मुद्दे पर नहीं होता। पूरे प्रदेश और देश का वातावरण, नेतृत्व, उम्मीदवार, स्थानीय मुद्दे, राज्यव्यापी और राष्ट्रीय मुद्दे, प्रचार अभियान, सामाजिक समीकरण से चुनाव परिणाम निर्धारित होते हैं। मोरबी की घटना निश्चित रूप से हमारे अंदर दुख और क्षोभ पैदा करती है। किंतु चुनावों में अभी तक इस तरह की त्रासदियां मतदान को प्रभावित करने वाला मुख्य कारक कहीं नहीं बनी हैं। इसलिए विपक्ष कितना भी चाहे, लगता नहीं कि मोरबी चुनाव को प्रभावित करने वाला बड़ा मुद्दा बनेगा। **मोदी फैक्टर :** हां, प्रधानमंत्री और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को विपक्ष ने पिछले 20 वर्षों में जिस तरह प्रस्तुत किया है, वह हमेशा यहां विधानसभा और लोकसभा चुनावों को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक रहा है। इस बार यह कमजोर पड़ेगा, ऐसा मानने का कोई कारण नहीं है। सच पूछिये तो 2002 से 2012 तक देश-विदेश के लोगों की नजरें गुजरात विधानसभा चुनावों पर ही टिकी रहती थीं। 2014 के बाद स्थिति बदली। अब पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के विधानसभा चुनाव भी गुजरात की श्रेणी में आ गए हैं। विपक्षी दलों के अलावा देशभर से मोदी, बीजेपी, संघ विरोधियों का जमावड़ा इन राज्यों में होने लगा है। पहले यह ट्रेंड गुजरात तक सीमित था। जाहिर है, कुछ ही समय में आपको गुजरात से इन सबके ऊंचे स्वर सुनाई देंगे। आम मतदाता इनसे कितना प्रभावित होगा, यह अलग बात है। गुजरात चुनाव की घोषणा के पहले ही 2017 इलेक्शन की बात कही जाने लगी, लेकिन क्या यह तुलना होनी चाहिए? सत्ता में आने के बाद से पहली बार 2017 में बीजेपी 100 के नीचे यानी 99 पर सिमटी और कांग्रेस को तब 77 सीटें मिलीं। 2017 के चुनावों में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीन दर्जन सभायें करनी पड़ी थीं। पूरी बीजेपी ने दिन-रात एक किया तब जाकर यह परिणाम आया। बीजेपी को 49.1 और कांग्रेस को 41.4 वोट आए। दोनों के बीच करीब 23 लाख वोटों का ही अंतर रहा। इस आधार पर कोई यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि अगर जोर लगाया जाता तो बीजेपी तब सत्ता से बाहर हो सकती थी। किंतु याद रखना चाहिए कि तब चुनाव नोटबंदी और जीएसटी के साये में हुए थे। किसान और पाटीदार आंदोलन भी जोरों पर था। तीन युवा नेता हार्दिक पटेल, अल्पेश ठाकोर और जिग्नेश मेवानी के प्रचार ने कांग्रेस को लाभ पहुंचाया तो बीजेपी को नुकसान। आज हार्दिक पटेल और अल्पेश ठाकोर बीजेपी में हैं और जिग्नेश मेवानी की हैसियत चुनाव को ज्यादा प्रभावित करने की नहीं रही। तब कांग्रेस का सीधा मुकाबला बीजेपी से था। बीजेपी विरोधी मत उसके पाले में आ गये थे। इस बार आम आदमी पार्टी के रूप में तीसरी शक्ति मौजूद है। गुजरात में 2017 विधानसभा चुनावों के बाद के दो घटनाक्रम भी गौर करने लायक हैं। एक तो यह कि बाद के उपचुनावों में मिली जीत की बदौलत वर्तमान विधानसभा में बीजेपी सदस्यों की संख्या 112 तक पहुंच गई है। आज किसी को विश्लेषण करना हो तो आधार इसे ही बनाना पड़ेगा। दूसरे, 2019 लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने 62.21 मत पाए, जबकि कांग्रेस को केवल 32.11 मत मिला। यानी दोनों के बीच 30 का अंतर। विधानसभा क्षेत्रों के लिहाज से देखें तो कुल 182 में बीजेपी को 173 में बढ़त थी, जबकि कांग्रेस सिर्फ नौ में आगे थी। इसका अर्थ हुआ कि जिन वोटरों ने 2017 में बीजेपी के विरुद्ध मतदान किया, उनका बहुत बड़ा हिस्सा बीजेपी के पाले में वापस आ गया। इस बार के चुनावों में सबसे रहस्यमय स्थिति कांग्रेस की है। राहुल गांधी ने 5 सितंबर, 2022 को प्रदेश में पार्टी अभियान की शुरूआत की। अभी वह दक्षिण में भारत जोड़ो यात्रा पर हैं। इससे आकलन थोड़ा कठिन हो गया है। आम आदमी पार्टी ने उन क्षेत्रों में ज्यादा जोर लगाया है, जहां कांग्रेस ताकतवर रही है। आप ने दिल्ली और पंजाब दोनों जगह मुख्यतः कांग्रेस का ही वोट काटा है। गुजरात में यह प्रवृत्ति बदल जायेगी इसके संकेत अभी नहीं हैं। आप जिस उत्साह से चुनाव लड़ रही है, उससे माहौल ऐसा बना है जैसे मुख्य मुकाबला बीजेपी और उसके बीच हो। हालांकि कांग्रेस का अपना एक आधार गुजरात में है, किंतु जिन्हें नरेंद्र मोदी और बीजेपी को हर हाल में हराना है, वे निश्चित रूप से यह देखेंगे कि कहां विपक्ष की कौन सी पार्टी शक्तिशाली है। **गैर दलीय विपक्ष :** वर्तमान भारतीय राजनीति में जहां भी बीजेपी का जनाधार है, वहां नरेंद्र मोदी का नाम सबसे बड़ा फैक्टर हो जाता है।

**■ अवधेश कुमार**

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

# लोड शेडिंग में सुधार हो

जरूरत से आधा से भी कम बिजली मिलने से हर दो घंटे पर एक घंटे बिजली कटौती की जा रही है। बिजली विभाग के अधिकारी यह नहीं बता पा रहे हैं कि आखिर यह बिजली कटौती कितने दिन तक चलेगी। हाल यह है कि सुदना सब ग्रिड को 80 मेगावाट के बदले महज 30 मेगावाट बिजली मिल रही है। बिजली विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेंट्रल लो-डिस्पैच (सीएलडी), रांची से सुदना सब ग्रिड को आधी से भी कम बिजली लेने का निर्देश जारी किया गया है। नगर निगम अंतर्गत सुदना सब ग्रिड को समान्यतः पिक आवर में 70-80 मेगावाट की जरूरत होती है। जबकि ग्रिड को महज 30से 35 मेगावाट बिजली ही मिल रही है। इस कारण सुदना सब ग्रिड से जुड़े सभी छह सब स्टेशन को जरूरत से कही कम बिजली आपूर्ति की जा रही है। पिक आवर के समय बिजली की मांग घटते-बढ़ते रहने के कारण एकरूपता नहीं रहती है। मैं लोक प्रिय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ कि गर्मी के दिनों में बिजली की कटौती नहीं किया जाय। ग्रिड को आपूर्ति के लिए उसे जितनी आवश्यकता है उसे दिया जाय। क्योंकि इससे पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है।

**■ विनोद कुमार, मेदिनीनगर।**

# नई सरसों के खिलने की बुनियादी शर्त

हथेली पर सरसों उगाना एक मुहावरा है, लेकिन केंद्र सरकार ने किसानों की हथेली पर जेनेटिकली मॉडिफाइड, यानी जीएम सरसों के जो बीज पिछले दिनों रखे, वे भारतीय कृषि के नजारे को काफी हद तक बदल सकते हैं। यह सब रातोंरात नहीं होगा। अभी तो केंद्र सरकार ने सिर्फ इसकी इजाजत ही दी है। अब हमारे पास है सरसों की एक ऐसी किस्म, जिसे 28 फीसदी तक अधिक उपज के दावे के साथ पेश किया गया है। हालांकि, खेतों में बड़े पैमाने पर इस सरसों की बुवाई का मौका दो साल बाद ही आयेगा। मगर एक उम्मीद बनी है, जो हो सकता है कि दूर तक भी चली जाय। ज्यादा बड़ा सवाल यह है कि देश की किसानी इस समय जिन संकटों से जूझ रही है, क्या उसमें इस तरह की फसलें कुछ मदद कर सकेंगी? बीटी कपास एकमात्र ऐसी जीएम फसल है, जिसकी लंबे समय से देश में बुवाई हो रही है। इसकी बदौलत देश कपास के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक व निर्यातक बन गया है। फिर, तरह-तरह के कीटों के प्रकोप से कपास की फसल जिस तरह से पहले पूरी तरह बर्बाद हो जाया करती थी, वैसी घटनाएं इतनी कम हो गई हैं कि अब उनकी चर्चा भी नहीं होती। निस्संदेह, कपास किसानों से जुड़ी बबार्दी की घटनाएं कम हुई हैं, लेकिन क्या उनकी हालत भी बेहतर हुई है? कपास किसानों की माली हालत की तुलना अगर हम गेहूं या अन्य फसलें उपजाने वाले किसानों से करें, तो उनमें कोई बड़ा अंतर नहीं दिखता। जीएम सरसों को हरी झंडी दिखाने के फैसले को कुछ विशेषज्ञों ने दूसरी हरित क्रांति की शुरूआत कहा है। एक अर्थ में यह बात सही भी साबित हो सकती है। पहली हरित क्रांति तब हुई थी, जब देश भीषण खाद्य संकट से गुजर रहा था। आज भी कुछ लोग उस हरित क्रांति की ढ़ेर सारी खामियां गिनाते हैं, लेकिन उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उसने देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बना दिया। इस दूसरी हरित क्रांति की बात उस समय हो रही है, जब देश खाद्य तेलों के मामले में आत्मनिर्भरता से लगातार दूर जा रहा है। देश की खाद्य तेलों की 60 फीसदी जरूरत आज भी आयात से पूरी होती है। आयात पर इस निर्भरता को खत्म करना है, तो तिलहन की उपज तेजी से बढ़ानी होगी। जीएम सरसों में जो वादा या दावा किया जा रहा है, उससे भी कहीं ज्यादा तेजी से। मुमकिन है कि कुछ लगातार प्रयासों से यह लक्ष्य भी हासिल हो जाय। मगर क्या इससे किसानों की समस्याएं भी खत्म हो जायेंगी? क्या सरसों की अधिक पैदावार किसानों की अधिक आमदनी की गारंटी बन सकेगी? यह बात याद रखनी भी जरूरी है कि जिसे हम पहली हरित क्रांति कहते हैं, उसने देश के खाद्य संकट का समाधान तो किया ही था, किसानों की बहुत सारी समस्याओं को भी हल किया था। पहली हरित क्रांति के पीछे भी विज्ञान था, गेहूं की एक उन्नत किस्म थी, जिसे मैक्सिको के वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग ने काफी प्रयासों से विकसित किया था। बौने पौधे वाली गेहूं की इस किस्म में अधिक उपज की गारंटी तो थी ही, साथ-साथ यह फसल को कई तरह के रोगों और कीटों से भी बचाती थी। इसकी अधिक उपज के साथ एक शर्त यह भी जुड़ी थी कि किसान खेती के अपने परंपरागत तरीकों को बदलें। खेत की उर्वरता बढ़े और समय पर सिंचाई का पक्का इंतजाम हो। नॉर्मन बोरलॉग ने विज्ञान की अपनी जादूगरी से हमें जो बीज सौंपे थे, अगर हम उसके लायक जमीन न तैयार कर पाते, तो वह जादू कम से कम भारत में तो अपना तिलस्म खो बैठता। शुरूआत के कुछ साल तो इसी जमीन को तैयार करने में बीते। किसानों को प्रशिक्षण देने के अलावा बड़े पैमाने पर उर्वरकों का इंतजाम किया गया। यह रासायनिक खाद इतनी महंगी थी कि उन्हें खरीद पाने की हैसियत देश के आम किसानों की नहीं थी। किसानों को उर्वरकों का इस्तेमाल सिखाने से कहीं ज्यादा कठिन था, अर्थशात्रियों और नीति-नियामकों को उनकी कीमत कम करने के लिए राजी करना। एक दूसरा खतरा भी था, जिसे समय रहते भांप लिया गया था।

**■ हरजिंदर**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# सर्दियों में फिट एंड फाइन रहने के लिए आंवला को आज ही करें डाइट में शामिल



सर्दियों के मौसम ने दस्तक दे दी है। इस मौसम में कई सारी स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। डॉक्टर्स और हैल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, आप इन बीमारियों से बचने के लिए मौसमी फलों का सेवन कर सकते हैं। इसी मौसम में आंवला भी आता है। सर्दियों में आंवले का सेवन कर सकते हैं। आंवले में विटामिन-सी काफी अच्छी पाई जाती है। 100 ग्राम आंवले में संतरे के तुलना में 10 से 30 गुना ज्यादा विटामिन-सी पाया जाता है।

**पोषक तत्वों से भरपूर होता है आंवला :** आयुर्वेद में भी आंवले को बहुत ही लाभदायक माना जाता है। इसमें विटामिन-ई, विटामिन-ए, विटामिन-बी कॉम्पलेक्स, पौटेशियमस कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, काबोर्हाइड्रेट, फाइबर जैसे गुण पाए जाते हैं। सर्दियों में आप इसे अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। सर्दियों में आंवला खाने से आपकी इम्यूनिटी मजबूत रहेगी। नियमित आंवला खाने से दिल की बीमारियों से भी राहत पाई जाती है।

**इम्यून सिस्टम करे मजबूत :** सर्दियों में इम्यून सिस्टम भी बहुत ही प्रभावित होता है। इम्यून सिस्टम को स्वस्थ रखने के लिए आप आंवले का सेवन इस मौसम में कर सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले विटामिन्स कोल्ड और वायरस जैसी समस्याओं से लड़ते हैं और इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाते हैं। सर्दियों में इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए आप शरीर की बीमारियों से बच सकते हैं।

**कंट्रोल करे ब्लड शुगर :** आंवला में क्रोमियम नामक पोषक तत्व काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। यह पोषक तत्व ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने में मदद करता है। डायबिटीज के मरीजों के लिए यह बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा आंवले में फाइबर की मात्रा भी काफी ज्यादा पाई जाती है। फाइबर के ज्यादा सेवन से इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम की समस्या भी हो सकती है।

**आंखों को रखे स्वस्थ :** आंवला आंखों को भी स्वस्थ रखने में मदद करता है। सर्दियों में इसका सेवन करने से आप अपनी आंखों को स्वस्थ रख सकते हैं। आंवले का जूस या इसका मुरब्बा बनाकर आप खा सकते हैं।

**दूर करे मुंह के छाले :** मुंह के छाले दूर करने के लिए भी आप आंवले का इस्तेमाल कर सकते हैं। गर्म पानी में आंवला जूस मिलाकर पिएं। इससे आपको कुछ ही दिनों में असर दिखने लगेगा। मुंह में बार-बार होने वाले छालों की समस्या से भी राहत मिलेगी। इसके अलावा कच्चा आंवला के आने या इसका जूस पीने से दांत और मसूड़े भी मजबूत होते हैं। सांसों की दुर्गंध से भी आंवले का सेवन से आप राहत पा सकते हैं।

**मुहांसे करे दूर :** आंवला में पाए जाने वाले गुण आपका खून साफ करने में भी मदद करते हैं। इसके सेवन से मुहांसों दूर होते हैं और स्किन बेदाग और चमकदार होती है। आंवले में विटामिन-सी पाया जाता है जो स्किन को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है। आंवले का सेवन करके आप त्वचा की सूजन भी दूर कर सकते हैं।

**बालों में लाए चमक :** यदि आप रोज हेयर क्लींजर के रुप में आंवले का इस्तेमाल करते हैं तो इससे रुसी की समस्या दूर होती है। साथ ही इससे आपके बालों में भी चमक आती है। यदि आपके बाल रुखे और समय से पहले ही सफेद हो रहे हैं तो आप इस समस्या से राहत पाने के लिए आंवला का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# क्या उम्र बढ़ जाने पर वजन घटना हो रहा है मुश्किल

30 की उम्र के बाद वजन कम करने के लिए आपको अपने खानपान का चयन भी हेल्दी रखना होगा। ऐसे में शुगर मुक्त ड्रिंक को लेकर लापरवाही नहीं करनी है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस तरह की ड्रिंक्स सिर्फ कैलोरी और कृत्रिम मिठास से भरपूर्ण होती हैं। उम्र बढ़ने के साथ-साथ कई लोगों का वजन भी बढ़ने लगता है। जिस पर अगर समय रहता रोक नहीं लगाई गई तो आगे चलकर बड़ी समस्या हो सकती है। इसलिए बढ़ते वजन काबू करना काफी जरूरी है। अगर आपकी उम्र 30 साल से ऊपर हो गई है और आप ये सोचकर परेशान रहते हैं कि वजन घटना अब आपके लिए मुश्किल है तो इसे लेकर आपको किसी तरह की कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। दरअसल, एक हेल्दी लाइफस्टाइल और फिटनेस की राह पर जाने के लिए कोई उम्र नहीं होती है। आप अपने जीवनशैली में जितनी जल्दी बदलाव लाएंगे उतनी ही जल्दी आप फीट हो सकते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स कहते हैं कि आप व्यायाम, मांसपेशियों के निर्माण पर काम कर और अच्छी नींद लेकर कुछ किलो वजन कम कर सकते हैं। वहीं आज हम आपको वजन कम करने के कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं जिन्हें आप 30 साल की उम्र होने के बाद भी अपना सकते हैं।

**तनाव मुक्त रहें :** अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो आपको तनाव मुक्त रहना होगा। आपके वजन घटाने के लक्ष्यों को तनाव धीमा कर सकता है। ऐसे में आप कितना भी कम कैलोरी का सेवन करें, किसी तरह का कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इसलिए 30 साल की उम्र के बाद वजन कम करना चाहते हैं तो आपको तनाव से दूर रहना होगा।

**वेट ट्रेनिंग करें :** वेट ट्रेनिंग करने से कई लोग अपना जी चुराने लगते हैं। फिटनेस एक्सपर्ट्स का मानना है कि वेट ट्रेनिंग से दिनचर्या फैट बर्न और मांसपेशियों के निर्माण में सहायाता मिलती है। इसलिए आपके लिए पुश-अप, पुल-अप और तख्तों जैसे वेट ट्रेनिंग लाभदायक हो सकती है।

**अच्छी नींद लें :** हेल्थ एक्सपर्ट्स कहते हैं कि 7 से 8 घंटे की अच्छी नींद लेना हमारी सेहत के लिए काफी अच्छा रहता है। इस तरह से वजन घटाने में भी मदद मिलती है। अच्छी नींद लेना वजन घटाने के शासन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। आपको बता दें कि नींद पूरी न होने पर भूख ज्यादा लगती है और फिर आप समग्र कैलोरी का सेवन कर लेते है। इसलिए जरूरी है कि आप हर रात कम से कम 8 घंटे की नींद लें।

**शुगर वाली ड्रिंक से बचें :** 30 की उम्र के बाद वजन कम करने के लिए आपको अपने खानपान का चयन भी हेल्दी रखना होगा। ऐसे में शुगर मुक्त ड्रिंक को लेकर लापरवाही नहीं करनी है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस तरह की ड्रिंक्स सिर्फ कैलोरी और कृत्रिम मिठास से भरपूर्ण होती हैं। जिनकी मदद से ब्लड शुगर का स्तर बढ़ सकता है और आपका वजन भी बढ़ सकता है। इसलिए सिर्फ अदरक वाली चाय, ब्लैक टी, ग्रीन टी, हर्बल टी या सादा गर्म पानी पिएं।

**फल और सब्जियों का ज्यादा सेवन करें :** बढ़ती उम्र के साथ हमें अपने खानपान को हेल्दी बनाएं रखना चाहिए। फल और सब्जियों का सेवन करने से आपकी खूबसूरती बनी रहती है और आप अपनी उम्र के हिसाब से जवां नजर आते हैं। वहीं, वजन कम करने के लिए मौसम के मुताबिक आएं फल और सब्जियों का सेवन करना चाहिए। आप इसका लाभ उठाने के लिए सब्जियों को उबालकर उसका सेवन कर सकते हैं।

**काबोर्हाइड्रेट फूड पर ध्यान :** वजन कम करने के लिए काबोर्हाइड्रेट फूड को लेकर भी खास ध्यान देने की जरूरत होती है। बढ़ती उम्र में हमारे शरीर के लिए काबोर्हाइड्रेट फूड काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। इसके लिए हेल्दी कार्ब्स को ही अपनी डाइट में शामिल करें, ध्यान रहे आपको प्रोसेस्ड कार्ब्स का सेवन नहीं करना है। आप पनीर और दालों का सेवन कर सकते हैं।

❖ सिमरन सिंह

# कम समय में ऐसे करें माइंड को रिलैक्स ताकि दिमाग रहे फिट



ऑफिस में भी जब कार्य का प्रेशर बढ़ता है तो लोग चाय पीते हैं, किंतु आप दूध वाली चाय की बजाय हर्बल चाय का प्रयोग करें। हर्बल चाय-ग्रीन टी पीने से इसमें मौजूद तत्व आपके शरीर में विषाक्त पदार्थों को दूर करते हैं और आपके दिमाग को तत्काल राहत पहुंचाते हैं। आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य का दिमाग कब उलझ जाए, पता नहीं चलता! घर-परिवार हो, बिजनेस हो, अथवा समाज में रहने से सामने आने वाली समस्याएं हों, तमाम चीजों में दिमाग ही के सहारे तो हम चलते हैं। ऐसे में जब दिमाग ही उलझन और तनाव में रहेगा, तब अपने कार्य के परिणाम की हम सहज ही कल्पना कर सकते हैं।

वस्तुतः दिमाग का सही निर्णय लेने के लिए रिलैक्स होना जरूरी होता है। कल्पना कीजिए, अगर आपका दिमाग ही सही निर्णय ना ले पाए तो क्या स्थिति होगी? जाहिर तौर पर तमाम निर्णय गलत होंगे और गलत निर्णय से न केवल हमारी जिन्दगी असफल होने की ओर बढ़ेगी, वरन हमारा आत्मविश्वास भी बिखर जायेगा। इसके अलावा आप यह भी जान लीजिए कि दिमाग जब तनाव में रहता है तो कॉर्टिसोल नामक हार्मोन की उत्पत्ति होती है, जो आपके दिमाग के लिए बेहद नुकसानदायक है।

## हर्बल चाय अथवा च्युइंग गम का करें इस्तेमाल

जी हां! अक्सर जब व्यक्ति तनाव में होता है, तो चाय की चुस्कियां लेता है। तमाम लोगों को आपने देखा भी होगा। ऑफिस में भी जब कार्य का प्रेशर बढ़ता है तो लोग चाय पीते हैं, किंतु आप दूध वाली चाय की बजाय हर्बल चाय का प्रयोग करें। हर्बल चाय-ग्रीन टी पीने से इसमें मौजूद तत्व आपके शरीर में विषाक्त पदार्थों को दूर करते हैं और आपके दिमाग को तत्काल राहत पहुंचाते हैं।

वैसे अगर आप चाय नहीं पीते हैं तो फिर आप च्यूइंग गम का प्रयोग करें। इससे आपका कॉर्टिसोल हार्मोन का लेवल निश्चित रूप से कम होगा। हालांकि इसे बहुत अधिक देर तक नहीं चबाना चाहिए और कुछ मिनटों के बाद मुंह को रिलैक्स छोड़ना चाहिए।

**स्ट्रैचिंग व मसाज :** जी हां! अगर आपका दिमाग तनाव में है, तो मसाज आपको तत्काल राहत पहुंचा सकता है। इसी प्रकार से स्ट्रैचिंग भी आपको मदद कर सकती है। स्ट्रैचिंग आप कुर्सी पर या फिर बेड पर भी कर सकते हैं और इससे आपकी मसल्स को काफी राहत मिलती है।

**योगा :** जी हां! योगा ना केवल भारत में, बल्कि संपूर्ण विश्व में तन और मन को शांत- रिलैक्स रखने में मददगार साबित हो रहा है। अब तो तमाम कंपनियां कारपोरेट योगा के लिए विशेष ट्रेनर भी हायर कर रही हैं।

इसके लिए कोई आवश्यक नहीं है कि सुबह या शाम को ही आप योगा करें, बल्कि जब आप दिमाग को तुरंत रिस्क रिलैक्स करना चाहते हैं तो योगा का सहारा अवश्य लें। इसमें ध्यान, प्राणायाम इत्यादि पद्धतियों को शामिल कर सकते हैं।

**एकांत में टहलें / धूप लें :** जी हां! अगर आपको किसी एनवायरनमेंट से तनाव होता है, तो तत्काल पांच से 10 मिनट की वाक लें। यह वाक आप अकेले करें, तो ज्यादा बेहतर रहेगा। धूप भी इसमें आपकी काफी मदद करती है और आपके दिमाग को शांत रखती है।

**जूस पीयें / डार्क चॉकलेट लें :** जूस पीने से भी आपके दिमाग की तरंगें तत्काल रिलैक्स होती हैं। खासकर खट्टे फलों का, जिनमें मौसमी, संतरा, अनन्नास इत्यादि शामिल है, वह आपके दिमाग को तत्काल रिलेक्स करता है। इसी प्रकार डार्क चॉकलेट खाने से भी आपके तनावपूर्ण दिमाग में कार्टिसोल हार्मोन का लेवल कम होता है।

**अपना म्यूजिक कलेक्शन सुनें :** गानों की असीमित मौजूदगी में अपने लिए कुछ गाने अवश्य सेलेक्ट करें, जो आपको सुकून पहुंचाते हैं। तनाव के पलों में आंख बंद करके कुछ मिनट उन गानों को सुनने से आपका तनाव तुरंत रफूचक्कर हो जाएगा।

सच कहा जाए तो दिमाग से ही हमारा पूरा शरीर और हमारा व्यवहार नियंत्रित होता है, इसलिए दिमाग को अत्यधिक उलझन वाली परिस्थितियों में डालने से आपको अवश्य ही बचना चाहिए और उपरोक्त रिलैक्सेशन के उपायों को आजमाना चाहिए।

❖ मिथिलेश कुमार सिंह



# फेफड़ों को नेचुरली साफ करने के लिए अपनायें ये उपाय

वायु प्रदूषण, सिगरेट के धुएं और अन्य विषाक्त पदार्थों में साँस लेने से फेफड़ों को नुकसान हो सकता है और यहां तक कि कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए, शरीर के बाकी हिस्सों को स्वस्थ रखने के लिए फेफड़ों का स्वास्थ्य बनाए रखना आवश्यक है।

हमारे फेफड़े हमारे लिए बहुत कुछ करते हैं। भले ही हम में से अधिकांश लोग अपने शरीर के इस अंग के बारे में नहीं सोचते, लेकिन हमें वास्तव में इसका ख्याल रखना चाहिए। दरअसल, वायु प्रदूषण, सिगरेट के धुएं और अन्य विषाक्त पदार्थों में साँस लेने से फेफड़ों को नुकसान हो सकता है और यहां तक कि कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए, शरीर के बाकी हिस्सों को स्वस्थ रखने के लिए फेफड़ों का स्वास्थ्य बनाए रखना आवश्यक है। वैसे तो फेफडे. सेल्फ क्लीनिंग करते हैं, लेकिन फिर भी हम कुछ ऐसा कर सकते हैं, जिससे उन्हें बेहतर तरीके से काम करने में मदद मिल सके। ऐसे कई तरीके हैं, जिनकी मदद से आप फेफड़ों को नेचुरली साफ कर सकते हैं।

**स्टीम थेरेपी :** हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, फेफड़ों को नेचुरली क्लीन करने में स्टीम थेरेपी बेहद ही प्रभावशाली तरीके से काम करती है। यह आपके वायुमार्ग को खोलने और फेफड़ों के बलगम को बाहर निकालने में मदद करती है, जिससे आपके फेफड़ों की सफाई होती है।

**एयर प्यूरिफायर का करें इस्तेमाल :** हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि अगर आप अपने फेफड़ों की सफाई करना चाहते हैं तो इसके लिए आप सबसे पहले अपने घर की एयर क्वालिटी पर ध्यान दें। आप अपने घर में हवा की गुणवत्ता में सुधार करके अपने फेफड़ों को साफ करने की शुरूआत कर सकते हैं। इसके लिए आप एयर प्यूरिफायर खरीदें और उसे अपने घर में रखें।

**ब्रीदिंग एक्सरसाइज का लें सहारा :** यह भी फेफड़ों की क्लीनिंग का एक अच्छा तरीका है। आप कुछ ब्रीदिंग एक्सरसाइज के जरिए अपने फेफड़ों के कार्य में सुधार कर सकते हैं। खासकर अगर आप धूम्रपान करते हैं या फिर आपको फेफड़ों से संबंधित कोई बीमारी है। तो यह ब्रीदिंग एक्सरसाइज यकीनन आपके फेफड़ों की क्लीनिंग करके उसकी कार्यक्षमता में सुधार करेंगी।

**ग्रीन टी का करें सेवन :** आपको शायद पता ना हो लेकिन ग्रीन टी आपके फेफड़ों के लिए बेहद लाभदायक है। दरअसल, ग्रीन टी में कई एंटीऑक्सिडेंट होते हैं जो फेफड़ों में सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं। इन यौगिकों से फेफड़े के ऊतकों को धुएं के संक्रमण के हानिकारक प्रभावों से भी बचाया जा सकता है।

❖ मिताली जैन

# क्विनोआ खाने से मिलते हैं ये गजब के फायदे

क्विनोआ में उचित मात्रा में आयरन होता है। आयरन हमारे लाल रक्त कोशिकाओं के लिए आवश्यक है जो हीमोग्लोबिन के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। आयरन, ऑक्सीजन को कोशिकाओं तक पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाता है।

जब भी हेल्थ फूड की बात होती है तो क्विनोआ का नाम जरूर लिया जाता है। पिछले कुछ समय से यह बेहद पॉपुलर हुआ है। प्रोटीन से पैक यह क्विनोआ ग्लूटन फ्री होता है। इसकी पौष्टिकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह उन कुछ प्लांट फूड्स में से एक है, जिसमें पर्याप्त मात्रा में सभी नौ आवश्यक अमीनो एसिड होते हैं। यह फाइबर, मैग्नीशियम, बी विटामिन, लोहा, पोटेशियम, कैल्शियम, फास्फोरस, विटामिन ई युक्त है। इसके अलावा इसमें एंटीऑक्सिडेंट्स भी उच्च मात्रा में पाए जाते हैं। आप इसे अपनी स्मूदी से लेकर सलाद तक में शामिल कर सकते हैं।

**आयरन से भरपूर :** हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि क्विनोआ में उचित मात्रा में आयरन होता है। आयरन हमारे लाल रक्त कोशिकाओं के लिए आवश्यक है जो हीमोग्लोबिन के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं। आयरन, ऑक्सीजन को कोशिकाओं तक पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभाता है। यह हमारी मांसपेशियों और मस्तिष्क को ऑक्सीजन की आपूर्ति भी करता है। इसलिए अगर आप एनीमिया की समस्या का सामना कर रहे हैं तो ऐसे में क्विनोआ को अपनी डाइट में शामिल करना यकीनन एक अच्छा विचार है।

**बेहतर पाचन तंत्र :** हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, क्विनोआ आपके पाचन तंत्र के लिए भी बेहद लाभकारी है। दरअसल, इसमें अधिकांश अन्य अनाजों की तुलना में लगभग दोगुना फाइबर होता है। जिसके कारण यह कब्ज व अन्य पेट संबंधी समस्याओं को दूर करने में सहायक है। साथ ही फाइबर दिल की बीमारियों और स्ट्रोक और उच्च रक्तचाप के जोखिम को कम करने में भी मदद करता है।

**वजन को करे नियंत्रित :** अगर आप हेल्दी और टेस्टी तरीके से अपने वजन को नियंत्रित करना चाहते हैं तो ऐसे में आपको क्विनोआ को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। दरअसल, इसमें फाइबर की अधिकता के कारण आपको लंबे समय तक पेट भरे होने का अहसास होता है। जिसके कारण आप ओवर ईटिंग से बच जाते हैं और अपने वजन पर नियंत्रण रख पाते हैं।

**दिल का रखे ख्याल :** हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि क्विनोआ आपके हृद्य के लिए भी उतना ही लाभकारी है। दरअसल, इसमें हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जो गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। क्विनोआ में ओलिक एसिड, एक मोनोसैचुरेटेड फैटी एसिड और अल्फा-लिनोलेनिक एसिड पाया जाता है। यह कॉम्बिनेशन रक्त में अस्वास्थ्यकर (एलडीएल) कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और सूजन से लड़ने में मदद कर सकता है।

# एक नहीं कई पोषक तत्वों से भरपूर है मुलेठी, इसे खाने के फायदे



भारतीय किचन में ऐसे कई मसाले मौजूद है जो स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होते हैं। ऐसी ही एक मसाला मुलेठी है। मुलेठी में कैल्शियम, एंटीऑक्सीडेंट्स, फैट, प्रोटीन काफी अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से कई बीमारियों से बचा जा सकता है।

**मुलेठी को चबाने के फायदे :** मुलेठी में कैल्शियम, एंटीबायोटिक, ग्लीसिर्रहिजिक एसिड, प्रोटीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह स्वाद में भी मीठी होती है। मुलेठी चबाने से गले से जुड़ी समस्याएं, हार्ट हैल्थ और खांसी की परेशानियों से भी राहत मिलती है।

**खांसी जुकाम करे दूर :** सर्दी में मौसम में गला खराब, जुकाम जैसी सम्सयाएं बहुत होती हैं। ऐसे में आप मुलेठी का सेवन कर सकते हैं। मुलेठी के टुकड़े को मुंह में रखकर चबाएं। इसके अलावा सूखी खांसी की समस्या होने पर आप मुलेठी का सेवन शहद के साथ करें। अगर आपको सर्दी-खांसी, जुकाम है तो आप मुलेठी के छोटे टुकड़ों को लेकर इसे चबाएं आपको समस्या से राहत मिलेगी।

**पाचन करेगी दुरुस्त :** आप मुलेठी का सेवन करके पाचन तंत्र को स्वस्थ रखेंगे। इसमें फ्लेवोनॉइड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो आपका पाचन तंत्र स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। मुलेठी चबाने से आपको अपच की समस्या से भी राहत मिलेगी।

**आंखों की समस्याओं से दिलवाए आराम :** मुलेठी में पाए जाने वाले औषधीय गुण आंखों से जुड़ी समस्याओं से राहत दिलवाने में मदद करते हैं। इसका सेवन करने से आंख में जलन कम होती है। इसके अलावा आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए भी आप मुलेठी का सेवन कर सकते हैं।

**गले के लिए होती है फायदेमंद :** यदि आपके गले में खराश, इरिटेशन और आवाज बैठ गई है तो आप मुलेठी चबा सकते हैं। इससे आपके गले को काफी आराम मिलेगा। गले की खराश दूर करने के लिए आप मुलठी के टुकड़े में शहद मिलाकर लगाएं। आपको समस्या से आराम मिलेगा।

**मुंह के छाले करे दूर :** आप मुंह के छाले की समस्या दूर करने के लिए मुलेठी का सेवन कर सकते हैं। मुलेठी की टुकड़ों को शहद में भिगोकर चबाएं। आपको समस्या से राहत मिलेगी। एक मुलेठी का छोटा सा टुकड़ा लें और उसे शहद में भिगो दें। कुछ देर तक इसे मुंह में रखकर चबाएं। आपको समस्या से काफी राहत मिलेगी।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मानसिक शान्ति रहेगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। आत्मसंयत रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**वृष राशि :** आज के दिन आपका रहन- सहन अव्यवस्थित रहेगा। आत्मविश्वास से लवरेज रहेंगे। किसी मित्र से धन की प्राप्ति हो सकती है। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**मिथुन राशि :** आज पठन-पाठन में रुचि रहेगी। नौकरी के लिए लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, परन्तु क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा के भाव रहेंगे।

**कर्क राशि :** आज कारोबार में भाइयों का सहयोग मिल सकता है। मन अशान्त रहेगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह राशि :** आज मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। परिश्रम भी अधिक रहेगा।

**कन्या राशि :** आज धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी।

**तुला राशि :** आज परिवार में आपसी वादविवाद से बचें,मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक राशि :** आज कुटुम्ब में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे। उपहार में वस्त्रों की प्राप्ति हो सकती है। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**धनु राशि :** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी आएगी। भवन सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति रहेगी।

**मकर राशि :** आज कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद होगी। अनियोजित खर्च से बढ़ेंगे। वाणी मधुर रहेगी। बौद्धिक कार्यों में परिश्रम अधिक रहेगा।

**कुंभ राशि :** आज किसी मित्र का आगमन भी हो सकता है,मानसिक शान्ति रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी। यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है। घर-परिवार में धार्मिक संगीत के कार्यक्रम हो सकते हैं।

**मीन राशि :** आज परिवार के साथ यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। दिनचर्या अव्यवस्थित हो सकती है। आत्मसंयत रहें। जीवनसाथी से नोंकझोंक हो सकती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने ट्वीट संदेश में कहा, उत्तराखंड दिवस पर 'देव भूमि' के निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए विकास के अनेक प्रतिमान स्थापित किए हैं। मेरी कामना है कि उत्तराखंड संस्कृति और पर्यावरण का संतुलन बनाते हुए विकास के पथ पर सदैव अग्रसर रहे। उपराष्ट्रपति ने ट्वीट संदेश में कहा, उत्तराखंड के लोगों को उनके राज्य स्थापना दिवस पर मेरी बधाई। 'देवभूमि' उत्तराखंड अपनी समृद्ध आध्यात्मिक विरासत, मनमोहक प्राकृतिक सुंदरता और विविध वन्य जीवन के लिए जाना जाता है। राज्य की प्रगति और समृद्धि और इसके लोगों की भलाई के लिए मेरी शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, उत्तराखंड के लोगों को स्थापना दिवस की बधाई। यह एक ऐसा राज्य है, जो प्रकृति और आध्यात्मिकता के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है। इस राज्य के लोग राष्ट्र निर्माण के कई क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान दे रहे हैं। कामना है कि उत्तराखंड आने वाले वर्षों में प्रगति करता रहे।

### यूक्रेन के राष्ट्रपति जी-20 शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की इंडोनेशिया के बाली में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। यह जानकारी बुधवार को यूक्रेन के सरकारी एजेंसी सुस्पिल्ने ने राष्ट्रपति के प्रवक्ता सर्गी निकिफोरोव के हवाले से दी। निकीफोरोव ने मंगलवार को कहा था कि निश्चित रूप से वोलोडिमिर जेलेंस्की जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे, बहुत अधिक संभावना है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की ऑनलाइन प्रारूप में इस शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। इंडोनेशिया के बाली में 15-16 नवंबर को होने वाले 17वें जी-20 शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय रिकवर टुगेदर, रिकवर स्ट्रॉन्गर होगा।

### एच.एस. धामी बने एसजीपीसी के प्रधान

**अमृतसर (एजेंसी)।** एसजीपीसी का चुनावों का फैसला आ गया है। अकाली दल द्वारा एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी एसजीपीसी के प्रधान ऐलान किया गया है। आपको बता दें एसजीपीसी के चुनावों में हरजिंदर सिंह धाम को 104 और बीबी जगीर कौर को 42 वोट मिलें हैं। चुनावों जीतने के बाद बीबी जगीर कौर ने एसजीपीसी प्रधान हरजिंदर धामी को बधाई दी है। हरजिंदर सिंह धामी दोबारा एसजीपीसी के प्रधान चुने गए हैं। इसके साथ ही सीनियर मीत प्रधान बलदेव सिंह कियामपुर, जुनियर मीत प्रधान अवतार सिंह रिया, जनरल सचिव गुरचरण ग्रेवाल को नियुक्त किया गया है।

सीमा की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने में सेना की भूमिका को रक्षा मंत्री ने सराहा, कहा

# आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह हमेशा तैयार रहे सेना

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली में चल रही आर्मी कमांडर्स कॉन्फ्रेंस के तीसरे दिन भारतीय सेना के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ बातचीत की। उन्हें सेना के शीर्ष नेतृत्व ने मौजूदा उभरती सुरक्षा और प्रशासनिक चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने देश के सबसे भरोसेमंद संगठनों में से एक भारतीय सेना के प्रति देश के नागरिकों के विश्वास को दोहराया। उन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने के अलावा जरूरत पड़ने पर नागरिक प्रशासन को सहायता देने में सेना की भूमिकाओं को सराहा। सेना के कमांडर राष्ट्र की सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए 06 नवम्बर से नई दिल्ली में इकठ्ठा हुए हैं। इस दौरान भारतीय सेना का शीर्ष नेतृत्व मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य और वर्तमान सुरक्षा तंत्र के लिए चुनौतियों के सभी पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श कर रहा है। इसी आधार पर भारतीय सेना के लिए भविष्य की रूपरेखा



तय की जानी है। इसके अलावा सम्मेलन में संगठनात्मक पुनर्गठन, रसद, प्रशासन, मानव संसाधन प्रबंधन, स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को शामिल करने से संबंधित मुद्दों पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

इसी क्रम में सम्मेलन के तीसरे दिन बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ बातचीत की। उन्हें भारतीय सेना की भविष्य के लिए जरूरतों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री ने देश के सबसे भरोसेमंद और प्रेरक संगठनों में से एक भारतीय सेना के प्रति नागरिकों के विश्वास को दोहराया। राजनाथ सिंह ने देश की सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने के अलावा नागरिक प्रशासन की सहायता करने में सेना की निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। रक्षा मंत्री ने उच्च स्तर की परिचालन तैयारियों और क्षमताओं के लिए रक्षा बलों की सराहना की, जिसका अनुभव उन्होंने हमेशा सीमावर्ती क्षेत्रों की अपनी यात्राओं के दौरान किया है।

उन्होंने प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों सहित नागरिक उद्योगों के सहयोग से विशिष्ट प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए सेना के प्रयासों और 'स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण' या 'आत्म-निर्भरता' के उद्देश्य की दिशा में प्रगति की भी सराहना की। रक्षा मंत्री ने सुरक्षा और राष्ट्रीय संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए उच्च परिचालन तत्परता बनाए रखने के लिए भारतीय सेना की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें भारतीय सेना और उसके नेतृत्व और पूर्ण विश्वास और भरोसा है। उन्होंने कहा कि सेना को किसी भी तरह की आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना चाहिए और इसके लिए संचालन तैयारियों को हमेशा पुख्ता तथा चौकस रखने की जरूरत है।

नोटबंदी के फैसले के खिलाफ याचिका

## सुप्रीम कोर्ट ने 24 नवंबर तक स्थगित की सुनवाई

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने 500 रुपये और 1000 रुपये मूल्य के नोटों को चलन से बाहर करने के केंद्र सरकार के 2016 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई बुधवार को 24 नवंबर तक स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति एस ए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने सुनवाई स्थगित की। इससे पहले अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमानी ने मामले में समग्र हलफनामा दायर करने के लिए समय मांगा था।

पीठ में न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना, न्यायमूर्ति वी रामसुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना भी शामिल रहे। वेंकटरमानी ने संपूर्ण हलफनामा तैयार नहीं कर पाने के लिए खेद जताया और एक सप्ताह का समय मांगा। याचिकाकर्ता विवेक नारायण शर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि संविधान पीठ से सुनवाई स्थगित करने के लिए कहना बहुत असामान्य बात है। एक पक्षकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी



चिदंबरम ने कहा कि यह असहज करने वाली स्थिति है।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि सामान्य रूप से संविधान पीठ इस तरह काम नहीं करती और यह बहुत असहज करने वाला है। शीर्ष अदालत ने केंद्र को हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया। पीठ केंद्र के 8 नवंबर, 2016 के नोटबंदी करने के फैसले को चुनौती देने वाली 58 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। गौरतलब है कि 16 दिसंबर, 2016 को तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश टी एस ठाकुर की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र सरकार के फैसले की वैधता और अन्य संबंधित विषयों को आधिकारिक निर्णय के लिए पांच न्यायाधीशों की बड़ी पीठ को भेजा था।

## अमेरिकी राज्य मैरीलैंड की लेफ्टिनेंट गवर्नर बनी भारतीय मूल की अरुणा मिलर

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय मूल की अरुणा मिलर अमेरिकी राज्य मैरीलैंड की लेफ्टिनेंट गवर्नर बन गयी हैं। वे इस पद पर पहुंचने वाली पहली प्रवासी महिला हैं। मिलर हाउस ऑफ डेलीगेट्स की सदस्य रह चुकी हैं। अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों की राजनीतिक पकड़ लगातार मजबूत हो रही है। हाल ही में हुए अमेरिकी राज्य मैरीलैंड के चुनाव में लेफ्टिनेंट गवर्नर के पद पर भारतीय मूल की अरुणा मिलर ने जीत हासिल की है। वे गवर्नर हाउस पहुंचने वाली पहली प्रवासी महिला



बन गई हैं। मैरीलैंड के चुनाव नतीजे आने के बाद अरुणा मिलर ने ट्वीट कर कहा कि उनके अभियान में सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए पूरे समाज और उनके समुदाय ने उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वे अपने समर्थकों की प्रतिबद्धता और समर्थन के लिए शब्दों में आभार व्यक्त नहीं कर सकतीं। मूल रूप से भारत के हैदराबाद की निवासी अरुणा 1972 में सात वर्ष की आयु में भारत से अमेरिका पहुंची थीं। अरुणा ने 1989 में मिसौरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियिरिंग में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। वे मॉन्टगोमरी काउंटी के परिवहन विभाग में 25 वर्षों तक काम कर चुकी हैं। वर्ष 2010 से 2018 तक वे मैरीलैंड हाउस ऑफ डेलीगेट्स की सदस्य रहीं। तीन बेटियों की मां अरुणा के पति डेव मिलर हैं।

### बद्रीनाथ धाम के कपाट 19 नवंबर को होंगे बंद

**जोशीमठ (एजेंसी)।** श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 19 नवंबर को अपराह्न 3 बजकर 35 मिनट पर शीतकाल के लिए बन्द होंगें। कपाट बन्द किए जाने से पूर्व पंच पूजाओं के तहत 15 नवंबर से पूजाएं प्रारम्भ होंगीं। धर्माधिकारी आचार्य राधाकृष्ण थपलियाल के अनुसार 15 नवंबर को भगवान गणेश की पूजा के उपरांत कपाट बन्द होंगे। 16 नवंबर को आदिकेदारेश्वर मंदिर में अन्नकूट पूजा के बाद आदिकेदारेश्वर मंदिर के कपाट बन्द किए जाएंगे। 17 नवंबर को खडक पुस्तक का पूजन होगा। इस दिन से बदरीनाथ धाम मे वेद ऋचाओं का वाचन बन्द होगा। 18 नवंबर को अभिजीत मुहूर्त मे माता लक्ष्मी का आवाहन व पूजन होगा और 19 नवंबर को प्रातः अभिषेक के उपरांत भगवान बद्रीविशाल का पुष्प श्रृंगार होगा।

## अकेलापन के कारण लोगों में कट्टरता बढ़ी है

**-आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** शिकागो विश्वविद्यालय के सोशल न्यूरोसाइंटिस्ट जॉन कैसियोप्पो द्वारा अकेलेपन पर किये गये शोध परिणाम कि किसी तरह का खतरा नहीं होने के बाद भी अकेले रहने से व्यक्ति का मस्तिष्क शरीर को खतरे के सिग्नल भेजने लगता है। जिसके कारण शरीर इस प्रकार के हार्मोन छोड़ने लगता है, जिससे तनाव बढ़ता है, हृदय की धड़कन तेज हो जाती है, नींद नहीं आती है। इससे मौत का खतरा बढ़ जाता है। लंबे समय तक अकेले रहने वाले लोग अन्य लोग के साथ

■ कोरोना में विश्व भर में लोगों को लंबे समय तक अकेलेपन में रहना पड़ा

रहना अच्छा नहीं लगने लगता है। जिसके चलते उनमें कट्टरता बढ़ जाती है। कोरोना में विश्व भर में लोगों को लंबे समय तक अकेलेपन में रहना पड़ा। जिससे वे समाज से कटे। आर्थिक ,मानसिक व अन्य तरह की परेशानियां आईं। परिवार के लोगों सहित तमाम परिजनों व प्रियजनों की कोरोना के चलते मौत हो गई। इससे भी लोगों में अकेलापन, असहायपन पढ़ा। जिससे उनमें कट्टरता, उग्रता बढ़ी।

मनोविज्ञान के शोध में सामने आया है कि नव उदारवाद लोगों में एक तरह के सामाजिक अलगाव, प्रतिस्पर्द्धा और अकेलेपन को बढ़ावा दे रहा है। जिससे लोग अपने जड़ों से उखड़ने लगे हैं। अपने समाज से कटने लगे हैं। वह स्वयं अपनी सोच से अलग होने लगा है। और इससे व्यक्ति कट्टर होने लगा है। ऐसे में उसे सर्व शक्तिमान अच्छा लगने लगता है। जिसके चलते वह किसी भी कट्टर विचारधारा से आसानी से प्रेरित होने लगता है।

### उत्तर, दक्षिण की संस्कृतियों का सम्मिलन होगा, काशी तमिल संगम में

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर भारत की आर्य एवं दक्षिण भारत की द्रविड़ संस्कृतियों के सम्मिलन एवं परस्पर समझ विकसित करने के लिए से वाराणसी में काशी तमिल संगम का आयोजन किया जा रहा है। मध्य नवंबर से दिसंबर अंत तक डेढ़ माह तक चलने वाले इस कार्यक्रम में तमिलनाडु एवं अन्य दक्षिणी राज्यों से करीब दो हजार विद्यार्थियों एवं अन्य विद्वानों को अलग-अलग समूहों में वाराणसी आमंत्रित किया गया है। भारतीय रेलवे को उन्हें वाराणसी लाने एवं वापस ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। सूत्रों के अनुसार वाराणसी में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय और अन्य प्रमुख संस्थानों में 9-10 दिनों के करीब पांच सत्रों का आयोजन किया जाएगा। हर सत्र में लगभग 400 विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। शास्त्रीय तमिल एवं संस्कृत भाषाओं में साम्यता, रीति रिवाजों, धार्मिक एवं आध्यात्मिक आस्थाओं परंपराओं, सामाजिक मान्यताओं एवं परिवारिक विषयों पर एक दूसरे को जानने समझने का प्रयास किया जाएगा। इस पहल का आयोजन शिक्षा मंत्रालय के द्वारा किया जा रहा है। भविष्य में पूर्वोत्तर के लोगों एवं देश के अन्य हिस्सों के लोगों के बीच ऐसे ही सम्मिलनों का आयोजन किये जाने की योजना है।

## 102 दिन से जेल में बंद राऊत को मिली जमानत

**मुंबई (एजेंसी)।** गोरेगांव पत्राचाल घोटाला मामले में बुधवार को मुंबई की विशेष कोर्ट ने 102 दिन से जेल में बंद शिवसेना सांसद संजय राऊत को जमानत दे दी। हालांकि, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोर्ट के इस निर्णय का विरोध किया है, इसलिए मामले की सुनवाई शाम तक दोबारा की जाने वाली है। इसलिए संजय राऊत की आर्थर रोड से रिहाई आज शाम के सेशन के बाद ही तय होगी। ईडी ने 1,039 करोड़ रुपये के गोरेगांव पत्राचाल घोटाला मामले में प्रिवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज करके जांच शुरू की



थी। ईडी ने इस मामले में 31 जुलाई को संजय राउत को गिरफ्तार किया था। उनकी जमानत अर्जी पर मुंबई की विशेष कोर्ट के जज एमजी देशपांडे ने पिछली सुनवाई में ही निर्णय सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने आज संजय राऊत को दो लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत देने का निर्णय सुनाया। साथ ही कोर्ट ने इसी मामले में आरोपित प्रवीण राऊत को भी जमानत दे दी। कोर्ट में उपस्थित ईडी के वकील ने संजय राऊत की जमानत का विरोध करते हुए आदेश स्थगित करने अथवा हाईकोर्ट में जाने के लिए समय देने की मांग की। कोर्ट ने ईडी के वकील की मांग पर फिर से दूसरे सेशन में सुनवाई किए जाने का आश्वासन दिया है। आज बड़ी संख्या में शिवसेना के कार्यकर्ता कोर्ट में जमा हुए थे। कोर्ट में जैसे ही संजय राऊत की जमानत का फैसला सुनाया गया, शिवसैनिकों की भारी भीड़ ने शोरगुल शुरू कर दिया, जिस पर एमजी देशपांडे ने नाराजगी भी जताई।

## नेपाल में 6.6 तीव्रता की भूकंप से छह की मौत

**काठमांडू (एजेंसी)।** पश्चिम नेपाल में बुधवार तड़के आए 6.6 तीव्रता के भूकंप में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। राष्ट्रीय भूकम्प विज्ञान केन्द्र के अनुसार अनुसार मध्यरात्रि के बाद 2:12 बजे, 6.6 तीव्रता का भूकंप आया और इसका केंद्र खापताद नेशनल पार्क था। काठमांडू पोस्ट के अनुसार डोटी में जिला पुलिस कार्यालय में कार्यवाहक प्रमुख पुलिस उपाधीक्षक भोला भट्टा ने बताया कि पुरीचौकी ग्रामीण नगर पालिका के गैरा गांव निवासी छह लोगों की मौत हो गयी जिसमें एक 8 वर्षीय लड़का, एक 13 वर्षीय लड़की, दो 14 वर्षीय लड़कियां, 40 वर्षीय महिला और 50 वर्षीय एक पुरुष शामिल हैं। श्री भट्टा ने बताया कि भूकंप के दौरान क्षतिग्रस्त हुए घर के मलबे में दबने से इन सभी पीड़ितों की मौत हो गई। काठमांडू पोस्ट ने बताया कि काठमांडू और भारत के कुछ हिस्सों में हल्के झटके महसूस किए गए। भूकंप ने जिले के दर्जनों अन्य घरों को भी नुकसान पहुंचाया है। उनके मुताबिक पांचों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है। भारत के दिल्ली एनसीआर और गाजियाबाद और गुरुग्राम के आसपास के इलाकों में भी झटके महसूस किए गए।

## जापान की मेजबानी में शुरू हुआ क्वाड देशों का नौसैनिक अभ्यास मालाबार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** चीन को हमेशा से परेशान करने वाला क्वाड समूह के देशों का बहुपक्षीय नौसैनिक

■ भारत के युद्धपोत शिवालिक और कमोर्टा, पी-8आई विमान समुद्री युद्धाभ्यास में दिखाएंगे ताकत
■ उद्घाटन समारोह में शामिल हुए भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के नौसैन्य अधिकारी

अभ्यास मालाबार बुधवार को जापान के योकोसुका में भव्य समारोह के साथ शुरू हो गया। जापान की मेजबानी में



इस सालाना नौसैन्य अभ्यास में हिस्सा लेने के लिए भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत आईएनएस शिवालिक और कमोर्टा जापान में हैं। भारत के पी-8आई टोही विमान भी समुद्री युद्धाभ्यास में हिस्सा लेंगे।

क्वाड्रीलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (क्यूयूएडी-क्वाड) समूह के चार देशों के इस संयुक्त अभ्यास को हिंद-प्रशांत में चीन की बढ़ती नौसैनिक शक्ति के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा कवच के रूप में देखा जा रहा है। जापान समुद्री आत्मरक्षा बल (जेएमएसडीएफ) की ओर से प्रमुख जहाज जेएस ह्यूगा पर एक उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में भारत, जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। भारतीय नौसेना की ईस्टर्न फ्लीट के कमांडर रियर एडमिरल संजय भल्ला ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसमें आईएनएस शिवालिक और कामोर्टा के चालक दल शामिल थे। जापानी नौसेना के कमांडर इन चीफ वाइस एडमिरल युसा हिदेकी, यूएस नेवी सेवेंथ फ्लीट के कमांडर वाइस एडमिरल कार्ल थॉमस और ऑस्ट्रेलियन फ्लीट के कमांडर रियर एडमिरल जोनाथन अर्ली ने भी अपनी-अपनी नौसेनाओं के कर्मियों के साथ समारोह में भाग लिया। चारों देशों के साथ मालाबार अभ्यास का यह 26वां संस्करण नवंबर तक होगा। भारतीय नौसेना के दो युद्धपोत आईएनएस शिवालिक और कमोर्टा 02 नवम्बर को ही जापान पहुंच गए थे। भारत के पी-8आई समुद्री टोही विमान भी मालाबार युद्धाभ्यास में हिस्सा लेंगे। इस साल मालाबार एक्सरसाइज का मुख्य उद्देश्य एंटी-सबमरीन वॉरफेयर ड्रिल है। भारत के इन दोनों जहाजों ने 06 नवम्बर को जापानी अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू (आईएफआर) में भी भाग लेकर अपनी ताकत का प्रदर्शन कर चुके हैं। भारतीय नौसेना के बैंड और मार्चिंग दल ने अन्य नौसेनाओं के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया।



## पृष्ठ एक के शेष

**पर्यटन को बढ़ावा.........**
मसलिया- रानीश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना को जमीन पर उतारने का संकल्प लिया है, ताकि खेतों को सालों भर पानी मिल सके। इससे पूरे इलाके का समग्र विकास होगा।

**आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यकों को बना रहे सशक्त :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पूरी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ काम कर रही है । राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और उपेक्षित वर्ग को सशक्त बनाने के लिये शिक्षा, रोजगार और आजीविका समेत कई क्षेत्रों में कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं का लाभ देकर इन वर्गों के लोगों को सशक्त स्वावलंबी और आगे बढ़ने के मौके मिल रहे हैं।

**अधिकारी आपके गांव घर जाकर आपको मान सम्मान के साथ दे रहे हक और अधिकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि 'आपकी योजना- आपकी सरकार - आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत पदाधिकारी आपके घर -गांव पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। वे पूरे मान -सम्मान के साथ आपको आपका हक और अधिकार दे रहे हैं। इस योजना की सफलता का आकलन इसी बात से लगायाजा सकता है कि पिछले वर्ष इस कार्यक्रम के तहत मिले 35 लाख से ज्यादा आवेदनों का लगभग निष्पादन हो चुका है । वहीं, इस वर्ष इस कार्यक्रम में अबतक 39 लाख से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं। इनके निपटारे की प्रक्रिया पूरे जोर-शोर से चल रही है । इस योजना को लेकर पूरे झारखंड में हर्ष और उल्लास का वातावरण देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम और सत्यानंद भोक्ता , विधायक स्टीफन मरांडी, नलिन सोरेन, सीता सोरेन, बसंत सोरेन और दिनेश विलियम मरांडी, जिला परिषद अध्यक्षा जॉयस बेसरा, दुमका जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे , सचिव प्रशांत कुमार और जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

**पाकुड़ की जनता को जूट उत्पादन...**
कहा कि ग्रामीण, बुढ़े-बुजुर्ग किसान जो पहले ब्लॉक का चक्कर लगाकर थक जाते थे, आज पदाधिकारी उनके गांव जाकर उन्हें सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कराने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी सरकार आपके द्वार में 8 लाख आवेदन आवास से संबंधित प्राप्त हुए थे। इस हेतु केंद्र सरकार से स्वीकृति के लिए आवेदन भेजा गया था, जिसकी अभी तक कोई स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अगर राज्य का 13 सौ करोड़ रुपए का बकाया दे देती, तो आज राज्य में किसी को आवास के लिए सोचना नहीं पड़ता।

**पाकुड़ की जनता को जूट उद्योग से जोड़ने की तैयारी :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि मंत्री आलमगीर आलम ने मुझे पाकुड़ क्षेत्र में जूट उत्पादन को लेकर अपार संभावना की ओर ध्यान आकृष्ट किया है। इस ओर सरकार पहले से ही काम कर रही है और जूट उत्पादन के क्षेत्र में एक बड़ी परियोजना तैयार कर यहां की जनता को समर्पित करने का काम किया जाएगा, जिससे यहां के ग्रामीणों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाया जा सके।

**हुनर अभियान से ग्रामीण महिलाओं को बनाया जा रहा सशक्त :** कर्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाए गए थे, जहाँ पदाधिकारियों द्वारा लोगों को जनकल्याकारी योजनओं से लाभान्वित कराया गया। इस अवसर पर पाकुड़ जिला प्रशासन द्वारा चलाये जाने वाले हुनर अभियान के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस अभियान के तहत गांव की 1000 महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें स्वावलंबी बनाने का काम किया जाएगा, जिससे उन्हें सशक्त एवं सक्षम बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जिला प्रशासन की स्मारिका पाकुड़ 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' का विमोचन भी किया। जिला प्रशासन द्वारा यहाँ के स्थानीय कलाकार विनय घोष द्वारा बनाई गई मुख्यमंत्री एवं उनकी पत्नी की पेंटिंग से मुख्यमंत्री को सम्मानित किया गया।

**विभिन्न योजनाओं का हुआ शिलान्यास एवं उद्घाटन :** कार्यक्रम में मख्यमंत्री ने कुल 545.074 करोड़ रुपए लागत की 27 योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें खुशहाल बचपन कार्यक्रम के तहत 51 आंगनबाड़ी केंद्र, विभिन्न सड़कों पर उच्चस्तरीय पुल, ग्रामीण जलापूर्ति योजना, सहकारिता भवन एवं गोदाम, सड़कों का निर्माण एवं चेक डैम निर्माण जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। वहीं 21.003 करोड़ रुपए की 42 योजनाओं का उद्घाटन किया, जिसमें संस्कृति कला केंद्र भवन एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति छात्रावास की मरम्मत, सरकारी आवास का निर्माण, पुल-पुलिया, छठ-घाट,तालाबों का सौंदर्यीकरण, पीसीसी पथ, खुला जिम, साइंस एंड टेक्नोलॉजी की लैबोरेट्री का निर्माण एवं ग्रामीण पथों का सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वार कुल 53,946 लाभुकों के बीच 158.355 करोड़ रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंत्री संसदीय कार्य एवं ग्रामीण विकास विभाग आलमगीर आलम, मंत्री श्रम, रोजगार प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सत्यानंद भोक्ता, सदस्य झारखंड विधानसभा-सह-कार्यकारी अध्यक्ष 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति झारखंड स्टीफन मरांडी, सांसद विजय हांसदा, विधायक लिट्टीपाड़ा दिनेश विलियम मरांडी, जिला परिषद अध्यक्ष जूली हेम्ब्रम, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उपायुक्त पाकुड़ वरुण रंजन, पुलिस अधीक्षक हृदीप पी. जनार्दनन समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे।

**पुलिस पर पथराव व जमादार पर जानलेवा हमला...**
किया गया है। एसपी श्री रंजन ने बताया कि घटना में शामिल किसी भी उपद्रवी को बक्सा नहीं जाएगा, सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से संबंधितों की पहचान की गई है। उसी के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो कि सदर थाना क्षेत्र के चंगेर गांव के समीप मंगलवार के सुबह पिकअप वैन और मोटरसाइकिल की सीधी टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई थी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना के आलोक में सदर थाने के एएसआई शशिकांत ठाकुर दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच जख्मी युवकों को पुलिस वाहन से सदर अस्पताल भेज दिया। इसी बीच गांव के कुछ उपद्रवी पिकअप के चालक की पिटाई कर रहे थे, तो श्री ठाकुर भीड़ से निकाल कर चालक को पिकअप पर ही बैठाकर सदर थाना लेकर आने लगे। तभी गांव के कुछ युवकों ने भ्रम में फैला दिया, उसके बाद भीड़ उग्र हो गई और श्री ठाकुर को पकड़ कर अर्द्धनग्न कर पिटाई करने लगे। वहीं बचाव के लिए पहुंची पुलिस टीम ने हल्का बल प्रयोग किया, तो उपद्रवियों ने पथराव कर दिया और पांच पुलिस कर्मी घायल हो गए।

**झारखंड की शान हमेन्द्र सिंह धोनी ने...**
झारखंड टीम के मेंटॉर के रूप में भी काम किया है। धोनी क्रिकेटर के साथ अच्छे बिजनेसमैन और इन्वेस्टर भी हैं। धोनी ऑर्गेनिक खेती भी करते हैं। रांची में अपने खेत की उपज वे दुबई तक एक्सपोर्ट करते हैं। धोनी अब भी कई कंपनियों के ब्रांड एम्बेसडर हैं। उन्होंने खाता बुक एप के स्पॉन्सर होने के साथ इसमें निवेश भी किया है। इससे पहले भी धोनी 2017-18 में झारखंड में सबसे ज्यादा टैक्स देने वाले व्यक्ति रहे हैं। इस दौरान उन्होंने 12.17 करोड़ रुपये टैक्स दिया था। इससे पहले धोनी ने 2016-17 में 10.93 करोड़ रुपये टैक्स दिया था। उल्लेखनीय है कि उन्होंने वर्ष 2021-22 के लिए आयकर विभाग को बतौर 38 करोड़ रुपये का टैक्स चुकाया था यानी इस वर्ष उनकी कुल आय 130 करोड़ के आसपास रही। इसके पहले यानी वर्ष 2020-21 में उन्होंने 30 करोड़ के आसपास टैक्स चुकाया था। थोड़ा और पीछे जाएं तो वर्ष 2019-20 और 2018-19 में 28 करोड़ की राशि आयकर के तौर पर चुकायी थी। इनकम टैक्स के आंकड़ों के मुताबिक, 2017-18 में उन्होंने 12.17 करोड़ और 2016-17 में 10.93 करोड़ का टैक्स अदा किया था। आयकर विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, धोनी ने जबसे इंटरनेशनल क्रिकेट के करियर की शुरूआत की, तभी से लगातार झारखंड में व्यक्तिगत श्रेणी में सबसे बड़े आयकर दाता हैं। 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से बतौर प्लेयर दूरी बनाने के बावजूद धोनी बिजनेस की पिच पर भी शानदार पारी खेल रहे हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने कई कंपनियों में निवेश किया है। स्पोर्ट्स वेयर, होम इंटीरियर की कंपनी होमलेन, पुरानी कारों की खरीद-बिक्री करने वाली कंपनी कार्स 24, स्टार्टअप कंपनी खाताबुक, बाइक रेसिंग कंपनी, स्पोर्ट्स कंपनी रन एडम, क्रिकेट कोचिंग और ऑर्गेनिक फार्मिंग में भी उन्होंने निवेश किया है।

# हर घर आयुष कार्यक्रम के तहत झारखंड राज्य में आयुष चिकित्सा बढ़ेगा : डॉ.राजीव

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बुधवार को धुर्वा में डेयरी डायरेक्टरेट के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयुष उ.ल.ड पद पर बहाल चिकित्सकों का री ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें 167 नियुक्त चिकित्सक शामिल हुए. इस कार्यक्रम में डॉ राजीव कुमार (सदस्य आयुष एडवाइजरी कमिटी) के द्वारा मैनेजमेंट ऑफ आयुष ओपीडी एवं सभी चिकित्सकों को क्लिनिकल प्रैक्टिस किस तरह की जाए,किस तरह मरीजों का इलाज किया जाए,आयुष अस्पताल को किस तरह रखा जाए,आयुष सी.एच.ओ की क्या जिम्मावारियां होती है और आयुष पद्दति को कैसे आगे बढाया जाए इसके बारे में बताया गया और उन्हें प्रोत्साहित किया गया. साथ ही साथ हर घर आयुष और आयुष कनेक्ट जैसे कार्यक्रम को पूरे राज्य में चलाने के लिए सभी डॉक्टरों को ट्रेनिंग दी गई. आयुष निदेशक डॉ फज्सुल सम्मीजी आयुष के डॉक्टरों के क्या कर्तव्य हैं और उनकी क्या जवाबदेही है समाज के प्रति उसके बारे में उन्होंने उन लोगों को बताया कि ,प्रोजेक्टर कोऑर्डिनेटर राजीव कुमार जी ने सर्विस ऑफ आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के बारे में पूर्ण जानकारी डॉक्टरों को दी, राहुल कुमार जी नोडल ऑफि सर नेशनल आयुष मिशन ने सभी डॉक्टरों को रोल और रिस्पांसिबिलिटी ऑफ आयुष डॉक्टर के बारे में सारी जानकारियां दी नोडल अधिकारी-श्री दिवाकर चंद्र झा ने सभी डॉक्टरों को से, जिस ज़िले में वो पदस्थापित हैं उनके फीडबैक ली और सभी आयुष चिकित्सकों को डॉक्टर राजीव कुमार की तरफ से पूरे राज्य में नि शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया. इस कार्यक्रम में विमल केसरी, डॉक्टर अनुज मंडल जी की भी भागीदारी रही.

# सरना धर्म कोड की मांग के लिए झारखंड का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्र सरकार से सरना धर्म कोड की मांग के लिए झारखंड का प्रतिनिधिमंडल व सरना समुदाय के लोग बुधवार को रांची से दिल्ली रवाना हुए। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत ने कहा कि आदिवासी को उनके धर्म को पहचान न मिलना एक षड्यंत्र है। जब तक धर्म की आजादी नहीं मिलेगी संघर्ष जारी रहेगा। केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप ने बोले, पृथक धर्म कोड न मिलने से इसका खामियाजा आदिवासी समाज आज भी भुगत रहा है। दिल्ली जाने वालों में शशि उरांव, बबलू उरांव, राम उरांव, सुनील उरांव, अनूप किंडो, सलगी उरांव, सुनील पहान, महावीर उरांव, बसंत मुंडा, संगीता मुंडा, बाला सांगा, पुष्पा कच्छप आदि शामिल थे।

**11 व 12 नवंबर को होना है कार्यक्रम :** आदिवासियों के लिए जनगणना परिपत्र में पृथक सरना कोड जारी करने के लिए 11-12 नवंबर को दिल्ली में राष्ट्रस्तर पर कार्यक्रम होगा। 11 को भारतीय संविधान क्लब में प्रतिनिधि सभा दोपहर एक बजे होगी। अगले दिन सुबह 11 बजे से जंतर मंतर पर प्रदर्शन होगा। यह आयोजन राष्ट्रीय आदिवासी समाज सरना धर्म रक्षा अभियान के आह्वान पर हो रहा है। इसमें झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, गुजरात, यूपी, एमपी समेत अन्य राज्यों से लोग शामिल होंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री आदि को ज्ञापन सौंपा जाएगा। झारखंड से आंदोलन का नेतृत्व धर्मगुरु बंधन तिग्गा, डॉ करमा उरांव, रवि तिग्गा, नारायण उरांव कर रहे हैं।

# प्राकृतिक खेती में तकनीकी प्रबंधन पर प्रशिक्षण शुरू

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची में प्राकृतिक खेती में तकनीकी प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार को हुई। मुख्य अतिथि डीन एग्रीकल्चर डॉ एसके पाल ने इसकी शुरूआत करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती भारत की पौराणिक परंपरागत तकनीक है, जिसे वर्तमान जरूरत के अनुसार तकनीकी संसोधन के साथ बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस विषय पर शोध परिणाम की कमी है। उन्होंने भूमि की घटती उर्वरता व प्रदूषण और खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्राकृतिक खेती पर लंबी अवधि तक गहन शोध की जरूरत बताई। कहा कि प्राकृतिक खेती को धरातल में आगे बढ़ाने में आबादी के मुताबिक खाद्यान्न उत्पादन को बनाए रखने और टिकाऊ खेती पर विशेष ध्यान देना होगा।
वहीं, विशिष्ट अतिथि डीन वेटनरी डॉ सुशील प्रसाद ने प्राकृतिक खेती में पशुधन संसाधन की महत्ता पर बात की।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**

**तृतीय शुद्धि–पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/O&M/Medininagar-12/2022-23 (1st Call) का द्वितीय शुद्धि पत्र जो PR No. 281257 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| विवरण | पूर्व संशोधित प्रकाशित तिथि / समय | पुनः संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 09.11.2022 / 04.00 P.M. | 16.11.2022 / 04.00 P.M. |
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 18.11.2022 / 05.00 P.M. | 22.11.2022 / 05.00 P.M. |
| अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य जमा करने की तिथि एवं समय | 19.11.2022 / 05.00 P.M. | 23.11.2022 / 05.00 P.M. |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 21.11.2022 / 04.00 P.M. | 24.11.2022 / 04.00 P.M. |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR 281805 Drinking Water and Sanitation(22-23)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**द्वितीय शुद्धि पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **DWSD/Lohardaga/11/2022-23** (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR – 279852 Lohardaga (22-23).D है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है –

| क्र0 | | संशोधित |
|---|---|---|
| 5 | कार्य पूरा करने की अवधि | 21 months + 3 months (Trial and run for rectification of defects etc) |
| 6 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.11.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक। |
| 7 | प्री बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 17.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची |
| 8 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 21.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक |
| 9 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान | 22.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक<br>1. कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय में।<br>2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।<br>3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची के कार्यालय में। |
| 10 | निविदा के तकनीकी बीडों को खोलने की संभावित तिथि एवं समय | 23.11.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से। |

निविदा की शेष शर्त्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR281819 (Lohardaga)22-23*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**द्वितीय शुद्धि पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **DWSD/Lohardaga/13/2022-23** (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR – 280203 Lohardaga (22-23) :D है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है –

| क्र0 | | संशोधित |
|---|---|---|
| 6 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.11.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक। |
| 7 | प्री बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 18.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची |
| 8 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक |
| 9 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान | 23.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक<br>1. कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय में।<br>2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।<br>3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची के कार्यालय में। |
| 10 | निविदा के तकनीकी बीडों को खोलने की संभावित तिथि एवं समय | 25.11.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से। |

निविदा की शेष शर्त्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR 281821 (Lohardaga) 22-23 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा**
e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com

**द्वितीय शुद्धि पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा अंतर्गत प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या **DWSD/Lohardaga/12/2022-23** (प्रथम आमंत्रण), जिसका PR – 280201 Lohardaga (22-23) D है, में निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है –

| क्र0 | | संशोधित |
|---|---|---|
| 6 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.11.2022 को 3.30 बजे अपराह्न तक। |
| 7 | प्री बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 19.11.2022, समय 11:30 बजे पूर्वाह्न में अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यालय, नेपाल हाउस, रांची |
| 8 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 23.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक |
| 9 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं स्थान | 24.11.2022, 03:30 बजे अपराह्न तक<br>1. कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा के कार्यालय में।<br>2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।<br>3. क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, रांची प्रक्षेत्र, रांची के कार्यालय में। |
| 10 | निविदा के तकनीकी बीडों को खोलने की संभावित तिथि एवं समय | 26.11.2022 को 11.30 बजे पूर्वाह्न से। |

निविदा की शेष शर्त्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR 281820 Lohardaga(22-23)#D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय, लोहरदगा**

**INDIAN AIR FORCE : AGNIVEERVAYU**

**सूचना**

10 वायु सैनिक चयन केंद्र, वायु सेना स्टेशन, बिहटा, पटना (बिहार) के चयन अधिकारी BM Devda और Rakesh Malgotra से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय वायु सेना में अग्निपथ भर्ती योजना (Agnipath Recruitment Scheme) के अन्तर्गत अग्निवीर (वायु) 01 / 2023 की भर्त्ती के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो रहे है, जो 7 नवम्बर से 23 नवम्बर शाम 5:00 बजे तक चलेंगा। भारतीय वायुसेना पहली बार महिला अभ्यर्थियों को भी भर्त्ती करने जा रही है। वायु सेना में भर्त्ती होने की इच्छा रखने वाले वायु ऑफिशियल वेबसाइट **https://agnipathvayu.cdac.in** पर जाकर ऑनलाइन आवेदन दे सकते है।

जिला नियोजन पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 281801 Lohardaga(22-23).D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार**

**पी0 एम0 नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला नवम्बर 2022 से संबंधित सूचना**

सूचना संख्या :02, लातेहार, दिनांकः 09.11.2022

DGT पत्रांकः Computer No. 501376, दिनांकः 30.08.2022 एवं निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के पत्रांकः 615, दिनांकः 25.05.2022 तथा 1341, दिनांकः 21.10.2022 द्वारा जिला खेल स्टेडियम लातेहार के सामने दिनांकः 14.11.2022 को पी0एम0 नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजित किया जा रहा है।

अतः लातेहार जिले के 5वीं / 10वीं / इन्टर / स्नातक / आई0टी0आई0 तथा उच्चतर प्रशिक्षणार्थियों एवं लातेहार जिला अवस्थित सभी औद्योगिक इकाईयों से अनुरोध है कि www.apprenticeshipindia.gov.in पर apprenticeship mela page पर जाकर Trainees/ Establishment अपना –अपना रजिस्ट्रेशन करते हुए दिनांकः 14.11.2022 को पूर्वाह्न 10:00 बजे जिला खेल स्टेडियम लातेहार के सामने आयोजित मेला में भाग लेकर हमें अनुग्रहित करें।
नोटः मेला स्थल पर पंजीकरण 10:00 बजे से आरंभ होगा, कोविड के नियमों का पालन जरूरी है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार।
–सह– नोडल पदाधिकारी
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार।

PR 281807 (Labour Employment and Traning) 22-23 (D)

**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**

**सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, क्षेत्रान्तर्गत **नौका विहार (बोटिंग) बड़ा तालाब (विक्टोरिया तालाब)** का खुला डाक दिनांक–12.11.2022 को अपराह्न 03:30 बजे सें कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में किया जाएगा। इच्छुक डाकधारी आवेदन के साथ 48,000.00 का डीमाण्ड ड्राफ्ट, (कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा के नाम से देय होगा) आधार कार्ड, वोटर आई डी, अद्यतन होल्डिंग रसीद का छायाप्रति, आचरण प्रमाण–पत्र (अंचल / जिला स्तर से निर्गत) का छायाप्रति दिनांक– 12.11.2022 को अपराह्न 01:00 बजे तक जमा कर डाक में भाग ले सकते हैं।
नोटः– नियम एवं शर्ते नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं **https://udhd.jharkhand.gov.in** पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 281810 Lohardaga(22-23)#D

## न्यूज गैलरी

### फीफा वर्ल्ड कप : सबसे बड़े टूर्नामेंट में पहली बार महिलाएं निभाएंगी रेफरी की भूमिका



**टोक्यो (एजेंसी)।** जापान की रैफरी योशिमी यामाशिता उन तीन महिलाओं में शामिल हैं जिन्हें कतर में पुरुष फुटबॉल विश्व कप मुकाबलों में रैफरी की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट में पहली बार महिलाएं रैफरी की भूमिका में नजर आएंगी। फ्रांस की स्टेफनी फ्रेपार्ट और रवांडा की सलीमा मुकांसंगा भी रैफरी की भूमिका निभाएंगी। ये तीनों कतर विश्व कप के लिए चुने गए 36 रैफरी के पूल में हैं – बाकी सभी पुरुष हैं। फीफा ने 69 सहायक रैफरी का पूल भी बनाया है जिसमें भी तीन महिला सहायक रैफरी को नामित किया है। ये ब्राजील की नुजा बैक, मैक्सिको की करेन डियाज मेडिना और अमेरिका की कैथरीन नेस्बिट हैं।

### जावेद नूरुद्दीन शेख के बतौर अंपायर 150 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे, हॉकी इंडिया ने किया सम्मानित




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** जावेद नूरुद्दीन शेख ने मंगलवार को अपने प्रतिष्ठित करियर के 150वें अंतरराष्ट्रीय मैच में अंपायरिंग की और इस अवसर पर हॉकी इंडिया ने उन्हें सम्मानित किया। जावेद शेख ने यह उपलब्धि मलेशिया के इपोह में चल रहे सुल्तान अजलान शाह कप 2022 में एक मैच में अंपायरिंग करते हुए हासिल की। शेख पिछले 20 वर्षों से हॉकी की अंपायरिंग कर रहे हैं और हाल ही में उन्हें 10वीं हॉकी इंडिया कांग्रेस में हॉकी इंडिया के सर्वश्रेष्ठ अंपायर मैनेजर / अंपायर 2019-2020 पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वर्ष 2000 में उन्होंने बतौर अंपायर काम करना शुरू किया। उन्होंने 2002 में राष्ट्रीय अंपायर के रूप में कार्य करना शुरू किया, फिर उन्हें पोलैंड में 2003 के अंडर -21 आमंत्रण कप में अंतरराष्ट्रीय अंपायर के रूप में अंपायरिंग करने का मौका मिला। जावेद शेख, जो अब विश्व कप पैनल अंपायर के रूप में एफआईएच अधिकारियों की सूची में सूचीबद्ध है, ने पिछले दस वर्षों में महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। इनमें राष्ट्रमंडल खेल, एशियाई खेल और 2014 पुरुष विश्व कप शामिल हैं। उन्हें सबसे बड़ा काम तब मिला, जब उन्हें रियो में 2016 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में अंपायरिंग के लिए बुलाया गया। खेल की वैश्विक शासी निकाय अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने उन्हें 2018 में एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप, 2020 टोक्यो ओलंपिक और आगामी एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 भुवनेश्वर-राउरकेला के लिए अंपायर के रूप में भी नियुक्त किया है, जिसका आयोजन 13 जनवरी से 29 जनवरी 2023 तक होना है।

# इंग्लैंड को हमने उनके घर में हराया है, टी-20 सेमीफाइनल के लिए बढ़ेगा आत्मविश्वास : रोहित



**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को कहा कि उनकी टीम गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप सेमीफाइनल मुकाबले में जीत को लेकर आश्वस्त है। रोहित ने मैच की पूर्व संध्या आयोजित संवाददाता सम्मेलन कहा, "हम टी20 क्रिकेट की प्रकृति को जानते हैं लेकिन इंग्लैंड को इंग्लैंड में हराना एक चुनौती है और हमने उस पर काबू पा लिया और यह हमें टी20 विश्व कप में आत्मविश्वास देने वाला है।" कप्तान ने कहा कि सेमीफाइनल मुकाबला उनके लिए वह करने का अवसर है जिसके लिए वे यहां आए थे। रोहित ने कहा, "बिल्कुल यह हमारे लिए वह करने का अवसर है जो हम चाहते थे। हमने इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है और हम जो किया है, उस पर टिके रहने की जरूरत है।"भारतीय कप्तान ने नॉकआउट मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को गर्व के साथ खेलने की जरूरत है और यह याद रखना चाहिए कि एक खराब खेल किसी खिलाड़ी या टीम को परिभाषित नहीं करता है। रोहित ने कहा, "नॉकआउट खेल महत्वपूर्ण हैं। उस नॉकआउट गेम में अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी है लेकिन यह आपको किसी एक विशेष गेम में परिभाषित नहीं करता है। इसका एहसास होना बेहद जरूरी है। खिलाड़ियों के रूप में यह महत्वपूर्ण है कि हम खेलें और खुद पर गर्व करें। हमें परिणाम हासिल करने के लिए अच्छा खेलना होगा। अगर आप नॉकआउट मैचों में अच्छा करते हैं तो यह आपको आत्मविश्वास देता है। नॉकआउट में एक खराब खेल आपको सही मायने में परिभाषित नहीं कर सकता है।" गौरतलब है कि भारत ने इस साल की शुरूआत में जुलाई महीने में अपने इंग्लैंड दौरे पर तीन मैचों की टी-20क श्रृंखला में इंग्लैंड को 2-1 से हराया था। सूर्यकुमार यादव ने तीन पारियों में 200 से अधिक की अविश्वसनीय स्ट्राइक रेट के साथ 171 रन बनाए थे।

## टी-20 विश्व कप 2022 : भारत को लगा झटका, इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच से पहले विराट कोहली चोटिल



**इंग्लैंड** के खिलाफ टी20 विश्व कप के अहम सेमीफाइनल मैच से पहले भारत के लिए बुरी खबर है। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली एडिलेड ओवल में नेट्स प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हो गए। इस दौरान उनकी कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं जिसमें वह दर्द से करार्ते हुए नजर आए। हर्षल पटेल की एक गेंद ने कोहली की कमर में लगी और वह घुटनों के बल नीचे बैठ गए। इसके बाद उन्होंने हल्की कूद के साथ वार्मअप करना शुरू कर दिया। नेट्स पर मौजूद पत्रकारों ने बताया कि कोहली को जोरदार चोट लगी लेकिन कुछ मिनट बाद वह ठीक दिखे। ऐसा लगता है कि कोहली चोट के डर से उबर चुके हैं और बड़े सेमीफाइनल मुकाबले से पहले चिंता की कोई बात नहीं है।

### टी-20 विश्व कप 2022 का पहला सेमीफाइनल मैच

# पाक ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराया, फाइनल में बनाई जगह



**सिडनी (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप 2022 के पहला सेमीफाइनल मैच में पाकिस्तान ने 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। पाकिस्तान ने 153 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बाबर आजम (53) और मोहम्मद रिजवान (57) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 19.1 ओवर में मैच को अपने नाम करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

इससे पहले ग्रुप चरण में औसत प्रदर्शन के बाद किस्मत के सहारे सेमीफाइनल तक पहुंची पाकिस्तानी टीम के तेवर आज बिल्कुल बदले हुए थे। उसके गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया और क्षेत्ररक्षण भी काफी मुस्तैद था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का कीवी कप्तान केन विलियमसन का फैसला गलत साबित हो गया जब अफरीदी ने पहले ओवर में ही उन्हें करारा झटका दिया। फिन एलेन ने पहली गेंद पर अफरीदी को चौका जड़ा लेकिन अगली ही गेंद पर बल्लेबाज चकमा खा गया और मैदानी अंपायर ने उन्हें पगबाधा करार दिया। न्यूजीलैंड के रिव्यू लेने पर पता चला कि बल्ला गेंद पर लगा था और बल्लेबाज के पक्ष में फैसला गया। अगली ही गेंद पर हालांकि अफरीदी ने उसी अंदाज में फिन को पगबाधा आउट करके पाकिस्तान को शानदार शुरूआत दिलाई।

नये बल्लेबाज डेविड कोंवे ने अगले ओवर में नसीम शाह को दो चौके लगाकर न्यूजीलैंड पर से दबाव कम करने की कोशिश की। पहले बदलाव के तौर पर आये हारिस रऊफ ने अपने पहले ओवर में चार रन ही दिये। न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट छठे ओवर में गिरा जब क्रीज पर जमते दिख रहे डेवोन कोंवे तेजी से रन चुराने के प्रयास में रन आउट हो गए। अगले ओवर में ग्लेन फिलिप्स को मोहम्मद नवाज ने रिटर्न कैच लेकर पवेलियन भेजा। इस समय न्यूजीलैंड का स्कोर आठ ओवर में तीन विकेट पर 49 रन था। इसके बाद विलियमसन और मिशेल ने चौथे विकेट के लिये 50 गेंद में 68 रन की साझेदारी की।

विलियमसन ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए इक्के दुक्के रन लिये और ढीली गेंदों को नसीहत दी। दोनों ने 50 रन सिर्फ 36 गेंद में जोड़े लेकिन चौके छक्के बहुत मुश्किल से लगे। कीवी पारी में कुल दो ही छक्के लगे जिनमें से एक विलियमसन और एक मिशेल ने जड़ा। पूरी पारी में सिर्फ दस चौके लग सके। विलियमसन अर्धशतक से चार रन पीछे रह गए और 17वें ओवर में अफरीदी ने उन्हें बोल्ड किया। मिशेल और जेम्स नीशाम (नाबाद 16) ने 22 गेंद में 35 रन की साझेदारी की लेकिन आखिरी ओवरों में तेजी से नहीं खेल सके। न्यूजीलैंड ने आखिरी पांच ओवर में सिर्फ 46 रन बनाए।

### टी20आई रैंकिंग : वानिंदु हसरंगा पहले स्थान पर

## अर्शदीप ने भी हासिल की शानदार रैंकिंग



**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को ताजा टी20आई रैंकिंग जारी की, जिसमें भारतीय युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का जलवा देखने को मिला। वहीं श्रीलंका के स्पिन गेंदबाज वानिंदु हसरंगा ने टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में राशिद खान को पछाड़कर पहला स्थान हासिल कर लिया है। रैंकिंग के अनुसार हसरंगा 704 रेटिंग पॉइंट के साथ टी20 गेंदबाजों की सूची में पहले स्थान पर हैं, जबकि राशिद 698 पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर आ गए हैं। उल्लेखनीय है कि राशिद ने दो हफ्ते पहले ही ऑस्ट्रेलिया के जॉश हेजलवुड को पछाड़ कर शीर्ष स्थान काबिज किया था। हेजलवुड फिलहाल 690 अंकों के साथ तीसरे नंबर के टी20 गेंदबाज हैं। दूसरी ओर, भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव 869 रेटिंग पॉइंट के साथ नंबर एक टी20 बल्लेबाज बने हुए हैं। सूर्यकुमार टी20 विश्व कप के पांच मैचों में 190 के ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 225 रन बना चुके हैं।

वहीं अर्शदीप सिंह को टी20 विश्व कप 2022 में उनके लगातार प्रदर्शन के लिए आईसीसी टी20आई रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ 23वें स्थान पर है। सिंह अंतरराष्ट्रीय मंच पर डेब्यू करने के बाद से खेल के सबसे छोटे प्रारूप में भारत के सबसे लगातार शानदार प्रदर्शन करने वालों में से एक रहे हैं। भारत वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया में टी 20 विश्व कप के सेमीफाइनल में है और अर्शदीप के नाम पर 10 विकेट हैं। अर्शदीप अभी तक खेले 18 टी20आई मैचों में 29 विकेट ले चुके हैं।

# सविता एफआईएच नेशन्स कप में भारत की अगुवाई करेगी, नवजोत की टीम में वापसी



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने स्पेन के वालेंसिया में 11 से 17 दिसंबर तक खेले जाने वाले महिला एफआईएच नेशन्स कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए गोलकीपर सविता पूनिया की अगुवाई में बुधवार को 20 सदस्यीय टीम की घोषणा की। राष्ट्रमंडल खेलों के बाद बाहर होने वाली मिडफील्डर नवजोत की टीम में वापसी हुई है जबकि रक्षापंक्ति की खिलाड़ी दीप ग्रेस एक्का टीम की उप-कप्तान होंगी। एफआईएच महिला नेशन्स कप अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में एक अहम टूर्नामेंट है क्योंकि इसके चैंपियन को एफआईएच महिला प्रो लीग 2023-2024 सत्र का टिकट मिलेगा। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम पूल बी में चिली, जापान और दक्षिण अफ्रीका के साथ है, जबकि पूल ए में आयरलैंड, इटली, कोरिया और स्पेन की टीमें शामिल हैं। भारत टूर्नामेंट के पहले दिन चिली के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा।

अग्रिम पंक्ति की खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, जबकि अनुभवी नवजोत कौर की टीम में वापसी हुई है। नवजोत कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से बाहर हो गयी थी। टीम में रिजर्व गोलकीपर बिचू देवी खरीबाम भी शामिल हैं, जबकि ड्रैग-फ्लिकर गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता और इशिका चौधरी एक्का के साथ रक्षापंक्ति को मजबूत बनाएंगी। मिडफील्ड में निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू खरीबाम, मोनिका, नेहा, सोनिका, ज्योति और नवजोत कौर होंगी, जबकि अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी वंदना कटारिया, लालरेमसियामी, नवनीत कौर, संगीता कुमारी और डुंगडुंग के पास होगी। इस साल अगस्त में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम ने 2021-22 एफआईएच प्रो लीग में पहली बार भाग लेते हुए अर्जेंटीना और नीदरलैंड को पछाड़कर तीसरे स्थान पर रही थी।

भारतीय टीम की मुख्य को यानेक शॉपमैन ने हॉकी इंडिया से जारी बयान में कहा, मैं इस दल के सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। हमारे खेल का स्तर ऊंचा हो रहा है और यह समूह बहुत प्रतिस्पर्धी है। 20 खिलाड़ियों को चुनना मुश्किल था लेकिन मेरा मानना है कि इस टीम के पास खुद को साबित करने का अच्छा मौका है।'

# मैं व्यक्तिगत रूप से 2007 विश्व कप फाइनल की पुनरावृत्ति देखना चाहता हूं: निखिल चोपड़ा



**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में खेला जा रहा टी20 विश्व कप अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। टूर्नामेंट की टॉप- 4 टीमें कड़े संघर्ष के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहीं। अब प्रशंसकों को यह देखना है कि कौनसी दो टीमें अब फाइनल में जगह बनाएगी। टी20 विश्व कप का पहला सेमीफाइनल पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीज बुधवार हुआ, जिसमे पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को सात विकेट से हरा कर फाइनल में जगह बना ली। दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच आज खेला जाएगा। सेमीफाइनल में जो भी टीम बेहतर खेल का प्रदर्शन करेगी, वो फाइनल में पहुंच जाएगी, लेकिन पूर्व भारतीय क्रिकेटर निखिल चोपड़ा चाहते हैं कि टी20 विश्व 2007 की तरह एक बार फिर भारत और पाक आमने-सामने हों।

निखिल ने कहा, देखिए, मैं व्यक्तिगत रूप से 2007 विश्व कप फाइनल की पुनरावृत्ति देखना चाहता हूं। मेलबर्न की वो पिच, इंग्लैंड के खिलाफ भारत का मैच जीतना, पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को हराया तो मेलबर्न में मजा आएगा। आपको याद हो तो टीम इंडिया का पहला मैच पाकिस्तान के साथ 23 अक्टूबर को मेलबर्न में शुरू हुआ था और हमने परिणाम देखा कि भारत ने पाकिस्तान को हराया था।

निखिल ने आगे कहा,पाकिस्तान के खिलाफ इस फाइनल में 2007 के फाइनल को दोहराने के अलावा किसी अन्य पक्ष के साथ कोई बेहतर मजा नहीं होगा। फाइनल में भारत और पाकिस्तान का मैच मेरी राय के अनुसार देखना बहुत अच्छा होगा। क्योंकि एक बल का उसी प्रकृति के बल के साथ सबसे अच्छा सामना करता है और इसे देखने में मजा आता है।

गौरतलब है कि भारत और पाक का मुकाबला टी20 विश्व कप 2022 के सुपर-12 चरण में हो चुका है। इस मैच में भारत ने रोमांचक तरीके से पाकिस्तान को आखिरी गेंद पर 4 विकेट से मात दी थी। प्रशंसक एक बार फिर टूर्नामेंट में भारत-पाक की टक्कर देखना चाहते हैं।

# आईपीएल के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 23 दिसंबर को कोच्चि में

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 23 दिसंबर को कोच्चि में होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस नीलामी की मेजबानी की दौड़ में तुर्की का शहर इस्तांबुल, बेंगलुरु, नयी दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद भी शामिल थे लेकिन बीसीसीआई ने केरल के तटीय शहर को चुना।

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, लॉजिस्टिक जरूरतों और तारीखों को देखते हुए कोच्चि सबसे उपयुक्त विकल्प है। पिछली नीलामी के उलट आगामी सत्र के लिए खिलाड़ियों की कम संख्या में नीलामी होगी। आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी टीमों को पहले ही 15 नवंबर तक रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची सौंपने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही 2023 सत्र के लिए खिलाड़ियों पर खर्च करने वाली रकम को 90 से बढ़ाकर 95 करोड़ रुपये किए जाने की संभावना है।

## आईपीएल 2023 : नीलामी की तारीख आई सामने, पंजाब के पास बचा है सबसे ज्यादा पैसा



**अगले** साल के आईपीएल के लिए मिनी-नीलामी की तारीख सामने आ चुकी है। नीलामी 23 दिसंबर को कोच्चि में होने वाली है। यह खबर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण धूमल द्वारा लीग को दुनिया की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता बनाने की अपनी इच्छा प्रकट करने के एक दिन बाद आई है। भाग लेने वाली दस टीमों ने अगले साल के सीजन के लिए अपनी टीम तैयार करना शुरू कर दिया है। खिलाड़ियों को रिटेन व बनाए रखने की आखिरी तारीफ 15 नवंबर है। अब देखना यह बाकी है कि टीमें किन खिलाड़ियों के साथ बनी रहती हैं व किन्हें बाहर का रास्ता दिखाती हैं। नियम में एक बदलाव यह है कि फ्रेंचाइजी के पर्स में जो कुछ बचा है, उसके अलावा प्रत्येक टीम को खर्च करने के लिए अतिरिक्त 5 करोड़ मिलेगा। प्रति फ्रेंचाइजी का कुल बजट 90 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 95 करोड़ रुपये किए जाने की उम्मीद है। पिछले साल की नीलामी के बाद, पंजाब किंग्स के पास सबसे अधिक पैसा बचा था। उसके पास 3.45 करोड़ बचे थे, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स ने यह सब खर्च किया था। चेन्नई सुपर किंग्स के पास 2.95 करोड़ रुपए बचे थे, उसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पास 1.55 करोड़ रुपए, राजस्थान रॉयल्स के पास 0.95 करोड़ रुपए और कोलकाता नाइट राइडर्स के पास 0.45 करोड़ रुपए बचे थे। पिछले साल की चैंपियन गुजरात टाइटंस ने 0.15 करोड़ रुपए बचाए, जबकि तीन अन्य टीमों - मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स को 0.10 करोड़ रुपये बचे हैं। इससे पहले फरवरी में, आईपीएल की बड़ी नीलामी हुई थी, जिसमें 204 खिलाड़ी खरीदे गए थे। इसमें 107 कैप खिलाड़ी और 97 अनकैप्ड खिलाड़ी थे। निवेश की गई कुल राशि 551.7 करोड़ रुपये थी। 137 भारतीय और 67 विदेशी खिलाड़ी बिके थे।

